■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 36, अंक : 12
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, रविवार
8 जून 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1658:** औरंगजेब ने आगरा के किले पर कब्जा करने के बाद शाहजहां को कैद कर लिया गया।

**1936:** भारत की सरकारी रेडियो सेवा इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो कर दिया गया।

**1948:** देश की सरकारी विमान सेवा एयर इंडिया ने भारत और ब्रिटेन के बीच हवाई सेवा शुरू की।

**यदि आप कुछ पाना चाहते हैं तो उठो और उसके लिए काम करो।**

## संक्षिप्त समाचार

### स्पर्शाघात से मौत

**गयाजी (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चंदौती थाना अंतर्गत इस्माइलपुर गांव में शनिवार को करंट लगने से 11 वर्षीय बालक की मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया, वहीं परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने आक्रोश में आकर शव को केवाली मुख्य मार्ग पर रखकर सड़क जाम कर दिया। लोग विद्युत विभाग के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे।

### कार-ट्रक की टक्कर में दारोगा की मौत

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के इटवां गांव के पास शनिवार की दोपहर ट्रक और कार में सीधी भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में कार सवार ट्रैफिक थाना में दारोगा के पद पर कार्यरत बक्सर के सिमरी थाना अंतर्गत सातों सिमरी गांव निवासी मो.जल्लाद्दीन की मौत हो गई जबकि ट्रक ड्राइवर बुरी तरह से जख्मी हो गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि वेगनार कार के परखच्चे उड़ गए। मो.जल्लाद्दीन वर्तमान में नगर थाना क्षेत्र के वलीगंज में पूरे परिवार के साथ कई सालों से रहते थे।

### महिला नक्सली कमांडर गिरफ्तार

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने 15 साल से फरार महिला नक्सली कमांडर सरिता सोरेन उर्फ सीता को गिरफ्तार किया है। टीम ने झाझा थाना क्षेत्र के करमा गांव में छापा मारकर यह गिरफ्तारी की है। सरिता पर डबल मर्डर, आर्म्स एक्ट और यूएपीए के तहत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। यह जानकारी एसपी मदन कुमार आनंद ने दी।

### पटना में मिले नौ कोरोना संक्रमित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में नौ कोरोना पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। सिविल सर्जन डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि एनएमसीएच के दो, बेली रोड से दो, एनएमसीएच के ही एक इंटर्न, गोलपुरा से एक, अनिसाबाद से एक, मेदांता अस्पताल से एक एएनएम और बख्तियारपुर से एक कोरोना पॉजिटिव मरीज मिला है। सभी घर मे ही डॉक्टरों की देख-रेख मे इलाज करा रहे है। पटना में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 45 संख्या है। कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 28 है।

### इनामी बदमाश गिरफ्तार

**कटिहार(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने टॉप-10 अपराधियों में शामिल 15 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान पवन कुमार यादव(32) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया। कोढ़ा सदर-2 के एसडीपीओ धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर यह कार्रवाई की। बता दें कि पवन यादव बरारी थाना क्षेत्र के उचला चौक फायरिंग कांड में वांछित था। उसपर कई और मामले भी दर्ज थे।

### मीठापुर-महुली पथ पर आवागमन जल्द

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मगधवासियों के लिए काम की खबर है। जल्द ही मीठापुर से महुली पथ पर आवागमन शुरू हो जाएगा। इससे पटना दक्षिण में रहने वाले लाखों लोगों को काफी फायदा होगा। इतना ही नहीं सिपारा से महुली के बीच करीब 11 किलोमीटर की दूरी लगभग 10 मिनट में ही तय की जा सकेगी। इसके साथ ही जहानाबाद, गया, बिहारशरीफ आने जाने वाले यात्रियों का भी समय बचेगा। पथ निर्माण विभाग की ओर बताया गया कि 11 किलोमीटर लंबे मीठापुर-महुली पथ का निर्माण दो फ़ेज में हो रहा है। पहले फ़ेज के तहत सिपारा-परसा-महुली के बीच फोरलेन का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी लंबाई 6.7 किमी है। इसमें 5.4 किमी एलिवेटेड सड़क है।

## मुख्यमंत्री ने गर्दनीबाग में निर्माणाधीन ऑफिसर्स इनक्लेव का किया निरीक्षण

# निर्माण कार्य में गुणवत्ता से न हो कोई समझौता : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राजधानी पटना के गर्दनीबाग स्थित निर्माणाधीन ऑफिसर्स इनक्लेव का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान निर्माणाधीन 10 मंजिला भवन के कार्य की प्रगति की समीक्षा की और इसे तेजी से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आवासीय परियोजना से राज्य के अधिकारियों को बेहतर रहने की सुविधा मिलेगी और सरकारी कामकाज की व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री भवन के 9वें फ्लोर पर बने फ्लैट में पहुंचे और वहां किचन, स्टोर रूम, ड्राइंग रूम, डाइनिंग रूम और बेडरूम का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता और डिजाइन



पर संतोष जताया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि फ्लैटों के आगे जब पार्क का निर्माण पूरा हो जाएगा तब परिसर की सुंदरता और अधिक बढ़ जाएगी। बाद में वे भवन की छत पर पहुंचे और वहां से पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि परिसर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास हों। इसके अलावा उन्होंने छत पर सोलर पैनल लगाने की योजना को जरूरी बताते हुए कहा कि इससे सौर ऊर्जा का उत्पादन संभव होगा जिससे बिजली की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि इन फ्लैटों में रहने वाले अधिकारियों को आधुनिक और सुविधाजनक वातावरण मिले, इसके लिए निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह परियोजना न केवल सुविधा बल्कि शहर की नई पहचान का हिस्सा भी बनेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ उनके प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने निर्माण स्थल पर मौजूद अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और मुख्यमंत्री के निर्देशों को त्वरित रूप से लागू करने का आश्वासन दिया।

# खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण आयोग और अति पिछड़ा आयोग का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की नीतीश सरकार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सारे बचे काम निपटा रहे हैं। अब सरकार ने पहले से खाली पड़े बोर्ड और आयोग में अध्यक्षों को सदस्यों की नियुक्ति कर रही है। सरकार की ओर से इसके लिए पत्र भी जारी कर दिया गया है। शनिवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण आयोग और अति पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने नाम की घोषणा की गई है। राज्य सरकार ने अति पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष के रूप में पटना निवासी नवीन कुमार आर्या को फिर से अध्यक्ष बनाया है। वहीं मधुबनी निवासी केदारनाथ भंडारी को सदस्य बनाया गया है। गया के अमित कुमार की नियुक्ति सदस्य के रूप में हुई है। इन सभी को आगामी तीन वर्षों के लिए नियुक्त किया गया हे। हालांकि सरकार अति पिछड़ा आयोग में चार सदस्यों की नियुक्ति कर सकती है लेकिन सरकार ने सिर्फ दो सदस्यों की नियुक्ति की है। इधर, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अध्यक्ष के रूप में किशनगंज निवासी प्रह्लाद कुमार सरकार को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं कैमूर निवासी रिंकी रानी पांडेय को सदस्य बनाया गया है। इनके अलावा पटना निवासी मनोज कुमार, खगड़िया निवासी अंगद कुमार कुशवाहा और सुपौल जिला निवासी नरेंद्र कुमार ऋषि को सदस्य बनाया गया है।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बिहार दौरा टला

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बिहार दौरा टल गया है। अमित शाह 15 जून को बिहार आनेवाले थे। अररिया में उनका प्रोग्राम था। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि अब गृह मंत्री पीएम नरेंद्र मोदी को बाद बिहार आएंगे। आगामी 20 जून को पीएम सीवान आनेवाले हैं जहां जनसभा को संबोधित करेंगे और राज्य को बड़ी सौगात भी देंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि अमित शाह के बिहार आगमन के बारे में फिर से जानकारी दी जाएगी।

## लापरवाह शिक्षकों को बॉर्डर इलाके में भेज दूंगा : एस सिद्धार्थ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उनका एक बयान खूब वायरल हो रहा है। इस बयान ने शिक्षकों के बीच हडकंप मच दिया है। उन्होंने शिक्षकों को साफ तौर पर कहा कि जो शिक्षक स्कूल में अपने काम में लापरवाही बरतेंगे और बच्चों को ठीक से नहीं पढ़ाएंगे, उन्हें बॉर्डर इलाके के जिले में भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई को लेकर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर हाल में कार्रवाई की जाएगी। इस बात की जानकारी अपर मुख्य सचिव ने खुद ही दी। शिक्षा की बात हर शनिवार कार्यक्रम में एएसीएस एस. सिद्धार्थ ने कहा कि मेरे सोशल मीडिया अकाउंट पर एक महिला का मैसेज था। इसमें उन्होंने अपने स्कूल में पढ़ाई नहीं होने की शिकायत की थी। मैंने फौरन अधिकारियों को मामले की जांच का



आदेश दिया। जांच में अगर मामला सही पाया गया तो मैंने आदेश दिया है कि लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों को बदल दिया जाए। इतना ही नहीं अगर गड़बड़ी मिली तो मैं इन शिक्षकों को पटना में रहने ही नहीं दूंगा। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि शिक्षा विभाग पूरे बिहार के शिक्षकों को स्पष्ट कहना चाहता है कि बच्चों की पढ़ाई को लेकर कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आप बैठ-बैठे गपशप करेंगे, पढ़ाएंगे नहीं तो यह क्षमा योग्य कार्य नहीं होगा। अगर शिकायत मिली और जांच में मामला सही पाया गया तो आपको जिले से बाहर कर दिया जाएगा।

# तीन लाख के इनामी नक्सली कमांडर ने किया समर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया/लखीसराय।** 15 साल से फरार चल रहे कुख्यात नक्सली एरिया कमांडर रावण कोड़ा ने एसपी अजय कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। रावण पर तीन लाख रुपए का इनाम घोषित था। वह बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ में सक्रिय था। रावण कोड़ा लखीसराय के शीतला कोड़ासी गांव का रहने वाला है। एसटीएफ, एसएसबी और कजरा थाना पुलिस की संयुक्त सर्च ऑपरेशन से दबाव में आकर उसने एसपी कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण के मौके पर अधिकारियों ने उसे चादर और माला पहनाकर स्वागत किया। रावण कोड़ा पर लखीसराय, जमुई और मुंगेर जिलों में 26 संगीन नक्सली वारदातों में शामिल होने के आरोप है। साल 2013 में धनबाद-पटना इंटरसिटी ट्रेन में यात्रियों, पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की हत्या कर हथियार



लूटने का भी आरोप है। इसके अलावा वह चानन, कजरा, पीरीबाजार (लखीसराय), बरियापुर (मुंगेर), लड़ैयाटांड, बरहट, खैरा और खड़गपुर (जमुई) थाना क्षेत्रों में दर्ज हत्या, अपहरण, आगजनी और आर्म्स एक्ट जैसे मामलों में वांछित था। एसपी अजय कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की नक्सली पुनर्वास नीति के तहत रावण कोड़ा को सभी सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि चानन, पीरीबाजार और कजरा के जंगलों में लगातार चल रहे सघन सर्च ऑपरेशन के चलते नक्सलियों पर दबाव बढ़ा है। आत्मसमर्पण के दौरान रावण कोड़ा ने कहा कि वह पिछले दस वर्षों से नक्सली संगठन से जुड़ा था और अब उसे समाज की मुख्यधारा में लौटकर राहत और संतोष मिल रहा है। उसने अपने अन्य साथियों से भी आत्मसमर्पण करने की अपील की है। एसपी अजय कुमार ने भी अन्य वांछित नक्सलियों से अपील की है कि वे मुख्यधारा में लौटकर समाज की सेवा करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऐसे लोगों को रोजगार, शिक्षा और सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**किराया पर दुकान और फ्लैट उपलब्ध है**

प्रो.- हरि सिंह मो०-9835313205, 9431792541

**हरि ओम रेसिडेंसी**

नोटः- हमारे यहां दुकान एवं फ्लैट भाड़े पर उपलब्ध है।
हमारे यहां फ्लैट 2 B.H.K जिसमें 2 रूम, बड़ा डाईनिंग हॉल, किचेन पूजा रूम, लैट्रिन, बाथरूम, बालकोनी एवं बेसमेन्ट की भी सुविधा उपलब्ध है।

(मैनेजमेन्ट :- रामनंदन यादव मो०- 8521967282)

पताः- नर्मदेश्वर नगर, नियर-हवेली रिसॉट, लार्ड बुद्धा रोड, जसोइया मोड़, औरंगाबाद

### पत्नी की हत्या कर पति ने की खुदकुशी

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** हिलसा थाना क्षेत्र के मदारचक गांव में सनकी पति ने पत्नी की हत्या करने के बाद खुद को कमरा में बंद होकर जहर खाकर खुदकुशी कर ली। मृतक छट्ठू रविदास और उसकी पत्नी लाक्षो देवी है। मृतक के चाचा राजेंद्र रविदास ने बताया कि उनका भतीजा छत पर पत्नी के साथ बैठा था। इसी दौरान उसने पास रखे पत्थर से पत्नी के सिर पर वार करने के बाद छत से धकेल दिया। इसके बाद खुद को कमरे में बंद कर लिया है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कमरा तोड़कर जब दाखिल हुई थी वह बेहोश होकर गिरा हुआ था। ग्रामीणों की मदद से पुलिस जब उसे बाहर निकले और दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले गई तो चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत पूरे राज्य में बनेंगे 649 नए पुल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के अंतर्गत बिहार के सभी जिलों में कुल 649 नए पुलों के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। राज्य सरकार के इस कदम से ग्रामीण इलाकों में संपर्कता और आवागमन बेहतर होगा। सभी स्वीकृत पुलों के निर्माण पर अनुमानित रूप से 297712.077 लाख की लागत आएगी। योजना के तहत राज्य के सभी जिलों को शामिल किया गया है। इसमें पूर्वी चंपारण को सबसे अधिक पुल निर्माण की स्वीकृति मिली है। पूर्वी चंपारण में 54 पुलों का निर्माण किया जाएगा जिसकी कुल लंबाई 1984.21 मीटर होगी। इन पर लगभग 20574.26 लाख खर्च होंगे। यह जिला राज्य में पुल निर्माण के लिहाज से सबसे अग्रणी स्थान पर है। राजधानी पटना की बात करें तो यहां 14 पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। इनकी कुल लंबाई 579.13 मीटर होगी। इन पर अनुमानित 7203.72 लाख की लागत आएगी। इससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बीच संपर्क और सुगमता, किसानों को बाजार से जोड़ना, स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना और ग्रामीण क्षेत्रों को उद्योगोन्मुखी बनाना है। इसके माध्यम से राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास को मजबूती मिल रही है।

### दो बच्चों के साथ महिला ने की जान देने की कोशिश

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** धमदाहा थाना क्षेत्र के कुंवारी गांव में एक मां ने अपने दोनों बच्चों के साथ जान देने की कोशिश की। दोनों बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। उसे गंभीर हालत में कटिहार रेफर किया गया है। महिला की पहचान कुंवारी गांव के सतमी बिन टोली स्थित वार्ड नंबर 17 के रहने वाले वीरू कुमार की पत्नी नीलम देवी के रूप में हुई है। वहीं मरने वालों में एक बेटा और एक बेटी शामिल है। दोनों की उम्र तीन साल और एक साल बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमोर्टम के लिए पूर्णिया सदर अस्पताल भेज दिया है।

## छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े स्थलों के दर्शन कराएगी भारत गौरव एक्सप्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे खान-पान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट भारत गौरव ट्रेन टूर शुरू किया है, जो 9 जून 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई से रवाना होगी। भारत गौरव ट्रेन टूर को 100 प्रतिशत बुकिंग के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। कुल 710 यात्री इस यात्रा का लाभ उठाएंगे। इनमें से 480 यात्री इकोनॉमी (स्लीपर) में, 190 यात्री कम्फर्ट (3एसी) में और 40 यात्री सुपीरियर (2एसी) में बुक किए गए हैं। भारत गौरव ट्रेन यात्रा की योजना छत्रपति शिवाजी महाराज के 351वें राज्याभिषेक समारोह के अवसर पर बनाई गई है। छत्रपति शिवाजी महाराज के दर्शन के लिए यह ट्रेन 9 जून, 2025 को रायगढ़ पहुंचेगी। छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट एक विशेष रूप से क्यूरेट किया गया टूर है, जो पांच रातों/छह दिनों की यात्रा में छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास और भव्य विरासत को प्रदर्शित करता है। यह टूर महाराष्ट्र सरकार, भारतीय रेलवे के बीच एक संयुक्त सहयोग है। यह ट्रेन रायगढ़ किला, शिवनेरी किला, प्रतापगढ़ किला, पन्हाला किला, लाल महल, कस्बा गणपति और शिवसृष्टि जैसे ऐतिहासिक स्थलों को कवर करती है, जो महान छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को दर्शाते हैं। दो अतिरिक्त आकर्षणों में भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग और कोल्हापुर में महालक्ष्मी मंदिर शामिल हैं। सुविधा और सुलभता के साथ, यह ट्रेन यात्रियों को महाराष्ट्र के गौरवशाली अतीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देखने का एक सहज अनुभव प्रदान करती है। 6 दिनों का यात्रा कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई से शुरू होगा। पहले दिन, रेलगाड़ी कोंकण रेलवे नेटवर्क पर माणगांव रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी, जो रायगढ़ किले के लिए निकटतम रेलवे लिंक है। पहला गंतव्य रायगढ़ है, जो उसी नाम के पहाड़ी किले के लिए जाना जाता है जहां छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ था और बाद में यह उनकी राजधानी थी। दर्शनीय स्थलों की यात्रा पूरी होने पर पर्यटक वापस ट्रेन में लौट आएंगे क्योंकि यह अगले गंतव्य पुणे के लिए आगे बढ़ेगी, जहां पर्यटक रात का भोजन करेंगे और पुणे के होटल में रात बिताएंगे। दौरे के दूसरे दिन, पुणे में पर्यटक जिन प्रमुख स्थलों को देखेंगे, वे हैं लाल महल, कस्बा गणपति और शिवसृष्टि। वर्तमान संरचना का पुनर्निर्माण 1984 में उस भूमि के एक हिस्से पर किया गया था, जहां लाल महल खड़ा था और इसमें तेल चित्रों का एक विशाल संग्रह है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के महत्वपूर्ण जीवन की घटनाओं को दर्शाता है। पुणे के पीठासीन देवता कस्बा गणपति का मंदिर 1893 का है और माना जाता है कि इसे छत्रपति शिवाजी महाराज की मां जीजाबाई ने बनवाया था।



# राहुल गांधी ने अपनी पूरी पार्टी को मनोविकृत बना दिया : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मांगल पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी गलतबयानी से कांग्रेस को मनोविकृत बना दिया है। बिना आधार की बात करके राहुल गांधी अपनी विश्वसनीयता और बची-खुची कांग्रेस की मिट्टी पलीद कर रहे हैं। चौकीदार चोर है की तरह नरेंद्र-सरेंडर के जुमले का भी कांग्रेस को बिहार के चुनाव में ही भारी खामियाजा भुगतना होगा। 2015 विधानसभा में कांग्रेस ने जितनी सीटें जीती थीं 2020 में उससे भी कम हो गई और इस बार 2025 में कांग्रेस पूरी तरह से बिहार में साफ हो जाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि अपने निराधार बयानों के कारण ही राहुल गांधी को बार-बार सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगनी पड़ी है। अभी चार दिन पहले ही एक कोर्ट ने उन्हें बड़बोलेपन के लिए फटकार लगाई है। राहुल गांधी के शह पर आजकल कांग्रेसी जिस तरह से झूठ को चिल्ला-चिल्ला और अभद्र भाषा का प्रयोग कर उसे सच साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, उससे वे मनोविकृति के शिकार होते जा रहे हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि देश के यशस्वी पीएम नरेन्द्र मोदी के लिए अशिष्ट व अमर्यादित भाषा का प्रयोग, तू-तड़ाक के साथ सम्बोधन के जरिए राहुल गांधी न केवल अपनी बिगड़ैलपन व मनोविकृत मानसिकता का प्रदर्शन कर रहे हैं बल्कि देश का भी अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के तमाम प्रपंचों, तिकड़मों और मिथ्या नैरेटिव गढ़ने के कुप्रयासों के बावजूद पिछले तीन आम चुनावों में से किसी भी चुनाव में कांग्रेस 100 का आंकड़ा नहीं पार कर पाई है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में तो कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष बनने लायक सीटें भी नहीं जीत पाई थी। कांग्रेस यह न भूले की यह देश बदजुबानी और बदमिजाजी को कभी बर्दाश्त नहीं करता है। राहुल गांधी अपने अनर्गल प्रलापों से देश की 140 करोड़ जनता को बार-बार शर्मसार कर रहे हैं।

# एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर किसी तरह का गतिरोध नहीं : जीतन राम मांझी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसबीच पटना पहुंचे हम पार्टी के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को कहा कि बिहार की सभी सीटों पर उनकी पार्टी चुनाव की तैयारी कर रही है। चुनाव में एनडीए के बीच सीट बंटवारे पर जीतन राम मांझी ने मीडिया से कहा कि आप लोगों को जो समझना है समझते रहिए, हम लोगों के बीच सीट बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर किसी तरह का गतिरोध नहीं है। जुलाई-अगस्त महीने तक सीटों का बंटवारा कर लिया जाएगा और सभी दलों को लड़ने लायक सीटें मिलेंगी। जीतन राम मांझी ने कहा की हमारी पार्टी राज्य की सभी 243 सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रही है क्योंकि हम लोगों को चुनाव लड़ना भी है और लड़ाना भी है। हम लोगों को एनडीए को जीताना है और नरेंद्र मोदी के हाथों को और मजबूत करना है। बिहार में फिर से डबल इंजन की सरकार बने हमलोगों को सिर्फ उसकी चिंता है। वहीं, राहुल गांधी के यह कहने पर कि जिस तरह से महाराष्ट्र का चुनाव फिक्स था ठीक उसी तरह से बिहार चुनाव भी फिक्स है, मांझी ने कहा कि राहुल गांधी को अभी कैसे पता चल गया कि बिहार में चुनाव फिक्स होगा। जो लोग हारते हैं उन्हें यही पता चलता है। राहुल गांधी के क्राइम कैपिटल वाले बयान पर उन्होंने कहा कि बिहार में स्थिति ठीक है, पहले वाली हालत नहीं है कि मुख्यमंत्री आवास से अपराधी बोलते थे। वहीं मुजफ्फरपुर में दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी मौत के मामले पर मांझी ने कहा कि घटना से हम लोग भी दुखी हैं। हम लोगों ने सरकार से बात की है। पीड़ित परिवार को हर तरह का मुआवजा और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। हॉस्पीटल में हुई लापरवाही को लेकर डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# राहुल गांधी के बयान पर गर्मायी सियासत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाजपा पर चुनाव में धांधली का आरोप लगाए जाने को लेकर सियासत गरमा गई है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राहुल गांधी पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हारने वाले व्यक्ति का ऐसी बातें कहना स्वाभाविक है। अगर किसी को लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भरोसा नहीं है तो उसे इस्तीफा दे देना चाहिए और इस व्यवस्था से बाहर निकल जाना चाहिए। वहीं भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि मैं ऐसे व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं करूंगा जिसने खुद को पराजित कर लिया हो। कांग्रेस ने लगातार हार का अच्छा रिकॉर्ड बनाया है। पार्टी बुझे हुए दीये में घी डाल रही है। उनका बयान इस निराशा का परिचायक है कि वह देश की प्रगति नहीं देख सकते। जबकि केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि इसका मतलब है कि उन्होंने हार स्वीकार कर ली है। हार स्वीकार करने वाले लोग ऐसी बातें करते हैं। हार को देखते हुए ही वह इस तरह के बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मैं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं, उनकी वजह से ही आज हमें नए टर्मिनल (पटना एयरपोर्ट) पर उतरने का मौका मिला। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने भाजपा पर चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए कहा है कि महाराष्ट्र की तरह ही बिहार विधानसभा का चुनाव 'फिक्स' है।

# शिक्षा, शोध व सेवा में बिहार की नई उड़ान : विजय सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री ने बताया कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा 'इ' ग्रेड प्राप्त होना न केवल विश्वविद्यालय के लिए बल्कि पूरे बिहार के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह गौरव का क्षण है जिसने यह प्रमाणित कर दिया है कि बिहार अब उच्च शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में मजबूती से खड़ा है। श्री सिन्हा ने कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय के संकल्प, संजीवनी मेहनत और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, छात्रों और किसानों के सहयोग से जो अकादमिक वातावरण विकसित हुआ है, वही इस गौरवपूर्ण मान्यता का आधार बना है। इस उपलब्धि ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिहार सरकार द्वारा शिक्षा और कृषि क्षेत्र को दिए जा रहे विशेष प्रोत्साहन के सकारात्मक परिणाम अब राष्ट्रीय मंच पर दिखने लगे हैं। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय को राज्य के शीर्ष संस्थानों में और देश के कुछ नैक मान्यता प्राप्त कृषि विश्वविद्यालयों की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करती है। नैक की पीयर टीम ने 28 मई से 30 मई तक विश्वविद्यालय का दौरा कर शैक्षणिक, प्रशासनिक, आधारभूत संरचना, अनुसंधान और प्रसार से संबंधित सभी पहलुओं का गहन मूल्यांकन किया। यह मान्यता विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और राष्ट्रीय निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। केवल 15 वर्षों की अल्प अवधि में 3.08 एक्क्ष्इ अर्जित कर विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। यह गौरवपूर्ण मान्यता विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, समावेशी विकास, अनुसंधान प्रगति, और प्रशासनिक पारदर्शिता की निरंतर साधना का परिणाम है। मंत्री ने कहा कि यह ग्रेडिंग राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप विश्वविद्यालय की कार्यनीति और क्रियान्वयन को भी दर्शाता है। बिहार कृषि रोडमैप का प्रभावी कार्यान्वयन और राज्य सरकार के सशक्त नेतृत्व ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से मेल खाती शैक्षणिक उत्कृष्टता नेप 2020 के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रम को बहुविषयक, कौशल-उन्मुख और नवाचार-प्रेरित रूप में पुनर्गठित किया है। नैक टीम ने पाठ्यक्रम डिज़ाइन और विकास को अत्यधिक सराहा। इसमें परिणाम-आधारित शिक्षा, अनुभवजन्य अधिगम, और उद्योग-अकादमिक सहयोग को प्राथमिकता दी गई है।

# रविशंकर प्रसाद ने जर्मनी के विदेश मंत्री से की मुलाकात

## जर्मनी और भारत के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की जरूरत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने जर्मनी दौरे के दौरान वहां के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल से मुलाकात की। इस मुलाकात में आतंकवाद और आर्थिक विकास पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की है। इस मुलाकात के दौरान रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आतंकवाद लोकतंत्र, मानवता और मानवाधिकार के लिए हानिकारक है। उन्होंने पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद पर चिंता व्यक्त की और कहा कि इसके खिलाफ लोकतंत्र में विश्वास करने वाले देशों को एकजुट होने की आवश्यकता है। पाकिस्तान के द्वारा प्रायोजित आतंकवाद को वहां के मिलिट्री शासक समर्थन करते है और आर्थिक मदद करते हैं। उनके पास ही असली शक्ति है। श्री प्रसाद ने कहा कि पाकिस्तान के आजादी के इतिहास में लगभग 55 वर्ष मिलिट्री का शासन रहा है। अयूब खान, याह्या खान, मुहम्मद ज़िया-उल-हक, परवेज मुशर्रफ, असीम मुनीर और इनका पब्लिक स्टेटमेंट है कि हिन्दू और मुस्लिम साथ नहीं रह सकते है। मुस्लिम की अपेक्षा अलग है और महत्वाकांक्षा अलग है, पाकिस्तान के जनरल जिहादी भाषा का प्रयोग करते है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया को यह समझना पड़ेगा कि ऐसे लोगों को आईएमएफ या कोई अन्य संगठन सहयोग करते है, वे चीन से हथियार खरीदने में और आतंकवाद को बढ़ावा देने में उपयोग करते है क्योंकि ये जनरल न चुने हुए हैं न इनकी कोई जवाबदेही है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि दुनिया में कही भी आतंकवादी घटना होती है उसकी जड़े पाकिस्तान में होती है। ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में पकड़ा गया, 9/11, 26/11, लंदन में आतंकवाद की घटना इन सभी में या तो पाकिस्तान आतंकवादी संलिप्त रहते है या पाकिस्तान के टेररिस्ट कैंप के प्रशिक्षित आतंकवादी रहते है। रविशंकर प्रसाद ने जर्मनी के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया।

# मेरे चुनाव लड़ने पर अंतिम मुहर पार्लियामेंट्री बोर्ड लगाएगी : चिराग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की चल रही चर्चा के बीच पटना पहुंचे केंद्रीय मंत्री व लोजपा(रा) प्रमुख चिराग पासवान से जब मीडियाकर्मियों ने सवाल किया कि क्या वह विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे? उन्होंने इससे इनकार तो नहीं किया लेकिन गेंद पार्टी संसदीय बोर्ड के पाले में डाल दिया। उन्होंने कहा कि मैं कहां से विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा या नहीं लड़ूंगा, इन तमाम विषयों पर चर्चा चल रही है। इसपर अंतिम मुहर पार्लियामेंट्री बोर्ड को ही लगाना है। चिराग ने कहा कि जो लोग मेरे विधानसभा चुनाव को लड़ने को लेकर मेरे गठबंधन के भीतर भ्रम फैला रहे हैं तो उन्हें बताना चाहूंगा कि अगर मैं विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा तो उसके पीछे अपनी पार्टी के स्ट्राइक रेट को मजबूत करना होगा, गठबंधन को मजबूत करना होगा। यह पहली बार नहीं है कि मैं ही ऐसा अनोखा प्रयोग करने जा रहा हूं। भाजपा या अन्य बड़े दल अपने राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को विधानसभा का चुनाव लड़वाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कैबिनेट मंत्री भी चुनाव लड़े लेकिन इसके पीछे की सोच अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह लाने की होती है, गठबंधन और अपनी पार्टी की स्ट्राइक रेट को बेहतर करने की होती है। भरोसा रखिए कि इस बार भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पहले से अधिक मजबूत सरकार बनने जा रही है।

# एनसीसी कैडेट्स को दिया शीप मॉडल बनाने का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** 01 बिहार नेवल यूनिट के द्वारा शनिवार को राजेंद्रनगर अवस्थित एनसीसी ग्रुप मुख्यालय में सीएटीसी-चार कैंप के सातवें दिन शीप मॉडल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिप मॉडल इंस्ट्रक्टर मुनेश्वर पाण्डेय के द्वारा शिविर में उपस्थित नेवी के सभी एसडी/एसडब्लू एवं जेडी/जेडब्लू कैडेट्स को शिप मॉडल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 01 बिहार नेवल यूनिट के जहाज रूपाकार शाखा द्वारा सभी एनसीसी कैडेट्स को जहाज बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। सभी विद्यालय/ महाविद्यालय से दो-दो चयनित प्रतिभागी कैडेट्स ने भारतीय नौ सेना के विभिन्न जहाज के मॉडल का निर्माण किया। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट, कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने कहा कि कैडेट्स को इस प्रशिक्षण से जहाज मॉडल बनाने की कला में दिलचस्पी आएगी जिससे कि निदेशालय स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में ये बढ़-चढ़ कर भाग ले सकेंगे। साथ ही बिहार-झारखण्ड निदेशालय को सभी निदेशालयों में अग्रणी रखने में अपनी अहम भूमिका निभा सकेंगे। इस शिविर में 1 बिहार नेवल यूनिट के लेफ्टिनेंट कमांडर, प्रीतम कुमार तथा 1 बिहार नेवल यूनिट के ए.एन.ओ., पी.आई, जी.सी. आई. एवं सभी सिविलियन स्टाफ के साथ नेवी, आर्मी, एयर के एसडी/ एसडब्लू एवं जेडी/जेडब्लू कैडेट्स उपस्थित थे।

# बच्चों के समर कैम्प में अभिभावकों को नसीहत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मलेन एवं अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान एवं कला जागरण पटना के सहयोग से दादी मंदिर में बच्चों के लिए चलाये जा रहे समर कैम्प में सातवें दिन योग, आर्ट, राजस्थानी लोकनृत्य, घूमर, मधुबनी पेंटिंग, ब्यूटी टिप्स, नाटिका हड़ताल आदि का अन्तिम प्रशिक्षण दिया गया। आज के कैम्प की विशेषता यह थी कि समर कैम्प के बच्चों के अभिभावकों को बुलाया गया था। अभिभावकों ने अपने अपने बच्चों की समस्याओं के बारे में बताया। गीता जैन ने बताया कि बच्चों को परीक्षा में कम नंबर लाने पर बच्चों को डांटे नहीं बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करें। मौके पर सुरेन्द्र कौर ने कहा कि कभी भी दो बच्चों की तुलना नहीं करें, माता-पिता बच्चों के सामने झगड़े नहीं आदि, उन्होंने बताया कि स्वयं भी मोबाइल से दूर रहें एवं बच्चों को भी दूर रखें। मोबाइल के लिए एक समय निर्धारित कर लें। अनावश्यक असमय मोबाइल का प्रयोग न करें। बच्चों के मन को किसी भी दशा में अनावश्यक आहत न करें। बच्चो को अमित राज अकेला, संजय भालोटिया, स्वेता डिडवानिया, गणेश खेतरीवाल, रोहन झुनझुनवाला पंकज लोहारुका आदि विभिन्न प्रकार से सहयोग कर रहे हैं। मौके पर बिहार अग्रवाल सम्मलेन के अध्यक्ष अमर कुमार अग्रवाल ने कहा कि 8 जून को अंतिम दिन प्रातः दस बजे से सभी बच्चे अग्रसेन भवन के हाल के मुख्यमंच अपनी लोकनृत्य, घूमर, हास्य नाटिका एवं अपनी सीखी हुई अन्य कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। समर कैम्प के संचालन में अमर अग्रवाल, महामंत्री अक्षय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, एम पी जैन, निर्मल अग्रवाल, डॉ गीता जैन, अनुपम जैन, तनुजा अग्रवाल, रानी सिंह, अभिषेक जैन, सुनैना सिंह, रोहित कुमार आदि सहयोग कर रहे हैं।

# आयुष्मान भारत से सशक्त हो रहा ग्रामीण बिहार

- केवल एक वर्ष में चिकित्सा खर्च में 1000 करोड़ से अधिक की बचत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक क्रांति देखी जा रही है, जहां आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबीपीएम-जय) राज्य के लाखों लोगों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के जीवन को बदल रही है। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में राज्य ने केवल एक वर्ष में लाभार्थियों को आउट ऑफ पॉकेट एक्सपेंडिचर (जेब से किए जाने वाले चिकित्सा खर्च) में 1000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत कराई है। यह इस योजना की बढ़ती पहुंच और प्रभावशीलता का प्रमाण है। ग्रामीण बिहार की आबादी के लिए सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा अब कोई दूर का सपना नहीं रह गया है। राज्य स्वास्थ्य अभिकरण के सतत प्रयासों के माध्यम से, एबी पीएम-जय योजना के अंतर्गत सभी पात्र परिवारों को 100% कवरेज प्रदान किया गया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि प्रत्येक पात्र परिवार को भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत वित्तीय सुरक्षा और चिकित्सीय सहायता प्राप्त हो रही है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का एकीकरण भी एक बड़ा कदम साबित हुआ है। इस राज्यस्तरीय पहल के समावेश से न केवल स्वास्थ्य अवसंरचना को बल मिला है बल्कि और अधिक लोगों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा का लाभ मिलने लगा है। वर्तमान में बिहार में 1100 से अधिक अस्पताल इस योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं जिनमें से लगभग 50% निजी अस्पताल हैं। सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य संस्थानों की यह संतुलित भागीदारी सेवा वितरण में सुधार, प्रतीक्षा समय में कमी और चिकित्सा सुविधाओं को लोगों के नज़दीक लाने में सहायक रही है। इस योजना के पारदर्शी और भ्रष्टाचारमुक्त क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्वास्थ्य अभिकरण द्वारा कई विशेष पहल की गई हैं। इनमें डिजिटल निगरानी, सशक्त शिकायत निवारण प्रणाली, नियमित लेखा-परीक्षण और ज़मीनी स्तर पर जागरूकता अभियान शामिल हैं। राज्य स्वास्थ्य अभिकरण की प्रतिबद्धता है कि किसी भी स्तर पर खामियों को दूर कर वास्तविक लाभार्थियों—यानी बिहार की जनता को पूरी सहायता सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों का मानना है कि आयुष्मान भारत पीएम-जय के तहत उठाए गए इन परिवर्तनकारी कदमों से न केवल स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार हो रहा है बल्कि ग्रामीण संकट को कम करने, चिकित्सा ऋण से मुक्ति दिलाने और आर्थिक व सामाजिक रूप से परिवारों को सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाई जा रही है। जैसे-जैसे बिहार सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में नए मानक स्थापित कर रहा है। आयुष्मान भारत योजना यह साबित कर रही है कि सक्रिय शासन और समावेशी नीतियां ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं का चेहरा पूरी तरह बदल सकती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### घायल जवान के शहीद होने पर सीएम मर्माहत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जम्मू कश्मीर में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान घायल हुए बिहार के बक्सर जिले के सेना के हवलदार सुनील कुमार सिंह के शहीद होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीद हवलदार सुनील कुमार सिंह के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य सम्मान राशि दी जायेगी। साथ ही शहीद हवलदार सुनील कुमार सिंह का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### राज्यपाल ने कोचिंग संचालक खान को दी बकरीद के साथ ही शादी की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्पाल आरिफ मोहम्मद खान बकरीद के मौके पर शनिवार को कोचिंग संचालक खान के संस्थान में पहुंच गए। उन्होंने कोचिंग संचालक खान को बकरीद और शादी की बधाई दी। खान की हाल ही में शादी हुई है। इस दौरान खान ने उनका स्वागत किया और अपने कोचिंग सेंटर के क्लासरूम लेकर गए। राज्यपाल क्लासरूम पहुंचकर कई चीजों से अवगत हुए। खान ने राज्यपाल के आगमन के उद्देश्य के बारे में भी बताया। राज्यपाल ने उन्हें बकरीद की शुभकामनाएं दी और कहा कि हर त्योहार आपसी रिश्तों को मजबूत करने आता है। यूट्यूब पर खान सर को मैंने देखा है। खान के लिए राज्यपाल ने कहा कि वो बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। आगे बढ़ते रहना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि संवेदनशीलता ही मानव को दूसरे प्राणियों से अलग करती है। जो फीस देते हैं उनके लिए ही नहीं बल्कि उनके लिए भी दिल धड़के जो साधनहीन है।

### सलीम परवेज पुन: बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष बने

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान परिषद् के पूर्व उप सभापति एवं जनता दल यू अल्पसंख्यक सेल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सलीम परवेज को बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड का पुनः अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्री परवेज के अतिरिक्त पांच पदेन एवं छह अन्य सदस्य बनाए गए हैं। यह बोर्ड 12 सदस्यीय है। इस संबंध में आज बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। सलीम परवेज़ ने मदरसा बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त किया है। आज यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि वे बिहार के विकास, खासकर अल्पसंख्यकों की शिक्षा में सुधार के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सपनों को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि वे राज्य के मदरसों को और अधिक सक्रिय और पारदर्शी बनाने पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि मदरसों में समकालीन शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा और वे ऐसा माहौल बनाने की कोशिश करेंगे जिससे इन मदरसों के छात्र आइएएस और आइपीएस की प्रतियोगी परीक्षाओं में भी भाग लेकर सफलता प्राप्त करें।

### हम का प्रशिक्षण शिविर कल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) द्वारा बिहार विधान सभा के सभी 243 सीटों के लिए प्रभारी बना दिया गया है। बनाए गए सभी नए विधान सभा प्रभारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर 9 जून को बिहार विधान परिषद के उपभवन सभागार में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक डॉ अनिल कुमार भी उपस्थित रहेंगे। साथ ही पार्टी के बाराचट्टी की विधायक ज्योति मांझी, इमामगंज की विधायक दीपा मांझी जी और सिकंदरा के विधायक प्रफुल मांझी भी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा प्रदेश संगठन प्रभारी राजेश रंजन, प्रदेश प्रधान महासचिव अविनाश, कमाल परवेज, शमिता शर्मा, कुमार शुभम आदि लोग उपस्थित रहेंगे।

### गरीबों को ठगना लालू परिवार की फितरत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने शनिवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर करारा तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी यादव सोशल लीडर तो नहीं बन पाए, अब सोशल मीडिया के लीडर बनने के लिए हाथ-पैर मार रहे हैं। वे आजकल सोशल मीडिया पर रोज नये अवतार में दिख रहे हैं। श्री मिश्र ने आज यहां कहा कि सोशल मीडिया पर तेजस्वी यादव का नया अवतार बड़ा ही हास्यास्पद है। नेता प्रतिपक्ष का एक नया नाटकीय वीडियो सोशल मीडिया पर इन दिनों वायरल हो रहा है, जिसमें तेजस्वी यादव अपने को दिलेर और गरीबों के मददगार बता रहे हैं। इस वीडियो की हम पुष्टि नहीं करते लेकिन यह वीडियो लोगों के बीच हास्य का केंद्र बन गया है। लोग तरह-तरह से इस वीडियो पर चुटकी ले रहे हैं। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव ने कम उम्र में अकूत संपत्ति अर्जित करने में बेशक दिलेरी दिखायी है। वह भी बिना किसी रोजी-रोजगार के। बिना रोजी-रोजगार के बेहिसाब अवैध संपत्ति अर्जित करने के बाद वे अब जांच एजेंसियों के दफ्तरों के चक्कर लगाने में दिलेरी दिखा रहे हैं और अब यह भी तय है कि आनेवाले दिनों में वे सजा भुगतने में भी दिलेरी दिखाएंगे। ऐसे दिलेरों की परिणति जेल ही होती है।

### सीपी सिन्हा को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू के पूर्व विधान पार्षद स्वर्गीय सीपी सिन्हा का पार्थिव शरीर शनिवार को प्रदेश कार्यालय पहुंचा, जहां पार्टी के वरीय नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पार्थिव शरीर को पार्टी का झंडा ओढ़ाकर उन्हें अंतिम विदाई दी। दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि स्व. सिन्हा का दीर्घकालीन सार्वजनिक जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा का मिसाल रहा है। जनहित के प्रति उनका समर्पण सदैव पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, विधायक शालिनी मिश्रा, पूर्व सांसद अनिल हेगड़े, प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी, डॉ. अमरदीप, वासुदेव कुशवाहा, अनिल कुमार, बीरेंद्र सिंह दांगी, संतोष कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, रणविजय कुमार, प्रह्लाद सरकार, अरविंद निषाद, नीतीश पटेल, राधेश्याम, सुरेंद्र उरांव, कल्याणी सिंह, कंचन चौधरी, मालती सिंह, दिलीप कुशवाहा, आसिफ कमाल, राजेन्द्र सिंह जार्ज, हुलेश मांझी, राहुल खंडेलवाल, चंदन पटेल, चंद्रिका सिंह दांगी, मोनी सिंह और राम कुमार राम उपस्थित थे।

### बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति की बैठक



**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति द्वारा आज पटना के आईएमए हॉल में प्रजापति हुंकार रैली की अपार सफलता के उपरांत एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रदेश अध्यक्ष रूपेश कुमार पंडित ने जबकि संचालन महामंत्री अरविंद कुमार उर्फ पिंटू गुरुजी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन भाजपा नेता डॉ. शीलेंद्र कुमार द्वारा किया गया। बैठक में वक्ताओं ने रैली की सफलता के लिए राज्यभर के जिला, प्रखंड, पंचायत कमिटियों और पूरे प्रजापति समाज को धन्यवाद दिया। वक्ताओं ने कहा कि यह ऐतिहासिक आयोजन समाज के प्रत्येक वर्ग-विशेषकर युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और समर्पण का प्रतिफल है। कोर कमिटी और प्रदेश कार्यकारिणी के दूरदर्शी प्रयासों की भी भूरी-भूरी सराहना की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दानी प्रजापति, भाजपा नेता प्रजापति जग सामंत, शिवरानी देवी, राजेश कुमार, रवि प्रकाश समेत सभी जिलाध्यक्ष, जिला सचिव समेत राज्यभर से सैकड़ों प्रजापति समाज के लोग उपस्थित थे, जिनमें अनेक प्रमुख पदाधिकारी व सामाजिक नेता शामिल थे।

# जिलाधिकारी ने वीवीपैट की एफएलसी प्रक्रिया की तैयारियों का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सुनील कुमार ने शनिवार को कैमूर स्थित वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) प्रक्रिया के पूर्व की जा रही तैयारियों का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार एफएलसी प्रक्रिया 8 जून से 23 जून तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक कार्यालय दिवसों सहित अवकाश के दिनों में भी चलेगी। इस दौरान ईसीआईएल के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों की कार्यक्षमता, स्क्रीन, स्विच, फ्लैप, सीलिंग व रिस्पॉन्स रेट आदि की समग्र जांच की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एफएलसी की कार्य प्रणाली, पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने वेयरहाउस परिसर में उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी प्रबंधन पर संतोष व्यक्त किया, साथ ही संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व त्रुटिहीन कार्य निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार, वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी, ईसीआईएल के अभियंता और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि यह प्रक्रिया लोकतंत्र की पारदर्शिता और मतदाता विश्वास की बुनियाद है, जिसमें सभी पक्षों की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर फोरलेन पर पलटा चालक बाल-बाल बचा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कुदरा।** कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के समीप फोरलेन सड़क पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर अचानक पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में ट्रैक्टर चालक सुरक्षित बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस समय ट्रैक्टर पलटा, फोरलेन के दोनों लेन से वाहन गुजर रहे थे। उसी समय घटना स्थल के पास से एक ट्रक तेज गति से गुजर रहा था, लेकिन ट्रक चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए समय रहते वाहन को नियंत्रित कर लिया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना के बाद कुछ समय के लिए संबंधित लेन में यातायात अवरुद्ध हो गया। हालांकि, स्थानीय लोगों की मदद से पलटे हुए ट्रैक्टर को हटाया गया।

## बिहार में पहली बार स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट 19 से 22 जून तक पटना में होगा आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में खेल के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राज्य में पहली बार स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 19 से 22 जून तक पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग स्थित इंडोर स्टेडियम में संपन्न होगी। इसकी जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि यह टूर्नामेंट खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और बिहार टेबल टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अंडर-11, 13, 15, 17, 19 बालक एवं बालिका वर्ग के एकल मुकाबले होंगे। इसके अलावा मेंस व वीमेंस सिंगल्स श्रेणियों में भी मुकाबले होंगे। अंतराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त टेबल टेनिस खिलाड़ी और पद्मश्री सम्मानित अचंता शरथ कमल के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जो इसे और अधिक विशेष बनाता है। टूर्नामेंट में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी गूगल फॉर्म के माध्यम से 12 जून 2025 तक निःशुल्क पंजीकरण कर सकते हैं। सभी चयनित खिलाड़ियों को 18 जून को पाटलिपुत्र खेल परिसर में रिपोर्ट करना होगा। उनके ठहरने और भोजन की पूरी व्यवस्था बिहार सरकार और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा की जाएगी। प्राधिकरण के अनुसार, प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अनुभवी चयनकर्ताओं की निगरानी में चिन्हित कर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार किया जा सके। श्री शंकरण ने कहा कि यह आयोजन बिहार सरकार की खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। राज्य सरकार ऐसे सभी खेलों को बढ़ावा देने हेतु प्रयासरत है, जिनमें बिहार के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर मेडल जीतने की क्षमता रखते हैं।

## श्री मृत्युंजय महादेव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा और भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन सोन।** पुलिस लाइन स्थित नवनिर्मित श्री मृत्युंजय महादेव मंदिर में शुक्रवार की देर शाम प्राण-प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना का भव्य आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन के बाद मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, हवन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। मुख्य यजमान सुशांत कुमार मंडल की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई, जिसके पश्चात मूर्ति स्थापना वैदिक रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुई। कार्यक्रम में आचार्य संदीप जी महाराज ने विधिवत पूजा करवाई और शिव महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों में भाग लेना सौभाग्य और पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम में शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ. सत्य प्रकाश, रोहतास एसपी रौशन कुमार, एएसपी कोटा किरण कुमार, कैमूर के डीडीसी सूर्य प्रताप सिंह, डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार समेत पुलिस विभाग के अनेक पदाधिकारी व जवान उपस्थित रहे। सभी ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। डीआईजी डॉ. सत्य प्रकाश ने कहा कि महादेव के दरबार में सेवा करना परम सौभाग्य की बात है। भगवान शिव समरसता, सेवा और करुणा का प्रतीक हैं। हमें इनसे प्रेरणा लेकर समाज में भाईचारा और सद्भाव बनाए रखना चाहिए। मंदिर परिसर में पूरे दिन धार्मिक आयोजनों का दौर चलता रहा। हवन, कलश पूजन व कीर्तन से माहौल पूरी तरह शिवमय बना रहा। इस अवसर पर रोहतास पुलिस परिवार के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और शिव कृपा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सतत गुणवत्ता संस्कृति की दिशा में भारत की पहल: बीआइएस की भूमिका महत्वपूर्ण

**पटना।** वैश्वीकरण और सतत विकास के दौर में भारत की आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक प्रगति के लिए सतत गुणवत्ता संस्कृति का विकास अनिवार्य हो गया है। यह संस्कृति दो मुख्य आधारों पर टिकी है– गुणवत्ता युक्त उत्पादों की विश्वसनीय आपूर्ति और जागरूक, गुणवत्ता-सचेत उपभोक्ताओं की सशक्त मांग। इन दोनों के बीच संतुलन ही दीर्घकालिक विकास, उपभोक्ता विश्वास और सुरक्षा की नींव बनता है।

**आपूर्ति पक्ष को मजबूत कर रहा है बीआइएस**

भारत की राष्ट्रीय मानक संस्था भारतीय मानक ब्यूरो इस दिशा में केंद्रीय भूमिका निभा रहा है। आइएसआइ मार्क, हॉलमार्किंग और एटइ जैसी योजनाओं के तहत बीआइएस गुणवत्ता-प्रमाणित उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। कारखानों का निरीक्षण, उत्पादों की सैंपलिंग और तृतीय पक्ष परीक्षण जैसे उपाय अपनाकर यह सुनिश्चित किया जाता है कि उत्पाद भारतीय मानकों पर खरे उतरें।



चंद्रकेश सिंह
वैज्ञानिक-ई एवं निदेशक, पटना शाखा कार्यालय, भारतीय मानक ब्यूरो

**डिजिटल माध्यम से उपभोक्ताओं को किया जा रहा जागरूक**

गुणवत्ता की मांग को प्रोत्साहित करने के लिए बीआइएस ने बीआइएस केयर ऐप लांच किया है, जिससे उपभोक्ता उत्पाद की प्रमाणिकता की जांच कर सकते हैं, शिकायत दर्ज कर सकते हैं और प्रमाण की स्थिति जान सकते हैं। साथ ही स्टैंडर्ड्स वॉच नामक यूट्यूब सीरीज़ के माध्यम से उपभोक्ताओं को मानकों की जानकारी भी दी जा रही है।

**स्थानीय भागीदारी और संवाद को मिली प्राथमिकता**

बीआइएस द्वारा मानक मंथन और मानक संवाद जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर स्थानीय उद्योगों, नए लाइसेंसधारकों और एमएसएमई इकाइयों को मानकीकरण की प्रक्रिया से जोड़ा जा रहा है। वहीं समाधान संवाद जैसे प्रत्यक्ष समाधान मंच से हर महीने लाइसेंस से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

**स्कूली शिक्षा से लेकर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम तक गुणवत्ता का समावेश**

पटना शाखा कार्यालय द्वारा 140 से अधिक स्कूलों और कॉलेजों में स्टैंडर्ड्स क्लब्स की स्थापना की गई है, जिससे युवाओं में प्रारंभिक स्तर से गुणवत्ता के प्रति समझ विकसित की जा सके। साथ ही, इंजीनियरिंग कॉलेजों में मानकों से संबंधित विषयों को शामिल करने की भी पहल की जा रही है।

**एसडीजी लक्ष्यों से मेल, आत्मनिर्भर भारत की ओर एक ठोस कदम**

बीआइएस की यह संपूर्ण पहल संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी- 9: उद्योग, नवाचार और अवसंरचना तथा एसडीजी-12: जिम्मेदार खपत और उत्पादन) के साथ पूर्णतः संगत है। यह भारत को मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक विश्वसनीय विनिर्माण और सेवा केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करता है।

## एक नजर

### अज्ञात चोरों ने बाइक चुराई

**डिहरी ऑन सोन।** थाना क्षेत्र के नीलकोठी इलाके में शुक्रवार को अज्ञात चोरों ने एक युवक की बाइक चुरा ली। बाइक चोरी की यह घटना पास सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें दो अज्ञात युवक चोरी की वारदात को अंजाम देते दिख रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, डिलिया निवासी सद्दाम हुसैन अपने बहन के घर नीलकोठी आए हुए थे। थोड़ी देर बाद जब वे घर से बाहर निकले, तो देखा कि उनकी बाइक (नंबर- बीआर 24 बी 0995) वहां से गायब थी। परिजन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें बाइक चोरी करते हुए दो संदिग्ध युवक नजर आए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### गश्ती के दौरान बालू लदा डाला बरामद

**डिहरी ऑन सोन।** नगर थाना पुलिस ने गुरुवार रात गश्ती के दौरान थाना चौक के पास से एक बालू लदे ट्रैक्टर डाला को जब्त किया। ट्रैक्टर चालक पुलिस को आता देख बालू से लदा डाला वहीं छोड़ ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, गश्ती के दौरान सूचना मिली थी कि एनिकट रोड की ओर से एक ट्रैक्टर पर अवैध रूप से बालू लोड कर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर जब पुलिस ने पीछा किया तो दुर्गा मंदिर के समीप चालक ट्रैक्टर से डाला अलग कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने बालू लदे डाले को जब्त कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। अवैध बालू परिवहन पर पुलिस ने निगरानी और तेज कर दी है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**डिहरी ऑन सोन।** नोखा थाना क्षेत्र के मौजराढ गांव निवासी ज्योति प्रिया झुनझुनवाला ने दहेज उत्पीड़न को लेकर अपने पति दीपक वर्मा, सास और ननद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उससे दस लाख रुपये नकद और एक स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग की जा रही थी। ज्योति प्रिया के अनुसार, जब उसने यह मांग पूरी करने में असमर्थता जताई, तो उसे प्रताड़ित किया जाने लगा और अंततः ससुराल से बाहर निकाल दिया गया। यह विवाह 13 दिसंबर 2022 को संपन्न हुआ था। पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में महिला घायल, दो पर प्राथमिकी दर्ज

**डिहरी ऑन सोन।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के काली बिगहा निवासी प्रभावती देवी ने प्रदीप कुमार और डब्लू कुमार पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभावती देवी ने पुलिस को बताया कि किसी विवाद को लेकर दोनों आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गईं। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चाचा ने की भतीजे की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन।** अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के बेलगढ़ी गांव में हुई गोलीकांड की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने बताया कि यह मामला आपसी रंजिश का परिणाम है, जिसमें गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य ग्रामीण घायल हो गया। एसपी ने बताया कि ग्राम बेलगढ़ी निवासी सुरेंद्र यादव और विनोद यादव के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। इसी विवाद को लेकर सुरेंद्र यादव का साला गांधी यादव शनिवार की सुबह चार अन्य लोगों के साथ बेलगढ़ी पहुंचा। वहां उसकी विनोद यादव से फिर कहासुनी हुई, इसी दौरान नशे में धुत गांधी यादव ने फायरिंग कर दी। लेकिन गोली गलती से उसके ही भतीजे जयप्रकाश यादव को लग गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना में गांव का ही एक अन्य निर्दोष ग्रामीण सुग्रीव यादव भी घायल हो गया, जो बीच-बचाव करने गया था। उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हत्या के बाद आरोपित गांधी यादव ने शव को गांव में लाकर यह अफवाह फैलाई कि घटना नोखा थाना क्षेत्र में हुई है, जबकि वास्तविक रूप से यह घटना अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र की है। फिलहाल मुख्य आरोपित गांधी यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह अभी नशे में है और उससे पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है। पुलिस ने कहा है कि मामले की गहन जांच कर सभी दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

## देवघर दौरा स्थगित: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अब 10 जून को नहीं आएंगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का प्रस्तावित देवघर दौरा फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। राष्ट्रपति 11 जून को देवघर एम्स में आयोजित पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करने वाली थीं। इस दौरान उनका बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में दर्शन-पूजन का कार्यक्रम भी तय था। हालांकि, शुक्रवार देर शाम राष्ट्रपति भवन की ओर से राज्य सरकार और देवघर जिला प्रशासन को सूचित किया गया कि राष्ट्रपति अब 10 जून को देवघर नहीं पहुंचेंगी। दौरा स्थगित होने के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा समेत तमाम तैयारियां शुरू हो चुकी थीं। अब दौरे की नई तिथि की प्रतीक्षा की जा रही है।

## अरवल में भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया पौधारोपण 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को दिया बढ़ावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय, अरवल में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी की अगुवाई में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से हमें पर्यावरण सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण को एक जन आंदोलन का रूप देना चाहिए। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हर कार्यकर्ता से कम से कम एक पेड़ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक गंभीर चेतावनी है कि हमें अब प्लास्टिक के अत्यधिक प्रयोग को रोकना होगा और अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर प्रदूषण पर नियंत्रण पाना होगा। इस दिशा में जनजागरूकता के साथ-साथ व्यवहारिक पहल जरूरी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने पर्यावरण सरंक्षण की शपथ ली। वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण दिवस को सार्थक बनाने की दिशा में यह पहल जिले में सराहनीय कदम मानी जा रही है।

## ईद-उल-अजहा का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न डीएम-एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भभुआ।** जिले में ईद-उल-अजहा का त्योहार गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। मुख्य नमाज शहर के प्लस टू हाई स्कूल मैदान में अता की गई, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी और खुशियों का इजहार किया। जिला प्रशासन की ओर से त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारी की गई थी। डीएम सुनील कुमार एवं एसपी हरिमोहन शुक्ला स्वयं मुख्य नमाज स्थल पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पर्व को लेकर जिलेभर में कुल 168 स्थानों पर दंडाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों व जवानों की तैनाती की गई थी। वहीं, संवेदनशील इलाकों और शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी के तहत प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारी लगातार भ्रमणशील रहे और स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। जिले में कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। प्रशासन ने अमन और भाईचारे के साथ इस पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सड़क हादसे में दरोगा की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-बक्सर फोरलेन पर शनिवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में एक दरोगा की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना इटवा गांव के समीप उस समय हुई जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही वैगनआर कार को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दरोगा बुरी तरह फंस गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और कार में फंसे दरोगा को बाहर निकालकर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक दरोगा की पहचान मो. जलालुद्दीन के रूप में हुई है, जो बकरीद के अवसर पर अपने गांव कुर्बानी देने जा रहे थे। हादसे में ट्रक चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरा-बक्सर फोरलेन पर आए दिन हादसे होते हैं, लेकिन ट्रैफिक नियंत्रण के कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## जिले के 4.40 लाख बच्चों का आधार बनाना अभी बाकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शिक्षा विभाग के निर्देश पर जुलाई माह में एक बार फिर स्कूलों में आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिले के सरकारी एवं निजी स्कूलों में नामांकित कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों के लिए आधार कार्ड बनवाना अनिवार्य किया गया है, ताकि सभी बच्चों की ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (अपार आईडी) जनरेट की जा सके। जिला शिक्षा विभाग के अनुसार, जिले में कुल 10 लाख 23 हजार छात्र-छात्राएं विभिन्न स्कूलों में पढ़ रहे हैं। इनमें से अब तक केवल 5 लाख 6 हजार बच्चों की ही अपार आईडी बन सकी है। शेष बच्चों की आईडी आधार कार्ड नहीं होने के कारण लंबित है। इस समस्या को देखते हुए शिक्षा विभाग ने निर्णय लिया है कि जुलाई में एक बार फिर स्कूलों को आधार पंजीकरण केंद्र के रूप में सक्रिय किया जाएगा। इस अभियान के तहत लगभग 4 लाख 40 हजार बच्चों का आधार कार्ड बनाना लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि बिना आधार के बच्चों की अपार आईडी नहीं बन सकेगी, जिससे उनका शैक्षणिक रिकॉर्ड डिजिटल सिस्टम में दर्ज नहीं हो पाएगा। विभागीय अधिकारियों ने सभी विद्यालयों को निर्देशित किया है कि वे अपने स्तर से आधार कार्ड बनवाने में सक्रिय सहयोग करें, ताकि प्रत्येक छात्र का डिजिटल शैक्षणिक खाता समय पर तैयार हो सके।


**Affidavit**

I, Rakhee Kumari W/o Pankaj Kumar, permanent Address : NE- 1 Ashutosh Residential Complex, H.B. Road, Near Orchid Hospital, Lalpur, Ranchi, Jharkhand- 834001 and correspondence address H/o Ram Babu Singh Vishwanth Nagar, Road No.03, Begusarai, Bihar 851101. My correct name is Rakhee Kumari but in my Passport as Rakhi Kumari due to error. Due to which, I am not able to renew my passport.My name admitted in my all IDs i.e. Aadhar card, Pan card Bank Account etc. as Rakhee Kumari.

Affidavit no-4572 Date- 06/06/2025


## पटना में 8 जून को होगा सूढ़ी अधिकार महासम्मेलन, डिहरी से सैकड़ों लोग होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन।** राजधानी पटना स्थित बापू सभागार में आगामी 8 जून को आयोजित होने वाले सूढ़ी अधिकार महासम्मेलन में रोहतास जिले से सैकड़ों लोग भाग लेंगे। शौण्डिक युवा मंच, डेहरी डालमियानगर के बैनर तले इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों की भागीदारी तय मानी जा रही है। जानकारी देते हुए मंच के प्रतिनिधि विनोद गुप्ता ने बताया कि रोहतास जिले से लगभग एक हजार लोगों के सम्मेलन में भाग लेने की तैयारी है। डेहरी से दर्जनों वाहनों के माध्यम से 100 से 200 लोगों का जत्था पटना रवाना होगा। उन्होंने कहा कि इस महासम्मेलन में पूरे बिहार से लाखों की संख्या में समाज के लोग जुटेंगे।

## स्व. कृष्ण किसलय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा पत्रकारिता और साहित्य में योगदान को किया स्मरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन सोन।** वरिष्ठ पत्रकार स्व. कृष्ण किसलय की चौथी पुण्यतिथि पर उनके निवास पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक प्रतिनिधियों ने उनकी स्मृति में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की शुरुआत स्व. किसलय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने उनके संघर्षशील जीवन, निष्पक्ष पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों को याद करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र मिश्रा ने कहा कि स्व. कृष्ण किसलय सिर्फ एक निर्भीक पत्रकार ही नहीं, बल्कि संवेदनशील साहित्यकार भी थे। उन्होंने कई किताबें लिखीं, जिनमें कुछ प्रकाशित हो चुकी हैं और कुछ प्रकाशनाधीन हैं। उनका लेखन समाज को जागरूक करने वाला रहा है। वरिष्ठ पत्रकार मुकेश पांडेय ने उन्हें जमीनी पत्रकार की संज्ञा दी और कहा कि वे हमेशा सामाजिक मुद्दों की तह तक जाकर रिपोर्टिंग करते थे। जगनारायण पांडेय ने उन्हें संघर्षशील और जुझारू पत्रकार बताया, जबकि पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह ने कहा कि स्व. किसलय जन सरोकारों के मुद्दों पर पैनी नजर रखते थे और कभी भी सच्चाई के लिए मैदान में उतरने से पीछे नहीं हटते थे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार निशांत राज ने किया। इस अवसर पर भाजपा नगर महामंत्री रविशंकर राय, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, कार्यकर्ता उमेश सिंह, अरविंद कुमार सिंह, कुणाल यादव, विनोद यादव, रंजीत कुमार सहित पत्रकार रामप्रताप चौधरी, मदन कुमार और कई समाजसेवी उपस्थित थे।


**पूर्वोत्तर रेलवे** | **ई–नीलामी सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

**आक्शन कैटलाग नम्बर– BSB 12 PARKING 25**

| कार्य का विवरण | अवधि | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| मऊ जं. स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टेण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 10.30 बजे तक |
| सीवान कचहरी हाल्ट स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 10.40 बजे तक |
| माधोसिंह स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 10.50 बजे तक |
| जीरादेई स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टेण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 11.00 बजे तक |
| चौरी चौरा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 11.10 बजे तक |
| फेफना स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 11.20 बजे तक |
| कादीपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टेण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 11.30 बजे तक |
| बनकटा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 10.40 बजे तक |
| रामकोला स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 11.50 बजे तक |
| क्रिडिहरापुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 12.00 बजे तक |
| युसुफपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 12.10 बजे तक |
| सहतवार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टेण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 12.20 बजे तक |
| कर्मुदीनपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 12.30 बजे तक |
| रसड़ा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टेण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 12.40 बजे तक |
| दाउदपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टेण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 12.50 बजे तक |
| चितवड़ागाँव स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 13.00 बजे तक |
| चैनवा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 23.06.2025 | 10.00 बजे से 13.10 बजे तक |

• ई–नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर आनलाइन होगी। • ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर आनलाईन रू.10,000/- +18% GST (Non Refundable) आनलाईन जमा कर एक बार (One Time Registration) कराना आवश्यक है। साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। • ई–नीलामी (E-Auction) से सम्बन्धित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य–59 | सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# जाम की समस्या को लेकर उच्चस्तरीय बैठक, डीएम-एसपी ने दिए कई अहम निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** हिसुआ बाजार और विश्व शांति चौक पर लगातार लग रहे जाम से लोगों को निजात दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार देर रात हिसुआ थाना परिसर में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

बैठक में जाम की विकराल होती समस्या को गंभीरता से उठाया गया। आम नागरिकों ने बताया कि प्रतिदिन जाम के कारण आवागमन बाधित होता है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। डीएम ने सभी की बातों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र कारगर समाधान का आश्वासन दिया।



**बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयः**

- मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंधः सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक गया से नवादा की ओर आने वाली मालवाहक गाड़ियों पर हिसुआ बाजार क्षेत्र में रोक रहेगी। हालांकि, नवादा से गया की ओर जाने वाली गाड़ियों को छूट दी जाएगी।
- बस स्टैंड का स्थानांतरणः वर्तमान बस स्टैंड (विश्व शांति चौक) को अब तमसा घाट स्थानांतरित किया जाएगा। वहीं, नवादा से राजगीर जाने वाली बसों को अब रेलवे फाटक के पास बने बायपास से भेजा जाएगा, जिससे चौक पर यातायात दबाव घटेगा।
- सड़क सौंदर्यीकरणः हिसुआ बाजार की दोनों ओर की सड़कों पर पेवर ब्लॉक लगाने और मेटल बैरिकेडिंग का कार्य नगर परिषद को सौंपा गया। साथ ही, हिसुआ बस स्टैंड को भी विकसित कर वहां पेवर ब्लॉक बिछाने के निर्देश दिए गए।
- सब्जी बाजार और मोटरसाइकिल स्टैंडः रेफरल अस्पताल के पास मोटरसाइकिल स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। वहीं, समीप की सरकारी भूमि में सब्जी बाजार को स्थानांतरित कर वहां शेड व पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे।
- ट्रैफिक प्रबंधनः विश्व शांति चौक पर स्थित मेटल टावर को हटाकर उसकी जगह ट्रैफिक चेक पोस्ट स्थापित किया जाएगा, जिससे चौराहे पर यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके।
- पांचू तालाब का सौंदर्यीकरणः पांचू तालाब को समग्र शहरी विकास योजना के तहत विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत बाउंड्री, ग़ज़ेबो, फाउंटेन, लाइट और पौधारोपण का कार्य प्रस्तावित है।

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद हिसुआ के कार्यपालक पदाधिकारी, हिसुआ के बीडीओ और सीओ समेत बस स्टैंड एजेंट, जनप्रतिनिधि और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन की इन पहलियों का स्थानीय नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि अब उन्हें जाम से शीघ्र राहत मिलेगी।

# डायट नवादा में योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ, बड़ी संख्या में लोगों ने लिया लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर शनिवार को जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), नवादा परिसर में निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य विनय कुमार सिंह चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण शिविर का संचालन योग प्रशिक्षक डॉ. राजू रंजन कुमार के निर्देशन में किया गया। पहले दिन प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और मुद्राओं से परिचित कराया गया। साथ ही असाध्य माने जाने वाले रोगों जैसे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, साइटिका, थायरॉइड, गैस्ट्रिक, जोड़ों के दर्द और रीढ़ से संबंधित समस्याओं पर योग से राहत पाने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। गीत-संगीत से सजी इस योग सत्र में हर आयु वर्ग के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सक डॉ. सुनीति कुमार ने डॉ. राजू रंजन के प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि उनकी संप्रेषणीयता, स्पष्टता और कलात्मक शैली से योगासन सहज, सरल और प्रभावी हो जाते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की। योगाभ्यास में प्रमुख रूप से अवधेश कुमार, रामलखन प्रसाद, रामबिलास प्रसाद, रामरूप प्रसाद यादव, मथुरा पासवान, चंद्रिका प्रसाद, राकेश कुमार, सुरेश प्रसाद, विशाल कुमार, सुमन कुमारी वर्मा, अंकिता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, सुप्रिया कुमारी, कुमारी किरण प्रभात, डॉ. राजेश रंजन सहित दर्जनों प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# डीएम व एसपी ने शहर का भ्रमण कर विधि-व्यवस्था पर रखी पैनी नजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी नालंदा द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बकरीद के अवसर पर विधि-व्यवस्था शांति व्यवस्था संधारण के लिए नगर निगम, बिहारशरीफ शहरी क्षेत्रान्तर्गत प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की उपस्थिति का भ्रमण कर संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रतिनियुक्त स्टैटिक दंडाधिकारी अनुपस्थित पाए गए जिसमें अभय कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक, आत्मा हरनौत, प्रतिनियुक्ति स्थल खासगंज मुहल्ला मंदिर के आसपास, प्रियांशु कुमार, सहायक योजना पदाधिकारी, नालंदा, प्रतिनियुक्ति स्थल महलपर तिराहा, पवन कुमार, पंचायत तकनीकी सहायक, अस्थावां,



प्रतिनियुक्ति स्थल सालूगंज मोड़, खगेश रंजन, सहायक योजना पदाधिकारी, नालंदा, प्रतिनियुक्ति स्थल कंटा पर कब्रिस्तान के पास, प्रताप कुमार निराला, राजस्व कर्मचारी कैला (अस्थावा), प्रतिनियुक्ति स्थल बाबा मणिराम अखाड़ा, तिनमुहानी, मनीष कुमार, राजस्व कर्मचारी, दरूआरा, नूरसराय, प्रतिनियुक्ति स्थल सोगरा कॉलेज मोड़ के पास, दामोदर राम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सरमेरा, प्रतिनियुक्ति स्थल नेहला मस्जिद के पास शामिल है। जिलाधिकारी द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए सभी अनुपस्थित स्टैटिक दंडाधिकारियों से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण पूछते हुए आज की वेतन भुगतान पर रोक लगा दिया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारियों के विरूद्ध विभागीय, अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। इसके अलावे जिलाधिकारी ने सभी नियंत्रण कक्ष एंव आईसीसीसी में लगे सीसीटीवी का एक-एक फूटेज देखकर शहर के शांति व्यवस्था का स्वयं मॉनिटरिंग, निरीक्षण किया।

# अमन, भाईचारे और उल्लास के साथ मनी बकरीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नारदीगंज/कौआकोल/नवादा।** नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत जामा मस्जिद में शनिवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा पवित्र पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) को शांति और भाईचारे के साथ मनाया गया। मस्जिद के इमाम मोहम्मद अशफ़ाक रज़ा ने नमाज अदा कराई और कुर्बानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व पैगंबर हज़रत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की अल्लाह के प्रति भक्ति और उनके पुत्र हज़रत इस्माईल की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है।

इस अवसर पर वार्ड सदस्य तनवीर आलम, जावेद आलम, वसीम, बबलू आलम, अमन सिद्दीकी, डॉ. रकीब खान, डॉ. मुर्तजा खान, जुबैर खान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे वहीं प्रशासनिक सतर्कता भी पूर्ण रूप से बनी रही। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी, एसआई धीरेंद्र पासवान, पीटीसी अभिषेक आनंद सहित सशस्त्र बल मौके पर विधि-व्यवस्था के प्रति सजग दिखे। पड़रिया अब्दुलपुर स्थित मदीना मस्जिद में भी नमाज के बाद एक-दूसरे से





गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी गई। इमाम हफीज शहाबुद्दीन, मसीहद्दीन, मुनव्वर आलम, फहीम, इलियास, डॉ. आफताब, अब्बास, जहांगीर, अलाउद्दीन सहित ग्रामीणों ने देशवासियों को अमन व शांति का संदेश दिया। बस्ती बिगहा, बहादुरगंज, मसौढ़ा, चिरैयां, हरनारायणपुर व पेश गांवों में भी त्योहार पूरी श्रद्धा, उल्लास और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाया गया।

**कौआकोल में गंगा-जमुनी तहज़ीब के साथ मना बकरीद, हिंदू भाइयों ने भी दी मुबारकबाद**

कौआकोल प्रखंड में भी शनिवार को बकरीद का त्योहार उत्साह, श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय समेत सभी मस्जिदों व ईदगाहों में तय समय पर नमाज अदा की गई। नमाज के बाद अमन, शांति, खुशहाली और देश की तरक्की की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर गंगा-जमुनी तहज़ीब का भी सुंदर दृश्य देखने को मिला। नमाज के बाद हिंदू समाज के लोगों ने मुस्लिम भाइयों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे सामाजिक सौहार्द और मजबूत हुआ। घर-घर लज़ीज व्यंजनों का दौर चला, लोग एक-दूसरे के घर जाकर ईद की शुभकामनाएं देते रहे। दिन भर रौनक और मेल-मिलाप का माहौल कायम रहा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारी की निगरानी में पुलिस बल की तैनाती रही। कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार, सीओ मनीष कुमार एवं एसएचओ दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल सड़कों पर गश्त करते रहे।

# छेड़छाड़ की घटना पर समाज ने की आरोपित की अविलंब गिरफ्तारी की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** वारसलीगंज थाना क्षेत्र के शहीद चंदन सिंह चौक के पास एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आने के बाद स्थानीय समाज में भारी आक्रोश फैल गया है। घटना में 14 वर्षीय छात्रा के साथ पड़ोस के ही निवासी शिवबालक यादव (उम्र 48 वर्ष) पर गलत नीयत से अभद्रता करने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। बताई जा रही है कि पीड़िता एक मेधावी छात्रा है, जिसने हाल ही में मैट्रिक परीक्षा में शानदार अंक लाकर जिले का नाम रोशन किया है। यह छात्रा अति पिछड़ा वर्ग से आती है, जिसके चलते इस घटना को लेकर सामाजिक संगठनों में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।



घटना की जानकारी मिलने पर भारतीय जनता पार्टी के नेता रवि गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और हरसंभव न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में साहू समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र विशाल, वरिष्ठ नेत्री सावित्री देवी, कामरेड व समाजसेवी उत्तम कुमार, विनय कुमार सुमन सहित कई लोग शामिल रहे। सभी ने मिलकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और जिला प्रशासन से दोषी की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है तो अति पिछड़ा समाज जिला स्तर पर आंदोलन करेगा। वहीं, प्रतिनिधिमंडल ने वारसलीगंज थाने के वरीय अधिकारियों से भी मुलाकात कर पीड़ित परिवार को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। इस घटना ने न सिर्फ पीड़ित परिवार को भयभीत किया है, बल्कि समाज के भीतर न्याय और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं।

# भारी मात्रा में शराब बरामद, कारोबारी फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सिलाव पुलिस ने भारी मात्रा मे शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष मो. इरफान खान ने बताया कि उत्पाद विभाग पटना से सूचना प्राप्त हुई कि पावापुरी थाना क्षेत्र के बकरा गांव निवासी दीपक कुमार एवं धरहरा गांव निवासी शिशुपाल कुमार एंव निवासी जीतेन्द्र कुमार के नवनिर्मित मकान मे रखने के लिए भारी मात्रा मे शराब लाया जा रहा है। शराब का खेप व कारोबारी को गिरफ्तार करने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठन कर घेराबन्दी की गई तो नानंद धरहरा रोड मे पिकअप व ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर भागने लगा जांच पड़ताल मे 175 कार्टून मे 4200 बोतल बीयर कुल 2100 लीटर शराब मिला।

# जूनियर बालिका नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता की तैयारी जोरों पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 47वीं जूनियर बालिका राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर हैं। यह प्रतियोगिता 18 से 22 जून तक मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर, नवादा में आयोजित की जाएगी। आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु शनिवार को विद्यालय सभागार में आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा की गई और आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से विभिन्न उप-समितियों का गठन किया गया। इनमें आवासन, भोजन, मैदान की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, पारितोषिक वितरण, तकनीकी सहयोग और स्वागत सत्कार से जुड़ी समितियां शामिल हैं।



प्रतियोगिता हैंडबॉल फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में, बिहार हैंडबॉल संघ व नवादा जिला हैंडबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। इसमें देशभर के 27 राज्यों से बालिका खिलाड़ी, प्रशिक्षक, टीम मैनेजर, नेशनल रेफरी, विभिन्न राज्य संघों के अध्यक्ष एवं सचिव हिस्सा लेंगे। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं विद्यालय निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शिवकुमार प्रसाद, संयोजक अलखदेव यादव, बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा, आयोजन सचिव राकेश रंजन, संयुक्त सचिव श्रवण कुमार बरनवाल, उप प्राचार्य एम. के. विजय, शिक्षक समीर सौरभ, गोपाल प्रसाद, वरिष्ठ खिलाड़ी सचिन कुमार, मुकेश कुमार, राजीव रंजन सिन्हा, व्यवस्थापक विनोद कुमार, प्रशिक्षक नीतीश कुमार व कल्पना कुमारी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान बिहार टीम के चल रहे आवासीय प्रशिक्षण शिविर का भी निरीक्षण किया गया। आयोजन अध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार सिंह और महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने शिविर में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें जीत के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रशिक्षण शिविर में शामिल प्रमुख खिलाड़ीः

मुस्कान, पम्मी, निधि, तृप्ति, दूजा (सारण), सिमरन, सोनी, सोनाली, मानसी, सिमरन कुमारी (पटना), प्रेमलता, जानवी, करिश्मा, सिमरन (नवादा), रिया, कोमल (वैशाली), रुचि (मुंगेर), गोल्डी, पूजा (कैमूर), पल्लवी (मोतिहारी), श्वेता (मुंगेर)।

प्रतियोगिता को लेकर नवादा में खेल प्रेमियों में उत्साह का वातावरण है।

# राष्ट्रीय महासचिव के आगमन को ले माले कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य 12 जून को वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को लेकर वारिसलीगंज में कन्वेंशन को संबोधित करेंगे। कन्वेंशन की तैयारी को लेकर शनिवार को पकरीबरावां के डाक बंगला मैदान में प्रखंडस्तरीय बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव महावीर मांझी ने की। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले बिहार राज्य कमिटी सदस्य नरेंद्र प्रसाद सिंह एवं वारिसलीगंज विधानसभा प्रभारी अजित कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से कहा कि नीतीश एवं भाजपा के 20 साल के शासन से बिहार की जनता ऊब चुकी है। अब और नहीं चाहिए नीतीश भाजपा की सरकार। राज्य में सामंती सांप्रदायिक ताकतों का मनोबल आसमान पर है। कानून का डर नहीं है। इसलिए अपराधियों द्वारा बेखौफ अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसी सामंती अपराधी ताकतों वाली सरकार को उखाड़ फेंकने की आज जरूरत है। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद चौहान, वाल्मीकि मेहता, रामानंदन मांझी, लटन दास, अनिल सिंह, किशुन यादव, भोला यादव, राजो राजवंशी, सुरेश मांझी, दुलारी देवी, पटिया देवी, शोभा मांझी, सरस्वती देवी, धर्मशिला देवी, कौशल्या देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# तेज हॉर्न से बाजार क्षेत्र में बढ़ रही परेशानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पकरीबरावां।** स्थानीय बाजार से होकर गुजरने वाले वाहनों के तेज हॉर्न ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। आमजन का कहना है कि चालक भीड़-भाड़ न होने की स्थिति में भी लगातार तेज हॉर्न बजाते हैं, जिससे ध्वनि प्रदूषण चरम पर है। बताया गया कि हॉर्न की आवाज़ निर्धारित 40 डेसीबल से कहीं अधिक होती है, जो सीधे लोगों की श्रवण क्षमता को प्रभावित कर रही है। नागरिकों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**प्रतिबंध के बावजूद रातभर बज रहा डीजे, लोग हो रहे परेशान**



**पकरीबरावां।** प्रशासन के निर्देश के बावजूद विवाह एवं अन्य समारोहों में डीजे के उपयोग पर रोक का पालन नहीं हो रहा है। रातभर तेज आवाज़ में डीजे बजने से आसपास के लोगों को नींद पूरी नहीं हो पा रही है और मानसिक तनाव बढ़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से सख्त निगरानी एवं कार्रवाई की मांग की है, ताकि ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाई जा सके।

**सड़क हादसे में युवक की मौत, नाई समाज ने जताया शोक**

**पकरीबरावां।** शेखपुरा जिले के सुमका गांव निवासी रविन्द्र शर्मा के पुत्र विकास कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस दुखद घटना पर नाई समाज के डॉ. एके शर्मा, अर्जुन शर्मा, जितेंद्र कुमार शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, उपेन्द्र शर्मा एवं अनिल शर्मा समेत अन्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। समाज ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की।

**कौड़िहारी नहर पुल की हालत खस्ताहाल, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

**पकरीबरावां।** कचना-रूपौ मार्ग पर स्थित कौड़िहारी नहर पर बना पुल पूरी तरह जर्जर हो चुका है। प्रतिदिन इस मार्ग से सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय समाजसेवी बसंत पासवान ने पुल की मरम्मत के लिए जिला प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

# विधायक ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढाढस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पकरीबरावां।** गुरुवार की रात को नवादा- जमुई पथ पर कचना मोड़ के पास सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को वारिसलीगंज विधानसभा की विधायक अरुणा देवी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मृतकों के घर पहुंचीं। उन्होंने परिवार वालों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढाढस बांधते हुए कहा कि दुख की घड़ी में वे परिवार वालों के साथ हैं। उन्होंने इस मामले में अनुमंडल पदाधिकारी से बात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने मृतक के पिता दशरथ कुमार शर्मा एवं भरत मिस्त्री से दुख की बेला में धैर्य से काम लेने को कहा। इस अवसर पर रामसकल सिंह, मुकेश सिंह, अभय सिंह, घेनु मिस्त्री सहित अन्य उपस्थित थे। इसके बाद विधायक शांतिनगर स्थित पत्रकार धर्मेंद्र कुमार वर्मा के आवास पर गए। वहां उनके भाई एवं पकरीबरावां के प्रसिद्ध व्यवसायी ब्रजभूषण प्रसाद वर्मा के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवार वालों से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को ढाढ़स बंधाया। इस अवसर पर उपेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. अशोक कुमार वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# चोरों ने बंद पड़े घर में की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** वेना थाना क्षेत्र के अरौत गांव में मुंडन करने घर से बाहर बाबाधाम गए एक व्यक्ति के घर में बंद पड़े घर से अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। चोरों ने बंद पड़े घर से नकद रुपए, ज्वैलरी, सर्टिफिकेट और पीतल व कांसा के बर्तन को चोरी कर फरार हो गया। इस संबंध में पीड़ित गृह स्वामी अनिल प्रसाद ने बताया कि वह 5 जून को अपने परिवार के साथ मुंडन कराने के लिए बाबा धाम गए थे घर में ताला लगा था। मुंडन कराने के बाद वह शनिवार को रात्रि 11 बजे घर पहुंचे जब अंदर देखा तो ट्रंक का ताला टूटा हुआ है



सामान बिखरा पड़ा था जब सामान को खोजबीन करने लगा तो कमरे से बाहर अटैची फेंका हुआ था। जिसमें श्रृंगार बॉक्स में रखे सोने का ज्वैलरी गायब था। चोरों ने सोने का एक झुमका, सोने का दो चैन,दो सर्टिफिकेट, चार पीस कानबाली, एक पुराना लैपटॉप, 32 हजार नकद समेत कांसा एवं पीतल का बर्तन को चोरी कर लिया। पीड़ित गृह स्वामी ने बताया कि घर का मुख्य दरवाजा बंद था। लेकिन अन्दर के कमरा का दरवाजा नहीं लगाए थे दरवाजा लगाना भूल गए थे। घटना की सूचना वेना थाना की पुलिस को दिया गया जहां सूचना की जानकारी मिलते ही पुलिस उक्त स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चोर घर के ऊपर से फांदकर घर के अंदर प्रवेश किया है लेकिन कोई निशान नहीं मिले हैं जांच किया जा रहा है पीड़ित के द्वारा चोरी का आवेदन वेना थाना में दिया गया है।

# सड़क दुर्घटना में दो वाहन क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सिलाव बाजार स्थित तिनमुहानी बाईपास पर अलग-अलग सड़क दुर्घटना मे मारूति व बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। शनिवार के लगभग दस बजे बिहारशरीफ के तरफ से आ रहे अपाची बाइक सवार तेज रफ्तार व लहेरीयाकट चलाते दो युवक कार के चपेट मे आकर संयोग रहा की मामुली चोट आई बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया पीछे से आ रहे ट्रैक्टर चालक की सुझबुझ से दोनो युवक की जान बची। दूसरी ओर संध्या लगभग चार बजे मारूति पर सवार युवक मारूति को डिवाइडर से टकराकर हवा मे उछल मारते हुए दूकान के आगे रखे कर्कट के थाक मे जाकर जोरदार टक्कर मारा संयोग रहा कि कर्कट व दुकान के पास खडी स्कूटी क्षतिग्रस्त हुआ मारूति का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दोनो सड़क दुर्घटना भयंकर था संयोग रहा की जान का नुकसान नही हुआ। दोनो वाहन के चालक नवालिक बताए जा रहे है। स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# करोड़ों की ठगी करने वाला शातिर पटना से धराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना पुलिस ने करोड़ों के ठगी के आरोपित को पटना में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया शातिर कतरीसराय के गोवर्धन बिगहा निवासी उदय कुमार वर्मा है। शातिर पर लहेरी थाना में दो केस दर्ज है। जिसमें उसकी पत्नी मीना देवी और पुत्र अमित कुमार आरोपित है। परिवार का कुनबा रामचंद्रपुर स्थित आलीशान मकान को बेचने का झांसा देकर कई लोगों से करोड़ों की ठगी कर चुका है। लहेरी पुलिस ने पूर्व में शातिर की पत्नी मीना देवी को को-ऑपरेटिव कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया था। महिला पैक्स अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के लिए एनओसी लेने आई थी। उसी दौरान उसकी गिरफ्तारी हुई। शातिर का आरोपित पुत्र फरार चल रहा है। दो पीड़ितों ने लहेरी थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एक पीड़ित से 37 और दूसरे से 44 लाख की ठगी हुई थी। मानपुर थाना में भी आरोपित परिवार पर केस दर्ज है।



थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि आरोपित को पटना से गिरफ्तार किया गया। पूर्व में उसकी पत्नी की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपित का पुत्र फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शातिर परिवार पर लहेरी थाना में दो केस दर्ज था। इसके अलावा मानपुर थाना में भी केस दर्ज है।

# बैंकिंग योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : मंत्री

## डॉ. प्रेम कुमार ने पंजाब नेशनल बैंक के अग्रणी बैंक प्रबंधक के साथ की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने शुक्रवार को गयाजी स्थित अतिथिगृह में पंजाब नेशनल बैंक के अग्रणी बैंक प्रबंधक राजेश सिंह के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर व्यापक चर्चा हुई। मंत्री ने मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना और 'कलम' योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।



उन्होंने कहा कि ये योजनाएं न केवल स्वरोजगार को बढ़ावा देती हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी मजबूती देती हैं। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर विशेष चर्चा हुई। प्रेम कुमार ने इसे ऊर्जा क्षेत्र में संभावित क्रांति करार देते हुए कहा कि सौर ऊर्जा के जरिए न केवल स्वच्छ ऊर्जा समाधान प्राप्त किया जा सकता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। उन्होंने गया को ग्रीन एनर्जी हब के रूप में विकसित करने के लक्ष्य को दोहराया और इस योजना में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। पशुधन के क्षेत्र में मंत्री ने गया जिले के हर प्रखंड में देशी गाय पालन को बढ़ावा देने के लिए कंफेड के सहयोग से ऋण वितरण कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दूध उत्पादन से ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस पहल होगी। देशी गाय पालन के लिए आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराने के सुझाव पर बैंक अधिकारियों ने सहमति जताई। इस बैठक को सरकारी योजनाओं के सशक्त क्रियान्वयन और आम जनता तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत पहल के रूप में देखा जा रहा है। बैठक में गया जिला व्यवसाय संघ के सचिव अमित लोहानी, पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी अनिकेत कुमार, सर्वज्ञ कुमार और बीस सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष धनंजय धीरू भी उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी का बिहार दौरा ऐतिहासिक और प्रेरणादायक

**गयाजी (नबिटा ब्यूरो)।** जिला कांग्रेस कार्यालय के सचिव अशोक प्रसाद भारती एवं कार्यालय प्रभारी कमलेश चंद्रवंशी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बिहार दौरे को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे न केवल कांग्रेस बल्कि पूरे महागठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्ज़ा और उत्साह का संचार हुआ है। राहुल गांधी का यह दौरा बिहार के सामाजिक ताने-बाने को समझने और बदलाव की नींव रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। अपने दौरे के दौरान राहुल गांधी ने अत्यंत पिछड़ा वर्ग, ओबीसी अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी उनके अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, उन्होंने गया जिले के प्रतीक और महादलित समाज के प्रेरणा स्रोत बाबा दशरथ मांझी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार से भेंट की।

# विनय मिश्रा का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति : डॉ. प्रेम कुमार

- सड़क दुर्घटना में हुई थी जिले के वरीय पत्रकार का निधन
- मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर दी सांत्वान
- मंत्री ने दिवंगत पत्रकार के पुत्र की शिक्षा की उठायी जिम्मेदारी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के वरीय पत्रकार विनय कुमार मिश्रा के असामयिक निधन पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गहरा शोक व्यक्त किया। रविवार को मंत्री अमवां स्थित उनके पैतृक आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी। सहकारिता मंत्री ने दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पत्रकारिता जगत के लिए यह अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र के माध्यम से जानकारी मिली कि अमवां की ओर जाते समय एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से विनय कुमार मिश्रा का आकस्मिक निधन हो गया, जो अत्यंत दुःखद है। डॉ. प्रेम कुमार ने परिवार को मंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। साथ ही दिवंगत पत्रकार के पुत्र की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाने का भरोसा दिलाते हुए डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य से संपर्क कर निःशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था कराने की बात कही। इस मौके पर समाजसेवी देवानंद पासवान, संतोष सिंह, मुन्नी लाल, रंजन चंद्रवंशी समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर दिवंगत पत्रकार के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके परिवार को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# एएनएम के स्थानांतरण पर सम्मान समारोह का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केंद्र कासमा में कार्यरत एएनएम रीना कुमारी के अन्यत्र स्थानांतरण हो जोने पर अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केंद्र कासमा के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विदाई समारोह में डॉ. लालजी यादव एवं आप पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय सिंह (सैनिक) एवं सभी कर्मियों ने हर्षोल्लास के साथ सम्मान स्वरूप अंग वस्त्र एवं फूल माला पहनकर विदाई दिया गया। इस मौके पर मौजूद जीएनएम शशि प्रभा, अनुष्का कुमारी, एएनएम बिरंजू कुमारी, रागिनी पांडे, सुषमा कुमारी, बिपिन बिहारी, सुदर्शन कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# सम्राट चौधरी के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ (गयाजी)।** गुरुआ में आगामी 19 जून को बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुआ के एक निजी होटल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की सफलता के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने पर चर्चा की। मौके पर प्रदेश महिला संयोजक अति पिछड़ा प्रकोष्ठ रूपम सिन्हा ने कहा की उप मुख्यमंत्री के आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा और क्षेत्रीय मुद्दों को उनके समक्ष रखा जाएगा। कार्यकर्ताओं ने तैयारी जोरों से शुरू कर दी है, जिसमें मंच निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था और जनसंपर्क अभियान शामिल हैं। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में भाजपा समर्थकों में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। मौके जिला जिला उपाध्य करुणा कुमारी, पूर्व एमएलसी उपेन्द्र प्रसाद, विनोद मरांडी, भाजपा नेता अमित दांगी, प्रदेश मंत्री राजदेव राजू, मंडल अध्यक्ष गुरारू मंटू सिंह, मंडल अध्यक्ष गुरुआ दक्षिणी संचालन राखदेव प्रसाद, राजु कुमार, सुनील सुखिया समेत भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बकरीद पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने हेतु जिले के डीएम एवं एसएसपी के संयुक्त नेतृत्व में शहर के प्रमुख एवं संवेदनशील क्षेत्रों से होकर एक फ्लैग मार्च आयोजित किया गया। इस मार्च में नगर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सहित अन्य वरीय पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी सम्मिलित हुए। मार्च के दौरान, एसएसपी और डीएम ने कर्बला के समीप स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया, जिससे पुलिस-प्रशासन और जनता के बीच आपसी सहयोग तथा विश्वास को और अधिक सुदृढ़ किया गया।

# खपरैल मकान में लगी आग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के चौबडा पंचायत के कपूर बिगहा गांव में साधू यादव के खपरैल मकान में अचानक घर में आग लग गयी। जिसमें घर में रखा अनाज, कपडा, 11 हजार नगद सहित लगभग 50 हजार का सामग्री जलकर राख हो गयी। पीड़ित साधू यादव से मुखिया संजय कुमार ने मिलकर ढाढस बंधाया और हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया। मुखिया ने कहा कि पीड़ित परिवार की माली हालत काफी खराब है। अंचलाधिकारी से मुआवजा के लिए बात किये। कहा कि राजस्व कर्मचारी से जांच रिपोर्ट कराकर सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दी जायेगी। आग लगने के कारणों का पता नही चल सका है, स्थानीय लोगों की सहायता से आग बुझाया गया।

# मारपीट मामले में नौ पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के कनौसी पंचायत अंतर्गत केरकी गांव में मारपीट की घटना के संबंध में फर्द बयान के आधार पर नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि जानवर बांधने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हुई थी। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष के डब्लू कुमार के बयान के आधार पर बिंदु देवी, राधिका यादव, प्रेम कुमार, बिंदेश्वर यादव, अरविंद यादव, विमलेश कुमार, डॉ वीरेंद्र कुमार, प्रिंस कुमार एवं जयकिशोर यादव के खिलाफ कांड संख्या 307/25 दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

# किशोरी के बयान पर आधा दर्जन लोगों पर एफआइआर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के ललिया बिगहा गांव में मारपीट की घटना को लेकर एक किशोरी के फर्द बयान के आधार पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। कोंच पुलिस ने बताया कि 16 वर्षीय किशोरी के बयान के अनुसार ग्राम ललिया बिगहा के रहने वाले प्रिंस कुमार, धर्मेंद्र यादव, धीरेन्द्र कुमार यादव, रीता देवी, शोभा देवी एवं मुंदरी देवी ने उसके साथ मारपीट की थी। पुलिस ने कांड संख्या 306/25 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और किशोरी के बयान और अन्य सबूतों के आधार पर आरोपितों को गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी है।

## कवि गोष्ठी का आयोजन

**गयाजी (नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की झारखंड प्रदेश समिति के अंतर्गत गठित देवघर जिला समिति की ओर से देवघर के प्रसिद्ध अटल लैंग्वेज लैब में शब्दवीणा के राष्ट्रीय परामर्शदाता एवं झारखंड प्रदेश संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार प्रो. डॉ. रामनंदन सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी एवं शब्दवीणा देवघर जिला अध्यक्ष वरिष्ठ कवि डॉ. विजय शंकर के निर्देशन में एक शाम, गंगा, पर्यावरण और राष्ट्र प्रहरियों के नाम विषय पर कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कवि-कवयित्रियों ने गंगा, पर्यावरण एवं देश के प्रहरियों को समर्पित एक से बढ़कर एक रचनाएं पढ़ीं।

# बकरीद पर दिखा भाईचारे और सौहार्द का अनुपम उदाहरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों में शनिवार को बकरीद का त्यौहार पूरे श्रद्धा, उत्साह और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। सुबह होते ही गांव के मुस्लिम समुदाय के लोग पारंपरिक परिधान में नहा-धोकर ईदगाह और मस्जिदों की ओर रवाना हुए, जहां पर सामूहिक रूप से बकरीद की विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और समाज में भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों से लेकर



बुजुर्गों तक के चेहरों पर खुशियों की रौनक देखते ही बन रही थी। त्योहार के अवसर पर पारंपरिक व्यंजनों की भी भरमार रही, जहां घर-घर में सेवइयां, कबाब, बिरयानी आदि का विशेष रूप से आयोजन किया गया। गांव में अमन-चैन और सौहार्द का माहौल देखने को मिला, जो इस पर्व की सबसे बड़ी खूबसूरती मानी जाती है। जदयू जिला महासचिव मो. आकिब आलम, बीस सूत्री उपाध्यक्ष जमीलू रहमान, तिनेरी मुखिया प्रतिनिधि मो.इंतेशाब, खजुरी पैक्स अध्यक्ष असरफ अंसारी, सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहु, जिसान, महताब अंसारी, अरशद, अरमान आदि लोगों ने बताया कि बकरीद केवल कुर्बानी का पर्व नहीं, बल्कि त्याग, सेवा और मानवता की भावना को समर्पित एक महान अवसर है। वहीं, कोंच और आंती पुलिस बकरीद को लेकर चौकस दिखे और चलायमान रही।

# कबीर का दर्शन सामाजिक एकता का प्रतीक : डॉ. प्रेम कुमार

- सहकारिता मंत्री ने संत कबीर जयंती की दी शुभकामनाएं
- मंत्री ने कहा, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे कबीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गयाजी शहर के ढोलकिया गली, पुरानी गोदाम में संत कबीर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने संत कबीर के विचारों को नमन करते हुए लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संत कबीर ने समाज में व्याप्त जाति, धर्म और वर्ण आधारित भेदभाव को तोड़ने का कार्य किया। उन्होंने समानता, भाईचारा और सामाजिक न्याय के लिए जीवन भर संघर्ष किया। मंत्री ने कहा कि संत कबीर ने हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मों की मान्यताओं को समझने और सम्मान देने की प्रेरणा दी। वे केवल एक धार्मिक संत नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के



अग्रदूत थे, जिन्होंने समाज को आत्मज्ञान, भक्ति और सहिष्णुता की राह दिखाई। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे ईश्वर को बाहरी दिखावे में नहीं, बल्कि अपने हृदय में खोजें। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संत कबीर की वाणी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उनके समय में थी। उनके दोहे और साखियां जनमानस को सही मार्ग दिखाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने युवाओं से संत कबीर के जीवन दर्शन को अपनाने की अपील की।

इस अवसर पर आचार्य विवेक दास, रामधनी दास महंत, राजीव नंदन दास, दामोदर प्रसाद, जगन्नाथ प्रसाद, मनोहर चौरसिया, महंत आनंद साहब, रूपेश वर्मा, विजेंद्र वर्मा, विनोद अग्रवाल, मृदुल कुमार, बंटी वर्मा, रॉकी चंद्रवंशी, सुमित कुमार, सुरेंद्र यादव, रंजन चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में संत कबीर की आरती व भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ।

## मानदेय बढ़ाने की मांग

**गुरारू (गयाजी)/ नबिटा संवाददाता।** ग्राम कचहरियों के न्याय मित्रों एवं सचिवों ने सरकार से मानदेय में अविलंब बढ़ोतरी का मांग किया है। इस संबंध में न्याय मित्र साधु दास, किशोरी सिंह, शाहिन रजा, जर्मन पासवान, पूजा मिश्रा सहित दर्जनों न्याय मित्रों एवं सचिवों ने बताया कि पिछले एक दशक से न्याय मित्रों को सात हजार रुपए एवं सचिवों को छह हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जा रहा है। न्याय मित्रों की बहाली जिला स्तर पर की गई है। सप्ताह में कम-से-कम दो दिन भी जिला मुख्यालय से सूदुर ग्राम कचहरियों में जाने पर मासिक दो से तीन हजार रुपए पेट्रोल, ट्रेन या बस किराया में चला जाता है ऐसे में सरकार ही बताये कि चार हजार रुपए में किसी परिवार का जिविकोपार्जन कैसे चल सकता है।

# अमित कुमार दांगी बने बिहार राज्य अतिपिछड़ा आयोग के सदस्य, भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ (गयाजी)।** भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय नेता अमित कुमार दांगी को बिहार के राज्यपाल की अनुशंसा पर बिहार राज्य अतिपिछड़ा वर्ग आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति की घोषणा होते ही गुरुआ क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। शनिवार को श्री दांगी के श्रीराम बीघा स्थित आवास पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक जुटे। इस अवसर पर भाजपा नेता सुधीर कुमार मरांडी एवं जदयू प्रखंड अध्यक्ष रवि रंजन, राजू दांगी, लखन प्रसाद समेत कई अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर एवं मिठाइयां खिलाकर अपनी शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के लिए एक बड़ी उपलब्धि और क्षेत्र के सम्मान के रूप में देखा है। लोगों का मानना है कि अमित कुमार दांगी की यह नियुक्ति अतिपिछड़े वर्ग की आवाज को मजबूती देने में मददगार होगी।

# कृषि चौपाल में जैविक खेती को मिला बढ़ावा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** नगर प्रखंड के धनसीर पंचायत अंतर्गत बिशुनगंज गांव में शुक्रवार को किसान कल्याण चौपाल और विकसित कृषि संकल्प महाअभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन बिहार सरकार के कृषि विभाग की ओर से शारदीय खरीफ फसल महाअभियान के तहत किया गया था। कार्यक्रम में युवा जदयू जिला उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के नगर प्रखंड सदस्य रंजीत कुशवाहा ने किसानों को संबोधित करते हुए रासायनिक उर्वरकों के कम उपयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि ज्यादा रासायनिक खाद से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर हो रही है, इसलिए जैविक खाद का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए। उन्होंने



किसानों से कहा कि वे ढैचा, मूंग जैसी हरित खाद वाली फसलों को प्राथमिकता दें। खेतों में जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट, जिंक सल्फेट और जैविक जैम के प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होती है और फसलें हरी-भरी रहती हैं। रंजीत कुशवाहा ने यह भी कहा कि धान की फसल में घास अधिक हो तो नॉमिनी गोल्ड दवा का मशीन से छिड़काव करने से असरदार नियंत्रण संभव है।

# चिनाब ब्रिज दुनिया के पर्यटकों के लिए अनुपम तोहफा : डॉ. मनीष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** कटरा से श्रीनगर तक की यात्रा अब केवल एक सफर नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक उपलब्धि का अनुभव बन गई है। विश्व का सबसे उंचा रेलवे पुल- चिनाब ब्रिज- अब पूरी भव्यता के साथ तैयार है और इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। यह न केवल एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, बल्कि जम्मू-कश्मीर को देश के अन्य हिस्सों से सशक्त रूप से जोड़ने वाला सेतु भी है। उक्त बातें बिहार प्रदेश किसान मोर्चा के बागवानी सह संयोजक डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कही। उन्होंने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा जम्मू-कश्मीर भारत का दिल है और चिनाब ब्रिज ने इस दिल में चार चांद लगा दिए हैं। यह पुल न केवल देशवासियों के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के पर्यटकों के लिए एक अनुपम तोहफा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस उद्घाटन के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अब विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और कोई भी क्षेत्र, चाहे वह कितना भी दुर्गम क्यों न हो, अब मुख्यधारा से कटेगा नहीं। खुशी का इजहार करते हुए पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि यह पुल जम्मू-कश्मीर में पर्यटन, रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर खोलेगा। युवाओं को रोजगार मिलेगा, व्यापार बढ़ेगा और देश-विदेश से आने वाले सैलानियों के लिए यह एक नया आकर्षण केंद्र बनेगा। स्वागत अभिनंदन करने वालों में पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह, पूर्व महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव, संतोष ठाकुर, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष दीपक पांडे, नीरज कुमार सिन्हा, रामबालक पांडे, धर्मेंद्र पांडे, ललन कुमार, विनोद सिंह, प्रमोद सिंह, शंभू शरण सिंह नीलम आदि उल्लेखनीय हैं।

# वजीरगंज बाजार में जाम से यात्री हलकान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज (गयाजी)।** गया-राजगीर राष्ट्रीयउच्चमार्ग 82 के वजीरगंज बाजार में फुटपाथ पर अतिक्रमण के कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। बाजार से गुजरने वाले यात्री बस एवं मालवाहक वाहन घंटे घंटे तक जाम में फंसे रह जाते हैं, जिसके कारण बाजार में खरीददारी करने के लिए आने वाले ग्रामीणों को भी भारी परेशानी होती है। स्थित भयावह तब बन जाती है जब गंभीर बीमारी से ग्रसित या दुर्घटनाग्रस्त पीड़ितों को अस्पताल ले जाने वाले एंबुलेंस या निजी वाहन भी फस जाते हैं। अग्निशमन वाहन के सायरन चाहे जितनी देर बजाते रहे उसे भी समय से रास्ता नहीं मिल पाता। प्रखंड मुख्यालय, थाना परिसर के निकटतम स्थल एवं बस स्टैंड में सर्वाधिक अतिक्रमण किया गया है। प्रखंड मुख्यालय से अस्पताल की ओर जाने वाले मोड का तो कुछ कहना ही नहीं है। इस स्थान पर सड़क किनारे वाली जमीन को सरकारी पहुंच वाले कई लोग अतिक्रमण करके भारी भरकम गुंगटी लगाकर किराया वसूली कर रहे हैं, जिससे अस्पताल की ओर जाने वाले वाहनों एवं विद्यालय की ओर जाने वाले विद्यार्थियों को कई बार दुर्घटना का शिकार होते देखा गया है।

CMYK

संपादकीय

# डोनाल्ड ट्रंप का रवैया हैरान करने वाला

**संतोष कुमार पाठक**

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव फिलहाल कम होने का नाम नहीं ले रहा है। भारत की बहादुर सेना से बुरी तरह से मात खाने के बावजूद पाकिस्तान का बड़बोलापन जारी है। भारत जैसे ताकतवर देश के लिए पाकिस्तान कोई बड़ी चुनौती नहीं है लेकिन वह आतंकवाद को अपनी विदेश नीति का अभिन्न अंग बना चुका है।

ऐसे में सब कुछ जानने और समझने के बावजूद दुनिया के कई देशों का विचित्र रवैया काफी हैरान करने वाला है। चीन के डर को तो समझा जा सकता है क्योंकि उसने भारत के एक बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा किया हुआ है। चीन को हमेशा यह डर सताता रहता है कि ताकतवर भारत उससे अपनी भूमि वापस ले लेगा जिससे उसके मंसूबे धरे के धरे रह जाएंगे। लेकिन दुनिया के सबसे ताकतवर लोकतांत्रिक देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रवैया काफी हैरान करने वाला है। भारत के प्रधानमंत्री ने पिछले राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका जाकर डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार डोनाल्ड ट्रंप की जीत में अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों की बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया का सबसे विशाल और प्राचीन लोकतांत्रिक देश है और इस नाते अमेरिका का हर नेता भारत के महत्व को अच्छी तरह से समझता है। विश्व शांति, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक व्यापार सहित शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा,जिसमें भारत ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका ना निभाई हो। वर्ष 1947 में आजाद होने के बाद से ही भारत की सभी सरकारों ने बातचीत,संवाद और शांति की हमेशा वकालत की। भारत के बिना आज किसी भी अंतर्राष्ट्रीय संगठन की सफलता सुनिश्चित नहीं हो सकती लेकिन इसके बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बयानों और फैसलों से भारत के लिए लगातार असहज स्थिति पैदा कर रहे हैं। चुनाव के बल पर अमेरिका में दूसरी बार राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप इस बात को बखूबी समझते हैं कि उनके हर बयान का असर भारत की घरेलू राजनीति पर पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद वह लगातार, दुनियाभर में घूम-घूम कर यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने व्यापार रोकने की धमकी देकर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम करवाया था। भारत द्वारा इनकार करने के बावजूद ट्रंप चुप होने को तैयार नहीं है और हर बार उनका बयान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए असहज स्थिति पैदा करता हुआ नजर आता है। भारत में कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी राजनीतिक दल डोनाल्ड ट्रंप के बयानों का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर सरेंडर करने का आरोप लगा रहे हैं। देश के 16 विपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओं ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर, इन तमाम मसलों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।

भारत की घरेलू राजनीति में मचे बवाल के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपने दावे को दोहरा रहे हैं और इससे यह बात साफ होती जा रही है कि वह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत की साख का अपने फायदे के लिए दुरुपयोग करना चाहते हैं। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने तो खुलकर कह दिया है कि भारत द्वारा रूस से सैन्य साजो-सामान खरीदने और ब्रिक्स समूह ( जिसमें भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है) में शामिल होने के कारण अमेरिका भारत से नाराज है। यहां यह बात याद रखने वाली है कि आजादी के बाद अमेरिका और सोवियत संघ रूस के नेतृत्व में बंटे दो ध्रुवीय विश्व में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने ही गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखकर भारत के स्टैंड को साफ कर दिया था।

# बेंगलुरु में व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे का बेनकाब होना

**क्रिकेट की दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली के प्रति जन-उत्साह उमड़ा। बढ़ते तापमान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की शानदार जीत के बाद आयोज्य जश्न के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं खेल व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। आरसीबी विक्ट्री परेड के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास अचानक मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 50 गंभीर रूप से घायल हुए हैं।**

**ललित गर्ग**

भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और क्रिकेट सितारों को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है।

क्रिकेट की दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली के प्रति जन-उत्साह उमड़ा। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे खिलाड़ियों एवं राजनेताओं द्वारा नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें हो जाने के बावजूद जश्न जारी रहना, दुखद एवं शर्मनाक है। प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि खिलाड़ियों को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास तीन लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का मौत की खबरें मिलने के बावजूद खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाने में जुटा रहना उनकी प्रचार भूख का भौंडा उदाहरण है। जब मौत के बाद वहां पसरा मातम देखकर सब स्तब्ध थे तो सिद्धारमैया क्यों अपने पद की गरिमा एवं जिम्मेदारी को धूमिल कर रहे थे? सोचिए लोगों



की मौत के बाद अगर एक मिनट भी जश्न मना, तालियां बजीं, ठहाके लगे, फ्लाइंग किस दिए गए तो इससे ज्यादा अमानवीयता और निर्दयता क्या हो सकती है? जब खुद सरकार एक जश्न का मातम में बदलने का नेतृत्व करेगी तो आम लोगों का कांप उठना स्वाभाविक है। बहरहाल, आईपीएल का आयोजन लगातार नई ऊंचाइयों को छूता हुआ व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। फटाफट क्रिकेट के दुनिया के सबसे बड़े उत्सव में भारत के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ियों विराट कोहली व एमएस धोनी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। अंततः विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का लंबा इंतजार इस जीत के साथ खत्म हुआ। लेकिन धोनी पांच बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग को जीत का खिताब दिलाने से चूक गए। एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। वे इस गरिमामय विदाई के हकदार भी थे। उनके करोड़ों प्रशंसकों की कतारे देख कर राजनेता भी उनकी साथ मंच सांझा करने को उत्सुक दिखे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, अन्य मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी भी इसी फिराक में अपनी जिम्मेदारियों को भूल जश्न मनाते रहे और आमजनता अव्यवस्थाओं के कारण मौत में समाती रही। यह ऐसी दुखद घटना है जो अपनी निर्दयता एवं क्रूरता के लिये लम्बे समय तक कौंधती रहेगी। सिद्धारमैया के इस घटना की तुलना प्रयागराज कुंभ में हुए हादसे के करना उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रही है।

भारत में भीड़ से जुड़े हादसे अनेक आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। हालही में महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन एवं प्रयागराज में हुए हादसे में भी अनेकों लोगों की जान गयी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियाँ में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। रेलवे स्टेशन, मंदिर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त जगह और रास्ते नहीं हैं। कुछ स्थानों पर निकास मार्ग सीमित हैं या अनुपयुक्त हैं, जो भगदड़ का खतरा बढ़ाते हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित एवं दक्ष सुरक्षाकर्मी नहीं हैं, जिससे सुरक्षा चूक होने की संभावना बढ़ जाती है। भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों, जैसे कि एआई आधारित निगरानी और ड्रोन कैमरे का उपयोग सीमित है। लोगों को आपातकालीन निकास मार्गों, भीड़ नियंत्रण नियमों, और सुरक्षा उपायों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। गलत सूचना या अचानक दहशत से भीड़ अनियंत्रित हो सकती है और भगदड़ मच सकती है। भीड़ का व्यवहार कई बार अनियंत्रित हो जाता है, खासकर धार्मिक, खेल एवं सिनेमा आयोजनों में, जहां लोग भावनाओं में बहकर आगे निकलने की होड़ में लग जाते हैं। कई बार आयोजनकर्ताओं और पुलिस के बीच समन्वय की कमी होती है, जिससे सुरक्षा चूक हो सकती है। भीड़ प्रबंधन केवल विधि-व्यवस्था बनाए रखने का विषय नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन की सुरक्षा, सार्वजनिक स्थानों की संरचना और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की रणनीतियों से गहनता से संबद्ध है। दुर्भाग्यवश, कई बार आयोजकों और प्रशासनिक एजेंसियों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किये जाते, जिससे जानमाल की हानि होती है। इस परिदृश्य में, बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, उससे जुड़ी प्रमुख चुनौतियाँ, हालिया घटनाओं से मिले सबक और प्रभावी समाधानों की चर्चा करना बेहद प्रासंगिक होगा, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों से बचा जा सके। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में धार्मिक उत्सव, खेल आयोजनों और राजनीतिक रैलियों में लाखों लोग जुटते हैं। ऐसे आयोजनों के लिये पुलिस, होम गार्ड, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया जाता है। विश्व के विभिन्न विकसित देशों में भीड़ प्रबंधन के लिये अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है। जापान जैसे देशों में रेलवे स्टेशनों और सार्वजनिक स्थानों पर अत्यधिक भीड़ के प्रबंधन के लिये ऑटोमेटेड एंट्री और एग्जिट सिस्टम स्थापित किये गए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय देशों में स्टेडियमों, एयरपोर्ट्स एवं धार्मिक स्थलों पर भीड़ नियंत्रण के लिये एआई आधारित कैमरे, आपातकालीन अलर्ट सिस्टम और प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी मौजूद रहते हैं। हालाँकि भारत में बड़े आयोजनों के लिये प्रशासनिक तैयारियाँ की जाती हैं, फिर भी समय-समय पर कई कमियाँ उजागर होती रही हैं। लेकिन आरसीबी के चिन्नास्वामी स्टेडियम के जश्न के दौरान खामियां ही खामियां देखने को मिली।

अध्यात्म

## जब तक गुस्सा और लालच स्वभाव में रहेगा, तब तक हमारा मन शांत नहीं हो सकता है



एक राजा के पास सुख-सुविधा की हर चीज थी। कई सेवक हर पल राजा की सेवा में तैयार खड़े रहते थे। राजा के सामने खाने-पीने के लिए रोज कई तरह के पकवान परोसे जाते थे। इतना सब होने के बाद भी राजा का मन शांत नहीं रहता था। एक समस्या खत्म होती तो दूसरी आ जाती।

एक दिन राजा अपने राज्य में घूम रहा था। तभी उसे एक संत की छोटी सी कुटिया दिखाई दी। राजा उस कुटिया में पहुंचा तो वहां एक संत ध्यान में बैठे हुए थे। राजा संत के सामने बैठ गया। जब संत ध्यान से उठे तो उन्होंने राजा को देखा। राजा ने संत को प्रणाम किया और अपनी समस्याएं बता दीं। उसने संत से कहा कि कोई ऐसा उपाय बताएं, जिससे मेरी सभी समस्याएं खत्म हो जाएं।

संत ने राजा से कहा कि आप ध्यान करें, आपका मन शांत हो जाएगा।

राजा कुछ देर आंखें बंद करके बैठा रहा, लेकिन उसके दिमाग में इधर-उधर की कई बातें चल रही थीं। वह ध्यान नहीं कर सका और उसने आंखें खोल ली। राजा बोला कि गुरुजी मेरे लिए ध्यान करना बहुत मुश्किल है।

संत ने कहा कि कोई बात नहीं चलो कुछ देर बाग में घूमते हैं। बाग में कुछ ऐसे पौधे भी थे, जिनमें कांटे थे। राजा ने अनजाने में एक ऐसे ही पौधे को छू लिया तो उसके हाथ में कांटा चुभ गया। खून बहने लगा। संत राजा को लेकर तुरंत अपनी कुटिया में पहुंचे और हाथ पर लेप लगा दिया। संत बोले कि राजन् आपके हाथ पर छोटा सा कांटा चुभा तो खून बहने लगा। इससे कहीं ज्यादा और बड़े कांटे आपके मन में चुभे हुए हैं। गुस्सा, लालच, दूसरों से जलन की भावना, ये सभी मन के लिए कांटों की तरह हैं। जब तक ये कांटे नहीं निकलेंगे आपका मन शांत नहीं हो पाएगा। इन्हें छोड़ दोगे तो तुम्हारी सभी समस्याएं ही खत्म हो जाएंगी।

# अवैध अप्रवासी ~ भारत के गले की फांस

**साइगोन के पतन के बाद राजनीतिक अत्याचार की आशंका के चलते दक्षिण वियतनाम से हजारों लोगों ने पलायन किया। आधुनिक इतिहास में समुद्री मार्ग द्वारा शरण लेने वालों का यह सबसे बड़ा पलायन था और इन लोगों को 'वोट पीपुल' का नाम दिया गया। वर्ष 1975 ~ साइगोन के पतन के बाद राजनीतिक अत्याचार की आशंका के चलते दक्षिण वियतनाम से हजारों लोगों ने पलायन किया।**

**पूनम आई. कौशिश**

आधुनिक इतिहास में समुद्री मार्ग द्वारा शरण लेने वालों का यह सबसे बड़ा पलायन था और इन लोगों को 'वोट पीपुल' का नाम दिया गया। विश्व के विभिन्न देशों ने इन शरणार्थियों को शरण दी। अमरीका ने पश्चाताप की भावना से बड़ी संख्या में इन लोगों को शरण दी। ब्रिटेन, जापान, आस्ट्रेलिया, थाईलैंड, मलेशिया और यहां तक कि छोटे से देश बरमूडा ने भी इन लोगों को शरण दी। वर्ष 1989 ~ विश्व समुदाय ने इन वोट पीपुल के बारे में अपनी सोच बदली और अब ये उनके गले की फांस बन गए हैं और उसके बाद वोट पीपुल की एक नई श्रेणी आर्थिक शरणार्थी बनी, जिसमें किसान, फैक्टरी कामगार और श्रमिक थे, जो अन्य देशों में बेहतर जीवन के लिए पलायन करने लगे। भारत में 50 वर्षों में इतिहास अपनी पुनरावृत्ति कर रहा है। यहां के 'वोट पीपुल' अर्थात अवैध अप्रवासी हमारे पड़ोसी देशों से भारी संख्या में यहां आ रहे हैं और अपने लिए नई आर्थिक संभावनाएं तलाश रहे हैं। इन अवैध अप्रवासियों का आगमन बंगलादेश से 1971 के युद्ध के बाद हुआ। उसके बाद पाकिस्तान और म्यांमार से भी ऐसा पलायन होने लगा। उस समय से लगभग 5 करोड़ अवैध अप्रवासी भारत में आ चुके हैं और अब वे देश के गले की फांस बन गए हैं। जिस तरह वर्ष 1989 में अवैध अप्रवासियों ने विश्व समुदाय की सहानुभूति खोई, उसी तरह नई दिल्ली भी जाग गया है और उसने भी अपना स्वर बदल दिया है। भारत सरकार उनको वापस भेजने की बातें कर रही है और यह मांग बढने् लगी है कि बंगलादेश और अन्य देशों से आए अवैध अप्रवासियों को भारत से निकाला जाए। पिछले सप्ताह लगभग 2000 बंगलादेशीयों को वापस भेजा गया। उसके बाद त्रिपुरा, मेघालय और असम में बंगलादेश सीमा सहित पूरे देश में उनके सत्यापान की प्रक्रिया गुजरात से शुरू हुई, जहां से वापस भेजे गए अवैध अप्रवासियों में से आधे से अधिक गुजरात से हैं। इसके बाद दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान और असम में भी यही कार्रवाई की गई। दिल्ली की पूर्ववर्ती 'आप' सरकार ने भी बंगलादेशी नागरिकों को वापस भेजने का प्रयास किया। इसके अलावा असम से भी अवैध बंगलादेशीयों को वापस भेजने की आवाज बार-बार उठ रही है। बिहार के 7 जिलों, पूर्वोत्तर, राजस्थान, बंगाल तथा दिल्ली में 15 लाख से अधिक अवैध अप्रवासी हैं। महाराष्ट्र में 1 लाख से अधिक अवैध बंगलादेशी अप्रवासी हैं। मिजोरम में बाहरी व्यक्तियों के विरुद्ध अक्सर हिंसक आंदोलन होते हैं। पिछले दो दशकों में नागालैंड में अवैध अप्रवासियों की संख्या 20,000 से बढ़कर 75,000 पहुंच गई है। त्रिपुरा में स्थानीय पहचान समाप्त होने को है। वर्ष 1951 में यहां स्थानीय लोग 59.1 प्रतिशत थे, जो घटकर 21.7 प्रतिशत हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि असम में बाहरी लोगों के विरुद्ध भावना असम आंदोलन का प्रमुख कारण रहा है जिसके कारण वहां हिंसा भी हुई



है। हाल के वर्षों में राज्य सरकार ने विदेशी अधिकरण का इस्तेमाल किया, जिसने 25 मार्च, 1971 की तारीख को राज्य में नागरिकता देने की तारीख निर्धारित की और इससे हजारों लोगों का भविष्य अधर में लटक गया। रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के सूत्रों के अनुसार आई.एस.आई. ने पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र को इस्लामिक शासन के अंतर्गत लाने के लिए आपरेशन पिन कोड शुरू किया है।

सरकार कई बार एक मूल समुदाय का दूसरे मूल समुदाय पर वर्चस्व स्थापित करने के साधन के रूप में भी अप्रवास के लिए उन्हें बाध्य करती है। फिर इस समस्या का समाधान क्या है? क्या हमें इस संबंध में अतिवादी विचारों को हवा देनी चाहिए? इस संबंध में वोट बैंक की राजनीति पर भी विचार करना चाहिए। विकल्प सीमित हैं और इसका समाधान भारत की सुरक्षा हेतु उसकी एकता, अखंडता और स्थिरता को ध्यान में रखकर लिया जाना चाहिए। विपक्षी दल यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि सरकार इन अवैध अप्रवासियों के विरुद्ध मानवीय दृष्टिकोण अपनाए किंतु यह आसान नहीं है। इसके अलावा बंगलादेश और म्यांमार में चीन का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे भारत के लिए खतरा बढ़ गया है, इसलिए इस समस्या के समाधान के लिए भारत और म्यांमार दोनों सरकारें आपस में सहयोग करने पर विचार कर रही हैं। भारत म्यांमार सरकार के सैन्य अधिकारियों से अच्छे संबंध बना रहा है ताकि पूर्वोत्तर क्षेत्र में उपद्रवियों के विरुद्ध कार्रवाई करने में उसकी सहायता मिल सके क्योंकि इनमें से अधिकतर उपद्रवी म्यांमार के जंगलों में हैं। व्यावहारिक रूप से सीमा प्रबंधन के लिए कठोर नीति आवश्यक है। सीमा पर पुलिस व्यवस्था में स्थानीय लोगों को भर्ती किया जाना चाहिए क्योंकि यदि आप सीमा पर किसी को घुसपैठ करने से नहीं रोक सकते, तो फिर आप उन्हें वापस नहीं भेज सकते। यह जनांकिकीय, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा का गंभीर मुद्दा है और यदि इसको सुलझाया नहीं गया तो भविष्य में घुसपैठ और बढ़ सकती है। दक्षिण एशिया की आधी से अधिक जनसंख्या उन क्षेत्रों में रहती है जहां पर वर्ष 2050 तक जलवायु परिवर्तन का प्रभाव गंभीर हो जाएगा और यदि इन स्थानों से भारी संख्या में लोगों ने पलायन किया तो इससे अवैध अप्रवासान और बढ़ेगा। अकेले बंगलादेश में पर्यावरणीय नुकसान से डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों के पलायन की संभावना है। समय की मांग है कि इन अवैध अप्रवासियों के बारे में कठोर नीति अपनाई जाए और समयबद्ध उपाय किए जाएं।

हमें इस बात को ध्यान में रखना होगा कि इतिहास में विनाश सरकार की गलतियों और राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध नीतियां अपनाने से हुए हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
जीवनसाथी की भावनाओं का अनादर न करें। आज आपको अचानक धन खर्च करना पड़ सकता है।

**वृषभ**
पुराने रिश्तेदारों और मित्रों से बात हो सकती है। अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बिक्री होने की सम्भावना बन रही है।

**मिथुन**
आज शब्दों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें इससे आप विवादों से बचे रहेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें।

**कर्क**
आज सभी काम आपकी आशा के अनुरूप होते रहेंगे। व्यवसाय में पुराने अनुभवों का आप बेहतर लाभ उठा पायेंगे।

**सिंह**
नयी परियोजनाओं को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। आसपास के लोगों से अपने सम्बन्ध अच्छे बनाये रखें।

**कन्या**
राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। प्रेमी से दिल की बात कर सकते हैं।

**तुला**
आर्थिक दृष्टिकोण से आप बहुत भाग्यशाली रहेंगे। घर के सदस्यों की सुख-सुविधाओं का काफी ध्यान रखेंगे।

**वृश्चिक**
धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। लोग आपके ऊपर काफी विश्वास करेंगे।

**धनु**
दिनचर्या थोड़ी असन्तुलित हो सकती है। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। लोग कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे।

**मकर**
आप जरूरतमन्द लोगों की मदद करेंगे। व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। आपके द्वारा लिये गये निर्णयों से भविष्य में लाभ प्राप्त होगा।

**कुंभ**
अपने करियर को लेकर थोड़ा असन्तुष्ट हो सकते हैं। घर पर आज शान्तिपूर्वक समय बिताना उत्तम होगा।

**मीन**
बच्चे आज मस्ती के मूड में रहेंगे। रुके हुये कार्यों को पूरा करने का प्रयास सफल होगा। विद्यार्थियों के लिये दिन शुभ परिणामकारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### 150 लीटर महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**आरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के लवंग बाबा के मठिया और रामशहर ब्रह्म बाबा के बीच छापेमारी कर पुलिस ने 150 लीटर महुआ शराब पकड़ा है। पुलिस ने शराब संग एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सैदपुर निवासी नंद किशोर प्रसाद है। वह अशोक प्रसाद का पुत्र है। एलटीएफ प्रभारी भोला सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि सोन नद के तटवर्ती इलाके से लवंग बाबा के मठिया के रास्ते प्रतिदिन शाम में बाइक से शराब की खेप पहुचाई जाती है। शुक्रवार शाम भोला सिंह अपने दलबल के साथ रामशहर ब्रह्म बाबा के समीप सड़क किनारे छुप गये। कुछ समय के बाद एक सवार बाइक पर 7 प्लास्टिक के बोरी लदा हुआ आया। पुलिस ने बाइक सवार को रोका। वह पुलिस को देखते ही बाइक समेत सड़क पर गीर पड़ा। पुलिस ने शराब तस्कर को पकड़ लिया। जब बोरी की तलाशी लिया। उसमे रखे प्लास्टिक के पन्नी में महुआ शराब भरा हुआ था। शराब और बाइक को जप्त कर दिया। शराब तस्कर पर एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**बलिया /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों से समकालीन अभियान के तहत डंडारी पुलिस ने दो कोर्ट वारंटी को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पूर्व की मामले में दो कोर्ट वारंटी को न्यायालय के आदेश पर पुलिस के द्वारा टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया है। वहीं गिरफ्तार वारंटी की पहचान डंडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बलहा गांव के वार्ड संख्या 8 निवासी गुददर साह का 32 वर्षीय पुत्र राजाराम साह के रूप में बताया गया। वहीं दूसरे की पहचान थाना क्षेत्र के कटरमाला ग्राम के वार्ड संख्या 1 निवासी यदु सिंह का 45 वर्षीय पुत्र शुक्कन सिंह के रूप में बताया गया है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ डंडारी थाना में अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत के लिए माननीय न्यायालय में प्रस्तुत के लिए भेज दिया गया है।

### ईद उल जोहा शांतिपूर्ण सम्पन्न

**वीरपुर /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के बरैपुरा,वीरपुर, ज़िन्दपुर,मैदा बभनगामा,सहुरी, फुलकारी,कारीचक,सरौंजा, सिकरहुला, मुजफ्फरा, समेत विभिन्न गांव में निवास करने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों का शनिवार को ईद उल अजहा यानी बकरीद का पर्व नियमानुसार शांति रूप से संपन्न हो गया। इस पर्व को लेकर वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार के द्वारा अशांति फैलाने वाले वालों को लेकर कड़ी कार्रवाई करने की बात पहले ही शांति समिति के बैठक के माध्यम से कड़ी हिदायत देते हुए कह दी थी। वहीं प्रशासनिक स्तर पर कड़ी चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। मुसलमान ने नमाज में ईमान और अकीदत के साथ अल्लाह से मुल्क की तरक्की, सलामती, भाईचारे, अमन व शांति की दुआएं मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को बकरीद की बधाई दी।

### शिक्षक संघ ने किया विधान परिषद शिक्षा समिति सदस्य का स्वागत

**बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला माध्यमिक शिक्षक संघ भवन, बेगूसराय में बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति के सदस्य द्वय वीरेन्द्र नारायण यादव एवं प्रो संजय कुमार सिंह का आगमन हुआ।संघ के पदाधिकारियों ने पौधा और चादर से सम्मानित किया। संघ के राज्य उपाध्यक्ष डॉ सुरेश प्रसाद राय ने प्रधानाध्यापकों का पदास्थापन एवं सेवा निरंतरता, स्थानांतरण सभी कोटि के शिक्षकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के समस्याओं संबंधी विषयों पर अपनी स्पष्ट राय रखते हुए उसके सामाधान के लिए सरकार पर दबाव बनाने का अनुरोध किया गया।दोनों पार्षदों ने आश्वस्त किया कि हम सब मिलकर इन समास्याओं का निदान अवश्य करायेंगे।इस अवसर पर राज्य उपाध्यक्ष डॉ सुरेश प्रसाद राय,प्राच्य प्रभा के प्रबंध संपादक चंद्र किशोर कुमार,जिला अध्यक्ष उमानंद चौधरी, सचिव रणजीत कुमार, सदस्य राज्य कार्य समिति डॉ सुदर्शन कुमार, मूल्यांकन परिषद् बेगूसराय के सचिव सुधीर सिंह, संयुक्त गणेश झा, प्रमंडल कार्य समिति सदस्य अरूण कुमार हरि, बेगूसराय अनुमंडल सचिव अरविंद कुमार, नगर सचिव अरुण कुमार, वीरपुर प्रखंड सचिव नीरज कुमार, अनुमंडल कार्य समिति सदस्य अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

### बकरीद को लेकर एकमा व रसूलपुर में सीओ व थानाध्यक्षों ने पूरी रात की पेट्रोलिंग

**शांति व सौहार्द्रपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ पर्व**

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर एकमा नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। शुक्रवार की रात से ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पेट्रोलिंग तेज कर दी गई थी, जो शनिवार को सुबह 5 बजे से पूरे दिन तक जारी रही। सीओ राहुल शंकर, एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार व रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने पुलिस बल के साथ नगर पंचायत क्षेत्र समेत संवेदनशील गांवों में रात्रि गश्ती की और देर रात तक



वाहनों की जांच की। शनिवार को भी अहले सुबह से अधिकारी खुद क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते नजर आए। इस दौरान सभी प्रमुख ईदगाहों, मस्जिदों व मेलों के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। चिन्हित स्थलों पर पुलिस बल व दंडाधिकारी की तैनाती सुनिश्चित की गई थी। जिससे पूरे क्षेत्र में शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पर्व संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की मुस्तैदी की सराहना की और कहा कि ऐसे सतर्क प्रयासों से पर्व और अधिक सुरक्षित व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।

# ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न

**अररिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले भर में बकरीद का पर्व शनिवार को काफी उत्साह और अकीदत के साथ शांतिपूर्वक मनाया गया । यह पर्व मुस्लिम समुदाय का प्रमुख पर्व में से आता है। पर्व के मद्देनजर लोग सभी प्रकार की पकवान से लेकर कुबार्नी तक के जानवरों का इंतजाम कर लिए थे। जिले के सभी ईदगाहों ,खानकाहो , इबादतगाहों व मस्जिदों की साफ सफाई कर रंग रोगन एक दिन पूर्व ही कर लिया गया था । मिली जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय के ऐतिहासिक जामा मस्जिद अररिया में बकरीद की नमाज सोमवार सुबह 6.30 बजे , आजाद एकेडमी मैदान में 7.00 बजे ,इस्लामनगर ईदगाह मैदान में 8.00 बजे , खरहैया बस्ती ईदगाह मैदान में 8:00 बजे और हर ग्रामीण क्षेत्र के ईदगाह के मैदान में 9:00 बजे नमाज अदा की गई । दो रिकत ईदुल अजहा ( बकरीद) की नमाज अदा करने के बाद इमाम द्वारा खुतबा को लोग शांतिपूर्वक सुनते रहे,और खुतबा खत्म होते ही अल्लाह के सामने हाथ उठाकर पूरे देश के इंसानों के लिए सुख, शांति, अमन, चैन की दुआ मांगी गई। इस मौके पर मदरसा फैज ए रहमानी वीर नगर विसरिया ,भरगामा के नाजिम मुफ्ती मुहम्मद आरिफ सिद्दीकी साहब ने बलिदान का पर्व ईद उल अजहा ( बकरीद ) के अवसर पर पूरे जिले वासियों को दिली मुबारकबाद पेश की, कहा कि यह पर्व आपस में सौहार्द , इत्तेहाद व भाईचारा बढ़ाने में काफी हद तक मदद करता है । उन्होंने अंत में कहा कि हम पूरे जिले वासियों खासकर सभी धर्म के लोग आपस में मिल बैठकर इस पर्व को शांतिपूर्वक मनाएं, साथ ही साथ किसी अफवाहों पर ध्यान ना दें। मुफ्ती मुहम्मद आरीफ सिद्दिकी साहब ने आगे कहा कि यह पर्व हमें एक दूसरे को आपस में मेल-जोल बढ़ाने का कार्य भी करता है। उन्होंने यह भी कहा कि ईद उल अजहा का एक ऐतिहासिक पक्ष यह भी है कि इसी ईद उल अजहा के दिन हज जैसी इबादत पुरी की जाती है। हजरत इब्राहिम की सुन्नत की अदाएगी हर इस्लाम धमार्लबी के लिए अनिवार्य है। यह त्यौहार इंसान को कठिन परीक्षा के समय में धैर्य के साथ रहना, विवेक से कदम उठाना और ईश्वर के प्रति समर्पित रहने का संदेश देता है, साथ ही साथ सामाजिक सरोकार का पैगाम भी देता है। वहीं शनिवार को जिले भर में ग्रामीण क्षेत्रों में भी मुस्लिम समाज ने ईद उल अजहा का त्योहार पूरे उत्साह व अकीदत के साथ मनाया। इस मौके पर जहां ईदगाह व प्रमुख मस्जिदों में हजारों की तादाद में मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा की वही हमेशा की तरह सौहार्द व शांतिपूर्ण माहौल भी कायम रहा । इस्लामी मान्यता के अनुसार ईद उल अजहा हजरत इब्राहिम खलीलुल्लाह की सुन्नत है। इसी के मद्देनजर मुस्लिम भाइयों ने पूरी अकीदत के साथ नमाज अदा करने के बाद जानवरों की कुबार्नी की। बकरीद को लेकर अररिया शहर व ग्रामीण इलाकों में सुबह का समय काफी चहल-पहल दिखा । हजारों की तादाद में मुस्लिम भाई मस्जिदों ईदगाहों में नमाज अदा करते दिखे । शहर के जामा मस्जिद में सबसे पहले 6:30 बजे नमाज हुई। इसके बाद कुछ अन्य मस्जिदों में नमाज हुई। वीर नगर विसरिया स्थित ईदगाह मैदान, व कदवाहा में भी नमाज अदा की गई। नमाज से पहले खड़ैया बस्ती ईदगाह मैदान में उलेमा एकराम मौलाना कारी नियाज कासमी साहब ने ईद उल अजहा की नमाज व कुबार्नी के मकसद पर अपनी तकरीर में कुबार्नी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी । ईदगाह में बुजुर्गों व युवाओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे भी नजर आए। ईदगाह के आसपास मेला जैसा नजारा देखने को मिला। बच्चों ने इस मेले का खूब लुत्फ उठाया। इस्लाम धर्म के सभी पांच आधार स्तंभ में एक अल्लाह पर ईमान रखना ,नमाज ,रोजा, हज व जकात,जैसी फर्ज इबादत को निभाना और साथ ही साथ कुबार्नी की शिक्षा भी देते हैं। कुबार्नी बहुत बड़ी इबादत है। यह बातें इस्लामी के विद्वान उलेमा गण ईदगाह में अपनी तकरीर के सामने रखी। ग्रामीण इलाकों के ईदगाह मैदान में हजारों मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा करते हुए समाज व देश की सलामती की दुआ की । मौके पर बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग भी ईदगाह के मैदान में मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर उन्हें बकरीद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों द्वारा अपने घरों पर कुबार्नी की। इस पर्व को लेकर पूरे शहर सहित देहाती क्षेत्रों में भी काफी चहल-पहल देखी गई। ईदगाह मैदान में समाजसेवी व कांग्रेस जिला अध्यक्ष शाद अहमद ने कहा कि यह पर्व आपसी सदभाव का पर्व है। यह पर्व हमे एक दूसरे का ख्याल रखना सिखाता है। पर्व मे एक दुसरे का ख्याल रखें। बकरीद को लेकर प्रशासन भी चौकस रही । बकरीद को लेकर जिला पुलिस प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई थी, जिसका नजर सुबह होते ही जिले में देखने को मिला। त्यौहार के मद्दे नजर जिले के सभी ईदगाहों पर पुलिस जवान व चौकीदार की तैनाती देखी गई । पूरा शहर व इलाका में पुलिस की तैनाती व सक्रियता देखी गई। साथ ही साथ सभी थाना अध्यक्षों व ओपी प्रभारी को असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दे दिया गया था ,ताकि कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके। वहीं बकरीद त्यौहार में सभी संप्रदाय के लोगों को एक दूसरे से भाईचारा निभाते हुए सभो को सलाम आदर करने की भी पुलिस प्रशासन द्वारा अपील की गई। कुल मिलाकर जिला प्रशासन बकरीद के मौके पर विधि व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पूरी तरह से तैयार दिखे । कुल मिलाकर जिले में बकरीद का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हो गई।

### अकीदत के साथ सीमांचल के फारबिसगंज में अदा की गई बकरीद की नमाज

**फारबिसगंज (अररिया )/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीमांचल के फारबिसगंज शहर में पूरी अकीदत के साथ मुस्लिम भाईयों ने शहर के करबला मैदान में पहुंच कर बकरीद की नमाज अदा की। बताते चले कि हजारों की संख्या में मुस्लिम भाईयों ने शहर के कर्बला मैदान में एकत्रित होकर ईमाम साहब के द्वारा नमाज अदा किया गया । वहीं इस मौके पर ईमाम साहब ने शांति और भाईचारगी के साथ बकरीद मनाने का आह्वान नमाजियों से किया। साथ ही उन्होंने इस्लाम धर्म के विशेषता के बारे में अपना वक्तव्य दिया। बकरीद क्यों मनाते हैं और बकरीद में कुबार्नी क्यों दी जाती है आदि विषय के साथ मुल्क में अमन और शांति कायम रखने की दरख्वास्त भी नमाज के बाद की गई। इस दौरान फारबिसगंज के कर्बला मैदान पर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। फारबिसगंज डीएसपी खुद यहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते दिखे। जबकि थानाध्यक्ष यहां मौजूद रहकर सुरक्षा की मॉनिटरिंग कर रहे थे। कई सामाजिक कार्यकताओं ने यहां मौजूद रहकर मुस्लिम भाईयों को बकरीद की मुबारकबाद पेश की। मौके पर मौजूद वाहिद अंसारी, रमेश सिंह आदि ने कहा कि यह पर्व कुबार्नी का पर्व है साथ इस पर्व से हम गंगा जमुनी तहजीब के तहत एक दूसरे को गले मिल आपस में साम्प्रदायिक सौहार्द की मिशाल पेश करते हैं।

# नगर परिषद बरौनी में शांतिपूर्ण हुई बकरीद

**पुरानी ईदगाह में नमाज अदा करने जुटे मुस्लिम समुदाय के लोग**



**बरौनी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर परिषद बरौनी और आस पास के क्षेत्रमें शनिवार को ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गई। बकरीद के नमाज पढ़कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। नगर परिषद बरौनी के पुरानी ईदगाह, रहमानी ईदगाह, जमा मस्जिद बरौनी, सहित अन्य ईदगाहों में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद अमन शांति , और भाईचारे के लिए अल्लाह ताला से दुआएं मांगी और एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दिया। पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहनकर लोग विभिन्न ईदगाह और मस्जिदों में जमा होने लगे थे। इस मौके जमा मस्जिद के इमाम ईदगाह में नमाज के दौरान संबोधित करते हुए मुफ्ती कयामुद्दीन कासमी ने कहा कि ईद उल अजहा बलिदान और संयम का दिन है। इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिलहिज्जा की दसवीं दसवीं तारीख को यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कुबार्नी आत्मा को शुद्ध करने का एक उत्तम साधन है। उन्होंने कहा कि कुबार्नी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दिखावे के लिए न हो। उन्होंने कहा कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल अलेही सलाम को कुबार्नी देने के लिए तैयार हो गए थे। अल्लाह को यह अदा काफी पसंद आई। इसके बाद सभी लोगों ने त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप के अनुसार बकरे की कुबार्नी दी गई। उसके बाद देर शाम तक कुर्बानियों का सिलसिला चलता रहा। सभी धर्मों के लोगों ने इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बधाई दी। घर-घर पकवान बने। एक दूसरे के घर जाकर लोगों ने पकवान भी बांटे। मौके पर उपस्थिति समाजसेवी मोहम्मद लाल बाबू ने कहा कि ईद उल अजहा एकता का संदेश देता है एकता से बड़ी कोई दौलत नहीं है। इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए फूलवाड़िया थाना पुलिस और बरौनी आरपीएफ के जवान ने विशेष इंतजाम किए थे। वही क्षेत्र के सभी ईदगाहों में बकरीद को लेकर जिला प्रशासन द्वारा नमाज के दौरान दंडाधिकारी तथा पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। सभी जगह शांतिपूर्ण रहा।

# 10 लाख दहेज नही देने पर विवाहिता का किया हत्या, एफआईआर दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

आरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के छपरा पर (फरना) गांव में दहेज में 10 लाख रुपये नही देने पर संध्या देवी की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के उदेश्य से बगैर सूचना दिये शव का दाह संस्कार कर दिया गया। मृतका छपरा पर गांव निवासी चंदन कुमार गुप्ता की पत्नी थी। इस घटना को लेकर मृतका के भाई आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिरौटा गांव निवासी राजेश कुमार गुप्ता ने बड़हरा थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। बताया है कि मेरी बहन संध्या देवी की शादी वर्ष 2017 में छपरा पर निवासी स्व जानकी साह के पुत्र चंदन के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के बाद से ही मेरी बहन को पति चंदन कुमार गुप्ता, सांस सीता देवी, चाचा के लड़के विरेन्द्र कुमार गुप्ता व इनकी पत्नी, राजेन्द्र साह (चाचा) सभी ग्राम छपरापर के द्वारा मेरी बहन को दहेज के लिए बराबर मानसिक, शारीरिक रूप से प्रताडित व मारपीट करते थे। इसकी सुचना मेरी बहन संध्या देवी मुझे फोन कर बताती थी कि मेरे ससुराल के लोग दहेज में 10 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। तब मै बहन संध्या देवी के ससुराल आकर कई दफा उन लोगों को समझाया। फिर 3 जून 2025 को मेरी बहन के साथ प्रताड़ित व मारपीट किया गया था। इस बात की सूचना मिलते ही मै अपने बहन की ससुराल पहुंचा सभी को समझाया। तब ये लोग मुझे धमकी दे रहे थे की अगर दहेज की मांग पूरा नहीं कर सकते हो तो तुम्हारी बहन संध्या देवी को हम लोग जान से मार देंगे। मैं वापस अपने घर आ गया। 6 जून की शाम करीब 4 बजे मुझे सूचना मिली की आपकी बहन संख्या देवी को ससुराल पक्ष से पति, सास, चाचा व चाचा के लडके उनकी पत्नी ने हत्या कर साक्ष्य मिटाने के उदेश्य से अज्ञात 10 के साथ बगैर सूचना दिये शव जला दिया गया। एसडीपीओ आरा 2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# असमाजिक तत्वों ने की शरारत

**बलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार की रात नगर परिषद क्षेत्र के छोटी बलिया ऊपर टोला स्थित शिव मंदिर के पास हुई घटना को पुलिस के द्वारा असमाजिक तत्वों द्वारा पटाखे फेंकने की बात बताई गयी है। हालांकि पुलिस के द्वारा शुक्रवार को इस मामले की जांच को लेकर एफएसएल टीम को भी बुलाई गयी है।घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल टीम के द्वारा घटनास्थल के आसपास से सबूत इकट्ठा करने की कोशिश की गयी।कुछ आपत्तिजनक चीज एफएसएल टीम को हाथ भी लगी है।इस मामले को लेकर जिला पुलिस कार्यालय के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि गुरुवार की शाम छोटी बलिया ऊपर टोला स्थित शिव मंदिर के समीप असमाजिक तत्वों द्वारा बम फेकने की सूचना मिली। जिस सूचना पर अपने सशस्त्र बल के साथ सूचना अनुसार छोटी बलिया ऊपर टोला शिव मंदिर के पास पहुंचे। कुछ स्थानीय लोग जुटे हुये थे। जिनसे पूछताछ करने पर बताया गया कि कुछ लोग आपस में खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा पटाखा जैसा बम एक व्यक्ति के पास फेंका गया। जिसमें कुल चार लोग जख्मी हो गये। जिसे लोगों के द्वारा इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा घटित घटना को गंभीरता से लेते हुये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में बलिया थाने की पुलिस टीम के द्वारा घटना के सभी पहलुओं पर छानबीन शुरू करते हुये विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# प्रखण्ड क्षेत्र के दर्जनों जगहों पर हुई नमाज अदा

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के कुल 16 स्थानों पर मुसलमानों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की। त्याग और बलिदान का पर्व ईद उल अजहा हर्षोल्लास के वातावरण में मनाई गई।विष्णुपुर,सैदपुर, देवपुरा,रजाकपुर, हसनपुर बागर सहित विभिन्न मस्जिदों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। बूढे बच्चे,जवान,विभिन्न रंगों के पोशाक पहने सिर पर टोपी लगाये सामुहिक नमाज में शामिल हुए।प्रशासनिक स्तर पर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का बंदोबस्त किया गया था।बीडीओ चिरंजीव पांडेय,थानाध्यक्ष दिनेश कुमार,पुलिस इंस्पेक्टर आनंद कुमार,सीओ सूरज कुमार,सब इंस्पेक्टर विश्वजीत कुमार,अनील कुमार सिंह एवं प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल सुबह छः बजे से इलाके में घूम घूम कर शांति के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न मुस्लिम गांवों में पर्व को संपन्न कराया। मुसलमानों ने नमाज में ईमान, त्याग और बलिदान का पर्व ईद उल अजहा हर्षोल्लास के वातावरण में मनायी गयी।प्रखंड क्षेत्र के कुल 16 स्थानों पर मुसलमानों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की।विष्णुपुर,सैदपुर, देवपुरा, रजाकपुर, हसनपुर बागर सहित विभिन्न मस्जिदों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी।बूढे बच्चे,जवान,विभिन्न रंगों के पोशाक पहने सिर पर टोपी लगाये सामुहिक नमाज में शामिल हुए। प्रशासनिक स्तर पर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का बंदोबस्त किया गया था। बीडीओ चिरंजीव पांडेय,थानाध्यक्ष दिनेश कुमार,पुलिस इंस्पेक्टर आनंद कुमार,सीओ सूरज कुमार,सब इंस्पेक्टर विश्वजीत कुमार,अनील कुमार सिंह एवं प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल सुबह छः बजे से इलाके में घूम घूम कर शांति के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न मुस्लिम गांवों में पर्व को संपन्न कराया। मुसलमानों ने नमाज में ईमान और अकीदत के साथ अल्लाह से मुल्क की तरक्की सलामती,भाईचारे,अमन वो शांति की दुआएं मांगी ।नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को पर्व की मुबारकबाद दी। सक्षम एवं मालदार लोग अपने घरों में बकरे की कुबार्नी का रस्म अदायगी की। मौके पर मुखिया राष्ट्रपति कुमार,दिनेश यादव,अभिषेक कुमार पिंटु,अजय सहनी,मुखिया प्रतिनिधि टुनटुन पोद्दार,रंजीत कुमार पमपम,मुकेश पासवान,सुरेन्द्र पासवान,उप प्रमुख नंदकिशोर पासवान,जिप प्रतिनिधि डॉ राजेंद्र शर्मा सहित अन्य मौजूद थे। अकीदत के साथ अल्लाह से मुल्क की तरक्की सलामती,भाईचारे,अमन वो शांति की दुआएं मांगी ।नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को पर्व की मुबारकबाद दी। सक्षम एवं मालदार लोग अपने घरों में बकरे की कुबार्नी का रस्म अदायगी की। मौके पर मुखिया राष्ट्रपति कुमार,दिनेश यादव,अभिषेक कुमार पिंटु,अजय सहनी,मुखिया प्रतिनिधि टुनटुन पोद्दार,रंजीत कुमार पमपम,मुकेश पासवान,सुरेन्द्र पासवान,उप प्रमुख नंदकिशोर पासवान, जिप प्रतिनिधि डॉ राजेंद्र शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# साहित्यकार रामेश्वर प्रशांत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**बरौनी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनवादी लेखक संघ और गढ़हरा दर्पण परिवार द्वारा जनपद के लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर प्रशांत के स्मृति दिवस पर गढ़हरा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्व मध्य रेलवे इण्टर कॉलेज गढ़हरा के प्रधानाचार्य कवि शान्तनु की जबकि कुमार विनीताभ ने संचालन किया। युवा कवि कुमार सुसिताभ ने आगत अतिथियों के सम्मान में स्वागत वक्तव्य दिया। पूर्व सरपंच राजन कुमार चौधरी ने अपने जनवादी गीतों से माहौल को संगीतमय बना दिया। तत्पश्चात 'आज के संदर्भ में कवि रामेश्वर प्रशांत' विषय केन्द्रित विमर्श में युवा आलोचक प्रवीण प्रियदर्शी ने कहा कि देश में किसान, मजदूर, युवा शासक वर्ग की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त हैं। अंगुलियों पर गिने जाने लायक पूंजीपतियों के हित में सारा तंत्र लगा है। ऐसे में कविवर रामेश्वर प्रशांत की कविताएँ हमें मार्ग दिखाती हैं। सामाजिक कार्यकर्ता रमेश प्रसाद सिंह ने कहा कि रामेश्वर प्रशांत जनवाद के संवाहक कवि थे। नगर परिषद बीहट के पूर्व उप मुख्य पार्षद ने कहा कि रामेश्वर प्रशांत की रचनाएँ संघर्ष के दौर में पथ-प्रदर्शक का काम करती हैं। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि रामेश्वर प्रशांत युगद्रष्टा कवि थे। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कवि शान्तनु ने कहा कि रामेश्वर प्रशांत की कविताओं को पढ़ते हुए हम जैसे युवाओं को साहित्य रचने की प्रेरणा मिली। उन्होंने विस्तार पूर्वक यादों को साझा करते हुए बताया कि किस तरह मथुरा उत्तर प्रदेश से निकलने वाली पत्रिका 'उत्तरार्ध' के संपादक सव्यसाची कवि रामेश्वर प्रशांत की रचनाओं को प्रकाशित करते टिप्पणी करते थे। उन्होंने अपने वक्तव्य के अंत में अपनी जन पक्षधर कविता का पाठ किया। शिक्षक रणजीत कुमार सिंह, प्रेम कुमार पिंटू, रेलवे ट्रेन प्रबंधक रामरतन महतों, रेलवे स्काउट के जिला सचिव जीवानंद मिश्र, कोशी कॉलेज खगड़िया के विनोद मिश्र, रेलवे ओबीसी सोनपुर के मंडल अध्यक्ष दिलीप प्रसाद, रमेश कुमार शर्मा, रंजीत दास, सुरेश गुप्ता, रामनरेश राय, रतीश रमण समेत अन्य वक्ताओं ने अपने विचारों के द्वारा विमर्श को समृद्ध किया। अधिवक्ता रामरतन दास ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में रामेश्वर प्रशांत की कविताओं का पाठ किया गया। इस अवसर पर सुमति देवी, कपिलदेव, शीतांशु भास्कर, प्रियांशु, हिमांशु, मंजुलता, अमृता आनंद, सूक्ति, किरण, श्रेयसी, सृष्टि, मोनी, सिमरन, खुशी, पायल, शांभवी, विभव सहित कई साहित्यप्रेमी मौजूद थे।

# सीओ ने की अंचल कर्मियों के साथ बैठक

**नावकोठी /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल कर्मियों की बैठक सभागार में शुक्रवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सीओ सूरज कुमार ने की। उन्होंने अंचल द्वारा संचालित सभी योजनाओं की राजस्व ग्राम वाइज समीक्षा की। कम उपलब्धि वाले राजस्व कर्मचारी को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि डा भीम राव अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत अंचल क्षेत्र के 80 भूमिहीन महादलित परिवार को वासगीत पर्चा उपलब्ध कराया गया है। बेघर एवं निसहाय जरूरतमंद का सर्वेक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर वासगीत पर्चा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। रैयतों के जमा बंदी में छेड़छाड़ रोकने हेतु 80प्रतिशत आधार सिडिंग का कार्य पूर्ण किया गया है। शेष 20प्रतिशत आधार सिडिंग हेतु राजस्व ग्राम में शिविर का आयोजन कर पूर्ण करने का निर्देश दिया। दाखिल खारिज , परिवर्तन सहित अन्य कार्यो को तय समय सीमा के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया। कोताही बरतने वाले कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अभी तक दाखिल खारिज के मामले लंबित नहीं है। राजस्व अर्जित मामले में अप्रैल माह में 2,95,000 रूपए, मई माह में 2,59,000 तथा 6 जून तक 40,000 रूपए राजस्व की वसूली की गई है जो लक्ष्य का 18 फीसदी है। इसमें गति लाने का निर्देश दिया। रैयतों की समस्याओं का त्वरित निषपादन का निर्देश दिया। भूमापी के अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर अमीन को आवश्यक निर्देश दिया गया। जानबूझकर रैयतों को परेशान करने वाले कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके बाद आरटीपीएस काउंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, एन सी एल, ईडब्ल्यूएस आदि के निष्पादन, लंबित आवेदनों का अवलोकन किया। आरटी पी एस के लाभुकों से मिलकर उनकी समस्या के संबंध में जानकारी लिया। सीओ के कार्यशैली पर लोगों में प्रशन्नता है। मौके पर अखिलेश्वर राम, संजय कुमार, संजीव कुमार, अशोक पाल, अवधेश कुमार, कुंदन कुमार, अमरजीत कुमार, गोपाल कुमार, रंधीर कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

# आइएमए ने किया पौधारोपण कार्यक्रम

**बेगूसराय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आरपीएफ कैंपस में आइएमए ने वृक्षारोपण कार्यक्रम किया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव करुणानिधि प्रसाद आर्या उपस्थित थे। श्री आर्या ने लोगों को बताया कि वृक्ष ही हमें जीवन देता है। इसीलिए अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाए। जिससे हमें ऑक्सीजन और छाया मिलेगी। आने वाले समय में वृक्ष ही मनुष्य को शुद्ध आक्सीजन प्रदान करेगा इसलिए मैं सभी से अपील करता हूं अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाए।और उसकी सेवा करें। मौके पर आई एम ए के अध्यक्ष डॉक्टर ए के राय रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष डॉ नलिनी रंजन सिंह, आईएमए के सचिव डॉक्टर पंकज कुमार सिंह,जिले के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर सुमित कुमार वर्मा स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार आरपीएससी संजय कुमार, जीआरपी से रजक , लोक अदालत से शैलेश कुमार , सिद्धार्थ सुमन नेवी लोगों को वृक्ष लगाने के प्रति जागरूक किया और सभी ने वृक्ष लगाकर समाज को संदेश दिया कि वृक्ष ही हमें स्वस्थ जीवन दे सकता है।



### माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल एवं किडजी ने मिलकर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**बेगूसराय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल एवं किडजी के बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और विद्यार्थियों को पेड़-पौधों के महत्व के बारे में बताया गया।इस अवसर पर डॉ. शीतल ने कहा धरती को हरा-भरा बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। एक छोटा सा पौधा आने वाले कल को शुद्ध हवा और जीवन प्रदान कर सकता है। बच्चों को शुरू से ही पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना जरूरी है।विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा पर्यावरण की सुरक्षा ही हमारे उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। स्कूल द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को प्रकृति से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। पौधारोपण केवल एक रस्म नहीं बल्कि प्रकृति से जुड़ने की एक पुनीत पहल है।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पर्यावरण पर आधारित गीत प्रस्तुत किए, पोस्टर बनाए और 'हरियाली बचाओ, जीवन बचाओ' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।



# हथियारबंद अपराधियों ने मजदूरों को बंधक बनाकर लूटे लाखों के उपकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिले के एरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत हाईवे के समीप स्थित मॉ इनफाटेक प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में बुधवार रात एक सुनियोजित लूटकांड को अंजाम दिया गया। टावर शिफ्टिंग के दौरान हथियारों से लैस अपराधियों ने मजदूरों को बंधक बनाकर लाखों रुपये मूल्य के उपकरण और वाहन लूट लिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात करीब आधा दर्जन अज्ञात अपराधी गोदाम में घुसे और वहां काम कर रहे मजदूरों को हथियार के बल पर कब्जे में ले लिया। मजदूरों के हाथ-पैर बांधकर एक कमरे में बंद करने के बाद अपराधियों ने गोदाम में रखे दो ट्रैक्टर, बिजली उपकरणों समेत कुल आठ प्रकार के महंगे सामान लूट लिए और फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 36 घंटे के भीतर लूट में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर, एक लूटा गया ट्रैक्टर (सामान सहित), एक फुल डला टेंपो, एक अपाची बाइक, एक बुलेट मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। इस मामले में गया जिले के सरबहदा बाजार निवासी 25 वर्षीय आरोपी विरू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी विरू के खिलाफ रामपुर और चाकन्द थानों में लूट, धोखाधड़ी व आर्म्स एक्ट से संबंधित कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

फरार अपराधियों की तलाश में जहानाबाद पुलिस, गया एसटीएफ टीम के साथ मिलकर लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। प्रशासन ने इस घटना को अत्यंत गंभीर मानते हुए जिले के सभी गोदामों और संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश जारी किए हैं।

# 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की भव्य शुरुआत 1100 श्रद्धालु कलश यात्रा में हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** घोसी प्रखंड के कोर्रा गांव में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 51 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। शनिवार सुबह सात बजे यज्ञ स्थल से आरंभ हुई यह कलश यात्रा जनसैलाब में तब्दील हो गई, जिसमें करीब 1100 श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पीले वस्त्रों से सजे श्रद्धालुओं की टोली में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया और हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा, नशा मुक्ति, पर्यावरण संवर्धन व नारी सशक्तिकरण जैसे ओजस्वी नारों के साथ जनजागरण का संदेश दिया। बैंड-बाजे पर गूंजते गायत्री मंत्र और रथ पर सजी धार्मिक झांकियों ने यात्रा को अत्यंत आकर्षक स्वरूप प्रदान किया। शोभायात्रा जब सुमेरा स्थित सूर्य मंदिर घाट पहुंची, तो पूरा क्षेत्र पीले रंग के भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरवाया गया। इसके बाद यात्रा सुमेरा, चोपहा, पथला पोखर होते हुए पुनः यज्ञ स्थल कोर्रा पहुंची, जहां कलश स्थापना, पूजन और आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर यात्रा का विधिवत समापन किया गया।

कार्यक्रम की भव्यता को लेकर गांव-गांव में धार्मिक उल्लास का माहौल रहा। इस अवसर पर गायत्री परिवार के जिला प्रतिनिधि हरिजी, मुख्य ट्रस्टी शारदानन्दन सिंह, यज्ञ संयोजक वरुण कुमार, ब्रजेश कुमार, बिनोद कुमार, ऋषु कुमार, शंभू शर्मा, गुड्डू शर्मा, मुरारी कुमार सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बंद घर से चार लाख के गहने और बर्तन की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबा।** स्थानीय शहर के गांधी नगर मुहल्ले में बीती रात चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने सौरव कुमार नामक युवक के बंद घर का ताला तोड़कर लगभग चार लाख रुपये मूल्य के गहने और धातु के बर्तन चुरा लिए। घटना के समय सौरव कुमार सपरिवार पटना में थे, जहां वे एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सौरव की पत्नी और बच्चे गर्मी की छुट्टियां मनाने अपने ननिहाल गए हुए थे। इसी बीच शनिवार सुबह सौरव के बड़े भाई ने देखा कि उनके घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ है और ताला टूटा हुआ है। उन्होंने तुरंत सौरव को फोन कर जानकारी दी और फिर डायल- 112 पर कॉल कर पुलिस को घटना की सूचना दिया।पुलिस के पहुंचने पर जब घर की तलाशी ली गई तो देखा गया कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। आलमारी और संदूक के लॉकर टूटे हुए थे। घर से सोने-चांदी के गहनों के साथ कांसा और पीतल के कीमती बर्तन गायब थे, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग चार लाख रुपये बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम के साथ घर की जांच की। इस दौरान आस-पड़ोस में लगे कुछ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी पुलिस द्वारा खंगाली गई। घटना के पड़ताल के बाद पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।स्थानीय लोगों के अनुसार, गांधी नगर क्षेत्र में पहले भी इस प्रकार की चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी मामले में ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे लोगों में डर और नाराजगी दोनों है।

# पुरातत्व विभाग की अनदेखी से दावथू गांव की ऐतिहासिक धरोहरें संकट में

**डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड स्थित दावथू गांव ऐतिहासिक और पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। मगध और नालंदा की सीमाओं के समीप स्थित यह क्षेत्र प्राचीन काल में बौद्ध, हिंदू, जैन और सूफी धर्मों के विकास का केंद्र रहा है। मौर्य और पाल वंश के शासनकाल के कई प्रमाण यहां के भग्नावशेषों और मूर्तियों के रूप में आज भी मौजूद हैं। प्रख्यात इतिहासकारों और जानकारों का मानना है कि यह क्षेत्र भारत के प्राचीन इतिहास की गहराई से पड़ताल के लिए एक अहम सुराग बन सकता है। पर्यटन और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी दावथू में अपार संभावनाएं हैं।

प्रखंड मुख्यालय से करीब 4 किमी पूरब, जलवार नदी के किनारे स्थित दावथू गांव का उल्लेख सबसे पहले ईस्ट इंडिया कंपनी के सर्वेक्षक फ्रांसिस बुकानन ने 30 जनवरी 1812 को अपने यात्रा वृतांत में किया था। उन्होंने इसे देवस्थल कहा और उल्लेख किया कि यहां एक मिट्टी का गढ़, मुस्लिम संत की मजार और प्राचीन पार्श्वनाथ मंदिर के खंडहर मौजूद हैं। आज भी यहां शिव मंदिर, मंदिर मंडप के भग्नावशेष, विशाल तराशे हुए पत्थर, मजार और बेशकीमती मूर्तियां जैसे लक्ष्मीनारायण, सरस्वती, शिव-पार्वती आदि बिखरी पड़ी हैं। कुछ मूर्तियां गया और पटना संग्रहालयों में संरक्षित हैं। यहां 7वीं-8वीं शताब्दी की मंदिर संरचना, काले पत्थर की सूर्य प्रतिमा और नृत्य मुद्रा में शिव की दुर्लभ मूर्ति आज भी दर्शकों को आकर्षित करती है। दावथू न सिर्फ बौद्ध पदचिन्हों का स्थल है, बल्कि यह हिंदू-मुस्लिम सांस्कृतिक एकता का भी जीवंत प्रतीक रहा है।

हालांकि, दुखद पहलू यह है कि इस ऐतिहासिक स्थल के संरक्षण में भारी उदासीनता बरती जा रही है। कुछ वर्ष पहले पर्यटन विभाग द्वारा इस स्थल को विकसित करने के लिए करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से घेराबंदी, गार्ड रूम, तालाब, लाइटिंग और सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में यह स्थल फिर से जीर्ण-शीर्ण होता जा रहा है। प्रस्तावित दूसरे चरण में प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार की योजना थी, पर वह भी अधर में लटकी है। ग्रामीणों का कहना है कि बची हुई मूर्तियों और भग्नावशेषों का संरक्षण तथा पुरातात्विक खुदाई का कार्य तुरंत प्रारंभ किया जाना चाहिए। यदि समय रहते पहल की जाए, तो यह क्षेत्र न केवल भारत के प्राचीन इतिहास को उजागर करने में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर भी स्थान पा सकता है।

# गृहरक्षक भर्ती प्रक्रिया: 254 अभ्यर्थी चिकित्सीय जांच में पाए गए फिट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में गृहरक्षकों की नियुक्ति हेतु चल रही भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 6 जून 2025 को आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में कुल 1400 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 967 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। शारीरिक परीक्षण के पहले चरण में आयोजित 1600 मीटर दौड़ में 285 उम्मीदवार सफल हुए। इसके बाद इनकी ऊंचाई और सीना माप की जांच की गई, जिसमें निर्धारित मानकों पर खरे न उतरने के कारण 16 अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित किया गया।

इसके पश्चात ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक जैसी शारीरिक दक्षता की शेष परीक्षाओं में कुल 284 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। अंतिम चरण में हुई चिकित्सकीय जांच में 15 उम्मीदवार अनफिट पाए गए, जबकि 254 अभ्यर्थियों को चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने पुलिस लाइन मैदान में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षण की सभी गतिविधियों का निरीक्षण अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) के साथ मिलकर किया और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने का निर्देश दिया।

# शनिदेव-नवग्रह मंदिर के वार्षिकोत्सव पर श्रीराम कथा एवं श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर नगर पंचायत क्षेत्र के सरैया वार्ड नंबर-7 में स्थित देवी मंदिर परिसर में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन शनिवार को कलश शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। इस दौरान भव्य जागरण एवं मंडप प्रवेश का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुसज्जित घोड़े, रथ के साथ साधु- संत आगे- आगे चल रहे थे। इस दौरान डीजे साउंड से भक्तिमय गीतों के स्वर से मखदुमपुर बाजार गूंज रहा था। सर पर कलश रखे बड़ी संख्या में महिलाएं शोभायात्रा को और आकर्षक बना रही थीं। इस अवसर पर रंग- बिरंगे परिधान में सुसज्जित श्रद्धालुओं की अपार भीड़ शोभायात्रा के मार्ग में मनोहारी दृश्य प्रस्तुत कर रही थी। कलश यात्रा देवी मंदिर परिसर वार्ड नंबर- 07, सरैया से जमुना नदी तक गई। जलभरण के साथ कलश शोभायात्रा इसी मार्ग से वापस यज्ञ मंडप तक पहुंचकर समाप्त हुई। इस संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के सूत्रधार अनंत सुदर्शनाचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजित श्रीलक्ष्मी- नारायण महायज्ञ के शुभ अवसर पर सायं कालीन श्रीराम कथा सप्ताह का आयोजन 7 जून से 13जून तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि कथा के दौरान अरणी मंथम एवं प्रभु श्रीराम चंद्र के भव्य राज्याभिषेक के साथ कथा की पूर्णाहुति होगी। यहां आयोजकों ने यह भी बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन मखदुमपुर में स्थित श्री शनिदेव-नवग्रह मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय रहे रामप्रीत प्रसाद, प्रेमजीत, संतोष कुमार, बंटी कुमार, दिलीप प्रसाद, बबली कुमार, एलओसी सेना भर्ती केंद्र के निदेशक शैलेन्द्र कुमार सहित सेना भर्ती केंद्र के प्रशिक्षुओं ने शोभायात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# सड़क दुर्घटना में मृत पंच के शोकाकुल परिजनों से मिलीं पंचायत समिति सदस्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** हुलासगंज प्रखंड के बौरी पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-7 के पंच देवेंद्र कुमार के असामयिक निधन के बाद उनके शोकाकुल परिजनों से मिलने पंचायत समिति सदस्य श्रीमती गीता देवी पहुंचीं। उन्होंने अपने पति सामाजिक कार्यकर्ता अशोक प्रसाद चंद्रवंशी और रजनीश कुमार के साथ पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और इस कठिन समय में हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। देवेंद्र कुमार का निधन बीते 4 जून को एक सड़क दुर्घटना में हो गया था। वे हाल ही में पंच पद के लिए निर्वाचित हुए थे। उनका अचानक यूं चले जाना पूरे पंचायत क्षेत्र के लिए दुखद है।

पंचायत समिति सदस्य गीता देवी ने मृतक की पत्नी सुषमा देवी, उनके बच्चों और अन्य स्वजन से मिलकर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि परिवार को हर स्तर पर सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि इस दुःख की घड़ी में वे अकेले न महसूस करें। इस मौके पर बिहटा गांव के बिंदु प्रसाद सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पंच देवेंद्र कुमार के निधन को पंचायत के लिए अपूरणीय क्षति बताया और परिवार की हर संभव मदद के लिए साथ खड़े रहने की बात कही।

# सड़क की ऊंचाई बढ़ाए जाने पर व्यापारियों का धरना, चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोतिहारी।** शहर के मुख्य व्यवसायिक क्षेत्र में सड़क की ऊंचाई बढ़ाए जाने के खिलाफ शनिवार को मोतिहारी चेंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले सत्याग्रह चौक पर व्यापारियों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। जानपुल चौक से मीना बाजार चौक तक सड़क के पुनर्निर्माण कार्य के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया, जिसमें सैकड़ों व्यापारी शामिल हुए। व्यापारियों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क की ऊंचाई बढ़ा देने से दुकानों का फर्श सड़क से नीचे चला गया है, जिससे बारिश में दुकानों में पानी भरने की गंभीर आशंका है। इससे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान होगा। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अंगद सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा था और निर्माण कार्य रोकने की मांग की थी। परंतु, प्रशासन की अनदेखी के बाद व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने धरना देकर विरोध जताया। अध्यक्ष अंगद सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा, यदि रात के अंधेरे में सड़क निर्माण कार्य जारी रहा, तो व्यापारी स्वयं कार्य को रोक देंगे। यदि प्रशासन ने समस्याओं का समाधान नहीं किया तो हम बाजार बंद कर उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# 1020 बोतल नेपाली शराब जब्त की, तस्कर फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार देर रात थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर नेपाली शराब की बड़ी खेप जब्त की है। कार्रवाई के दौरान शराब तस्कर पुलिस की भनक लगते ही बाइक छोड़कर फरार हो गए। मौके से पुलिस ने दो मोटरसाइकिल के साथ कुल 1020 बोतल नेपाली कस्तूरी और सौफी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि लाल टोला लौखान और पुरनहिया गांव में गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान आठ बोरे में भरी नेपाली शराब जब्त की गई।





# ईदगाह में अकीदतमंदों ने अदा की बकरीद की नमाज, अमन और भाईचारे की मांगी दुआ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** शहर के फिदा हुसैन रोड स्थित ईदगाह में शनिवार सुबह ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज अदा की गई। नमाज में जिले के विभिन्न हिस्सों से सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के अकीदतमंद शामिल हुए। तड़के सुबह से ही लोगों का ईदगाह पहुंचना शुरू हो गया था। मौलाना की इमामत में शांतिपूर्ण माहौल में नमाज संपन्न हुई, जिसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के पश्चात देश में अमन-चैन, भाईचारे और तरक्की की दुआ मांगी गई। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई, जबकि नगर परिषद द्वारा ईदगाह परिसर की साफ-सफाई और पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई थी। नमाज के बाद अकीदतमंदों ने पारंपरिक ढंग से कुर्बानी अदा की। पूरे दिन शहर में त्योहार का उल्लास और उत्साह बना रहा। बकरीद का पर्व एक बार

# एमजीसीयू में योग प्रभाव विषयक व्याख्यान और योग अनप्लग्ड 2025 का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में शनिवार को योग प्रभाव विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान और योग अनप्लग्ड 2025 के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की पहल के अनुरूप किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों में योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रशासनिक भवन में हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति एवं खेल बोर्ड अध्यक्ष प्रो. संजय श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय शीघ्र ही खेल कोटे के माध्यम से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा। साथ ही, खेल अधोसंरचना के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि जहां पश्चिमी देशों ने योग के शारीरिक पक्ष पर ध्यान केंद्रित किया है, वहीं भारत को योग के आध्यात्मिक पक्ष को आत्मसात कर वैश्विक पटल पर सांस्कृतिक नेतृत्व करना चाहिए।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. प्रसून दत्ता सिंह (अधिष्ठाता, मानवीकी एवं भाषा अध्ययन विद्याशाखा) ने योग प्रभाव पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने योग को केवल शरीर की साधना न मानकर भावनात्मक स्थिरता, आंतरिक संतुलन और सामाजिक समरसता का स्रोत बताया। उन्होंने कहा, ह्लयोग आत्मा के साथ शरीर, दिव्यता के साथ जीवन, और व्यक्ति के साथ ब्रह्मांड के एकत्व का प्रतीक है। प्रो. शिरीष मिश्रा (उपाध्यक्ष, विश्वविद्यालय खेल बोर्ड) ने योग अनप्लग्ड की भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि एक जीवन-दर्शन है जो संतुलन, शक्ति और शांति को पोषित करता है।

# भूमि विवाद में युवक की मौत: चिरैया पुलिस ने दो हत्यारोपी किए गिरफ्तार, गांव में तनाव बरकरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** चिरैया थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राम जिनिश राय और आनंद मोहन राय के रूप में की गई है, जो राघोपुर गांव के निवासी हैं। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस ने जल्द ही सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने का भरोसा जताया है।

गौरतलब है कि भूमि विवाद को लेकर राघोपुर गांव में दो पक्षों के बीच जोरदार मारपीट हुई थी, जिसमें हरेंद्र यादव के पुत्र मनोज यादव (30 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हालत बिगड़ने पर उन्हें मोतिहारी से पटना रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई।

# पूर्वी चंपारण में टेबल टेनिस अभ्यास शुरू, दो सत्रों में हो रहा खिलाड़ियों का प्रशिक्षण

## जल्द होगी जिलास्तरीय प्रतियोगिता, एसोसिएशन ने संपर्क अभियान किया तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जिले में अब टेबल टेनिस खेल को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। शहर के राजा बाजार स्थित खेल भवन में टेबल टेनिस अभ्यास की औपचारिक शुरुआत हो गई है। इस अवसर पर खेल पदाधिकारी शुभम कुमार ने खेल का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। खेल भवन के दूसरे तल पर टेबल टेनिस टेबल लगाए गए हैं, जहां सुबह और शाम दो सत्रों में नियमित अभ्यास शुरू हो गया है। पहला सत्र सुबह 6 बजे से 10 बजे तक और दूसरा सत्र शाम 4 बजे से 8 बजे तक संचालित किया जा रहा है। ईस्ट चंपारण टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र मिश्र बाबा ने उद्घाटन समारोह में जानकारी देते हुए कहा कि जिले में छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जिला प्रशासन और खेल विभाग का आभार जताया और कहा कि वह दिन दूर नहीं जब पूर्वी चंपारण के खिलाड़ी राज्य और देश स्तर पर टेबल टेनिस में पहचान बनाएंगे।

**खेल विकास को मिलेगी प्राथमिकता : अध्यक्ष**

एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि टेबल टेनिस खेल के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। खिलाड़ियों की संख्या बढ़ने पर अतिरिक्त टेबल भी उपलब्ध कराए जाएंगे और संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, खेल विभाग के मो. मोबस्सीर, रमेश कुमार समेत कई पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे। खिलाड़ियों और अभिभावकों में इस पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक में लगी आग, बाइक जलकर खाक

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मटियरिया थाना क्षेत्र के इंडो नेपाल पथ में तुमहवा मटियरिया के पास शनिवार की सुबह 10 बजे बाइक में अचानक आग लगने से बाइक धू धूकर जलकर खाक हो गई । जब तक अग्नि शमन यान पहुंची तब तक बाइक बुरी तरह जल चुकी थी । घटना के सम्बन्ध में बाइक चालक गौनाहा थाना के मितनी गांव निवासी अमरनाथ शर्मा ने बताया कि मैं अपने बुआ को बुलाने तुमहवा मटियरिया आया हुआ था। अचानक बाइक बीच सड़क में बंद हो गई। बाइक को दुबारा चालू किया तो बाइक में अचानक आग लग गई। मैंने 112 नम्बर में फोन किया, तो अग्नि शमन यान पहुंची, तब तक बाइक बुरी तरह जल चुकी थी ।

### झारखंड के दंपत्ति को सीवान की दिव्यांग बालिका मिली पालन-पोषण को

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, सिवान में आवासित एक दिव्यांग बालिका को झारखंड के एक पंजीकृत दंपत्ति को दो माह के लिए पालन-पोषण हेतु सौंपा गया। यह प्रक्रिया केयरिंग्स पोर्टल पर पंजीकरण एवं दस्तावेजों की विधिवत जांच के बाद पूरी की गई। दत्तक ग्रहण विनियम 2022 के अंतर्गत, आगामी दो माह के भीतर इस मामले का अंतिम निष्पादन जिला पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा। इस दौरान दंपत्ति के पालन-पोषण और देखरेख की स्थिति का मूल्यांकन किया जाएगा। इस अवसर पर राजकुमार सिंह, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, सिवान, सुधीर कुमार गोंड, बाल संरक्षण पदाधिकारी, असरार अहमद और श्रीमती प्रिया कुमारी (सदस्य, बाल कल्याण समिति), सुश्री वंदना प्रिया (प्रभारी समन्वयक, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान) सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।



### पिकअप की चपेट में आने से महिला की मौत

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को मांझी थाना क्षेत्र के सिसवन मुख्य मार्ग पर मटियार हाई स्कूल के समीप पिकअप की चपेट में आने से एक अधेड़ महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान गोडा गांव निवासी अनुज मिश्रा की 55 वर्षीय पत्नी ऊषा देवी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ऊषा देवी रिविलगंज क्षेत्र के गोरिया छपरा से कान का इलाज कर घर लौट रही थीं। मटियार हाई स्कूल के पास वह शौच के लिए बाइक से उतर रही थीं, तभी तेज रफ्तार पिक-अप वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि सुशील कुमार सुमन, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जय प्रकाश महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। मांझी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका अपने पीछे छह बेटियां व एक बेटा छोड़ गई हैं। परिवार में कोहराम मचा है।

### अंकिता सिंह ने पश्चिम बंगाल पीसीएस में पाया 17वां रैंक

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड के मुबारकपुर गांव की बेटी अंकिता सिंह ने पश्चिम बंगाल पीसीएस परीक्षा में 17वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता से गांव में खुशी की लहर है। अंकिता सिंह पश्चिम बंगाल के जगदल में स्थित जुट मिल में कार्यरत सत्येन्द्र सिंह व चंदा सिंह की पुत्री हैं। वे पूर्व में सरकारी विद्यालय में शिक्षिका के रूप में कार्यरत थीं। अब वह डिप्टी कलेक्टर के रूप में सेवा देंगी। उनके परिवार में बड़ी बहन स्वेता सिंह हिन्दी ट्रांसलेटर हैं। जबकि छोटा भाई अंकेश सिंह स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। अंकिता की इस सफलता पर मुबारकपुर गांव निवासी व मध्यप्रदेश पुलिस के डीआईजी मनोज कुमार सिंह, पूर्व मुखिया राहुल प्रकाश सिंह, पूर्व जिला पार्षद नीरज सिंह, पैक्स अध्यक्ष मोहन सिंह, प्रो (डॉ) सुनील कुमार सिंह, पत्रकार के-के सिंह सेंगर, नीरज यादव, वीरेश सिंह, मनोज सिंह, संजीव शर्मा, नितेश कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें फोन कर शुभकामनाएं दी हैं।





### कोलकाता में इलाज के दौरान कुमहैला के युवक की मौत

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के कुमहैला गांव निवासी मदन ओझा के 33 वर्षीय पुत्र गुंजन ओझा की मौत कोलकाता में इलाज के दौरान हो गई। गुंजन स्टर्लिंग विल्सन कंपनी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। बताया गया कि गुरुवार को उन्हें अचानक पेट में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद इलाज के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई। गुंजन का पार्थिव शरीर जैसे ही गांव पहुंचा, वहां कोहराम मच गया। उनकी पत्नी रोशनी, माता-पिता, भाई मोहित और बहन नूपुर का रो-रो कर बुरा हाल था। अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में स्थानीय विधायक जनक सिंह, प्रखंड प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव, मुखिया धनंजय कुमार ओझा, पूर्व मुखिया अच्छेलाल राय, सरपंच संजय ओझा, रंजय ओझा, सुनील ओझा, दयानंद ओझा, कृष्णकांत ओझा, शिव शंकर ओझा, संतोष ओझा, अरविंद ओझा, पवन ओझा, ललन ओझा आदि शामिल रहे। वहीं, पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय, सारण विकास मंच के संयोजक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, युवराज सुधीर सिंह व पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### प्रेम प्रसंग में प्रेमिका के पिता की चाकू से हत्या

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अमनौर थाना क्षेत्र के खास पट्टी गांव में शुक्रवार देर रात एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के पिता की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। बीच-बचाव में आए प्रेमिका के दोनों भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के अनुसार रात करीब 12 बजे प्रेमी चोरी-छिपे प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा। पिता मोती महतो (50) को जब इसकी भनक लगी, तो उन्होंने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसी दौरान युवक ने जेब से चाकू निकालकर मोती महतो पर हमला कर दिया। उनकी चीख सुनकर बेटे विकास और प्रकाश दौड़े, जिन्हें भी चाकू मारकर घायल कर दिया गया। गांववालों की मदद से प्रेमी और प्रेमिका को घर में ही बंद कर दिया गया। सूचना मिलने पर अमनौर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां मोती महतो को मृत घोषित कर दिया गया। डीएसपी मढ़ौरा नरेश पासवान ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर प्रेमी व प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है।

# अकीदत और एहतराम के साथ बकरीद की नमाज संपन्न





**बेतिया/नरकटियागंज/मैनाटांड़/गौनाहा/ मझौलिया/ बगहा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला मुख्यालय बेतिया समेत जिले के विभिन्न हिस्सों में शनिवार को ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार पूरे अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह से हीं नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग जुटे। नमाज अदा करने के बाद लोगो ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी और देश में अमन चैन व तरक्की की दुआ मांगी। बकरीद को लेकर जिला प्रशासन ने भी पुख्ता इंतजाम किये थे। दिनभर बाइक सवार जवानों की टोली पुरे शहर में गश्त लगाती रही। संवेदनशील स्थानों पर दडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। इधर नमाज के दौरान मौलाना ने कुबार्नी के महत्व को बताया। बगहा। बकरीद का पर्व पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।पर्व को लेकर ईदगाहों व मस्जिदों मे नमाज अदा की गई ।और एक दूसरे के गले मिल कर लोगों ने मुबारकबाद दी। गौरतलब हो कि बकरीद को लेकर ईदगाहों में नमाज के बाद मेले जैसा दृश्य बना रह।पर्व को लेकर शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर सभी ईदगाहों मस्जिदों के पास प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। सभी ईदगाहों एवं अन्य जगहों पर कहीं कोई अप्रिय घटना ना हो इस बात को लेकर मजिस्ट्रेट के देख-रेख में पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल को लगाया गया था।इस पर्व को लेकर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई थी।नरकटियागंज प्रतिनिधि के अनुसार कटघरवा गांव में शनिवार को बकरीद का नमाज पढ़ने के दौरान एक ही समुदाय के दो पक्षो में विवाद उत्पन होने लगा। जिसके बाद प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। प्रशासन के हस्तक्षेप से नमाज शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया।अधिकारियों ने दोनों पक्षों से बात की और उन्हें समझाया। उसके बाद अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति में दोनों पक्षों का नमाज बारी बारी से संपन्न कराया। ग्रामीणों की माने तो कटघरवा में कटघरवा, सोनासती टोला महमदपुर, तरहरवा, नरकटिया एवं तुमकड़िया के लोग नमाज पढ़ने आते है। इससे यहां नमाज पढ़ने वालों की संख्या अधिक हो जाती है। अधिक संख्या के चलते ही पहले नमाज पढ़ने को लेकर तनाव उत्पन्न होने लगा। एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि कटघरवा के कुछ मुस्लिम लोगों की निजी जमीन है जिसपर नमाज होता है। जिनकी जमीन है वह गुट पहले नमाज पढ़ना चाहता था। एसडीएम ने बताया कि दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांतिपूर्ण नमाज अदा कारा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र में सभी जगह बकरीद का नमाज शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ है। इस अवसर पर एसडीएम के साथ बीडीओ सूरज कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।मैनाटांड़ प्रतिनिधि के अनुसार प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को बकरीद (ईद-उल-अजहा) का पर्व धार्मिक श्रद्धा, उल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया। त्योहार को लेकर सुबह से ही लोगों ने पारंपरिक परिधान पहनकर मस्जिदों का रुख किया और सुबह 8 बजे मस्जिद में सामूहिक नमाज अदा की गई। इधर युवाओं में उत्साह देखने को मिला। नमाज के बाद गले मिल मुबारकबाद दी। नमाज के बाद छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोग एक-दूसरे से गले मिलते नजर आए और त्योहार की मुबारकबाद दी। मुस्लिम युवाओं में इस खास अवसर पर विशेष उत्साह और जोश देखा गया। पूरे प्रखंड क्षेत्र में भाईचारे और एकता की मिसाल पेश की गई।गौनाहा प्रतिनिधि के अनुसार प्रखंड के सभी ईदगाहों में शनिवार को सुबह त्याग और बलिदान का पर्व बकरीद को नमाज पढ़ कर मनाई गई। नए-नए परिधानों में नमाजियों की भीड़ ईदगाहों में देखी गई। यह पर्व प्रति वर्ष हज यात्रा के खत्म होने पर मनाई जाती है जो कि इस्लाम धर्म के पांच स्तंभों में से एक है।बकरीद का पर्व त्याग बलिदान और इंसानियत के पग मार्क में चलकर अल्लाह को खुद को समर्पित करना। मझौलिया प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार को सुबह त्याग और बलिदान का पर्व बकरीद पर्व की नमाज पूरी अकीदत के साथ ईदगाहों में पढ़ी गई। निर्धारित समय के पूर्व नए-नए परिधानों से सुसज्जित होकर नमाजियों की भीड़ ईदगाहों में पहुंच गई।कहा जाता है कि जब पैगंबर इब्राहिम अपने बेटे की कुबार्नी देने वाले थे इस समय अल्लाह ने अपने दूत को भेज कर बेटे को एक बकरे से बदल दिया था।तभी से बकरीद अल्लाह में पैगंबर इब्राहिम के विश्वास को याद करने के लिए मनाया जाता है।यह पर्व इस्लाम धर्म का ईद पर्व के बाद प्रमुख पर्व माना जाता है।यह पर्व त्याग और बलिदान की भावना को जागृत करता है तथा मानव को अपनी समस्त बुराइयों ईर्ष्या द्वेष लालच कपट दुर्भावना को छोड़कर अल्लाह पर पूर्ण विश्वास करने का पैगाम देता है।बकरीद का पर्व मुसलमानों का बहुत बड़ा पर्व है।जिसे ईद उल अजहा या कुबार्नी की ईद के नाम से जाना जाता है।यह पर्व पूरी दुनिया में बहुत श्रद्धा और भाईचारे के साथ मनाया जाता है।यह पर्व हर साल हज यात्रा के खत्म होने पर मनाई जाती है जो इस्लाम धर्म के पांच स्तंभों में से एक है।बकरीद का पर्व हमें सिखाती है कि त्याग इमान और इंसानियत के रास्ते पर चलकर अल्लाह की राह में खुद को समर्पित करना ही असली भक्ति है। यह पर्व याद दिलाता है कि दूसरों की भलाई और परोपकार करना ही सच्चा धर्म है।बकरीद सिर्फ एक त्यौहार नहीं बल्कि एक सोच और जीवन शैली है जो इंसान को बेहतर बनाती है।बकरीद का पर्व पूरे प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई। इस्लाम धर्म के अनुयायियों ने पूरे संकल्प के साथ अल्लाह के बताएं रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

## शांति और सौहार्द के बीच जिले में मनाई गई बकरीद

**डीएम-एसपी की मुस्तैदी से चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था, साइबर सेल से लेकर कंट्रोल रूम तक 24 घंटे रही नजर**



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में बकरीद का पर्व गुरुवार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिलाधिकारी आदित्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार के संयुक्त नेतृत्व में पहले से ही व्यापक तैयारी की गई थी।

**महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहे दंडाधिकारी और पुलिस बल**

जिलाधिकारी और एसपी के संयुक्त आदेश के तहत जिले के सभी महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सभी बीडीओ, सीओ और थानाध्यक्ष को आदेश दिया गया था कि वे लगातार भ्रमणशील रहकर कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखें। सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे ड्यूटी स्थल पर उपस्थित होकर अपनी संयुक्त तस्वीर जिला प्रशासन के व्हाट्सएप नंबर पर भेजना सुनिश्चित करें।

**सोशल मीडिया पर साइबर सेल की 24 घंटे रही नजर, सादे लिबास में तैनात थे पुलिसकर्मी**

जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया था कि अफवाह फैलाने या शांति भंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जिला साइबर सेल को 24 घंटे सक्रिय रखा गया। साथ ही, सादे लिबास में पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया ताकि शरारती तत्वों की पहचान की जा सके।

**24 घंटे सक्रिय रहा जिला नियंत्रण कक्ष, तीन शिफ्टों में काम कर रही थी टीम**

बकरीद पर्व के दौरान 06 जून पूर्वाह्न से 08 जून अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष पूरी तरह सक्रिय रहा। तीन शिफ्टों में कार्यरत इस नियंत्रण कक्ष में सभी जरूरी संसाधनों जैसे कि दंगा नियंत्रण कंपनी, अग्निशमन दल और वज्रवाहन को तैयार रखा गया। अग्निशमन पदाधिकारी को सतर्क रहने और आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए थे।

**डीएम-एसपी ने खुद लिया विधि-व्यवस्था का जायजा**

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जिलेभर का भ्रमण कर स्वयं विधि-व्यवस्था का जायजा लिया और प्रतिनियुक्त अधिकारियों को सतर्क रहने की हिदायत दी। दोनों अधिकारियों ने जिलेवासियों से शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि प्रशासन द्वारा पहले से ही सभी तैयारियां कर ली गई थीं, जिससे पर्व के दौरान किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था नहीं हुई और पूरे जिले में बकरीद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

## मुफस्सिल के बरवत में वृद्ध की हत्या

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरवत गांव के समीप बेतिया-अरेराज मुख्य पथ पर शुक्रवार की रात करीब 11 बजे घात लगाए अपराधियों ने एक वृद्ध की तेज धारदार हथियार से गोदकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान बरवत सेना निवासी रामदेव राम (65) के रुप में हुयी है। उनके पेट व शरीर के अन्य हिस्से में धारदार हथियार से मारा गया है। खुन से लथपथ रामदेव राम सड़क किनारे गिर छटपटा रहे थे। उनके चीखने चिल्लाने पर घटनास्थल से करीब सौ कदम की दूरी पर स्थित अपने चाय नाश्ता की दुकान में मौजूद उनके पुत्र मौके पर पहुंचे और 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर 112 की टीम मौके पर पहुंची और जख्मी रामदेव राम को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पहुंचाई। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर रात में हीं एसपी डा शौर्य सुमन, एसडीपीओ विवेक दीप, यातायात डीएसपी रंजन कुमार सिंह जांच के लिए मौके पर पहुंचे। डीआईयू व एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल की जांच की। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि मामले में पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया।

## ईदगाहों में अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

**छपरा/इसुआपुर (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा शहर सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों व नगर पंचायत स्थित ईदगाहों समेत विभिन्न मस्जिदों में को ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज अदा की गई। इसुआपुर बाजार, एकमा, तरैया, दिघवारा, मशरक, मांझी, रसूलपुर, मढ़ौरा, रिविलगंज, अमनौर, गड़खा, सोनपुर, परसा, दरियापुर, भेल्दी, पानापुर, बनियापुर, लहलादपुर आदि क्षेत्रों के ईदगाह में सुबह सैकड़ों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अल्लाह से सलामती, बरकत और तौबा के लिए नमाज अदा की। इस मौके पर जामा मस्जिद इसुआपुर के इमाम मोहम्मद इजहार अशरफ ने कहा कि बकरीद त्याग व कुबार्नी का पर्व है, इसे आपसी भाईचारे और मोहब्बत के साथ मनाएं।

## एकमा में पारंपरिक उल्लास व शांति पूर्ण वातावरण में मनी बकरीद

**नमाज अदा कर मुस्लिम समाज ने देश की खुशहाली व अमन-चैन के लिए मांगी दुआ**

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार समेत प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास व आपसी सौहार्द्र के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही नमाजी समय से पूर्व ही ईदगाहों व मस्जिदों में जुटने लगे थे। बकरीद की विशेष नमाज अदा कर मुस्लिम समाज के लोगों ने अल्लाह-त-आला से देश की तरक्की, खुशहाली, अमन-चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर पर्व की मुबारकबाद दी गई। नगर पंचायत क्षेत्र के हंसराजपुर-एकमा स्थित जामा मस्जिद में पेश इमाम मोहम्मद इकबाल ने नमाज अदा कराई, जबकि मस्जिद के मोअज्जिन मोहम्मद तबारक हुसैन ने तकरीर पेश की। उधर क्षेत्र की ईदगाहों व मस्जिदों में भी नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान हिंदू समुदाय के लोग भी ईदगाहों व मस्जिदों पर पहुंचकर मुस्लिम भाईयों को पर्व की शुभकामनाएं दीं और गले मिलकर सौहार्द्र का परिचय दिया। बकरीद को लेकर लगे मेलों में बच्चों ने जमकर खरीदारी की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी लगातार क्षेत्र में सक्रिय दिखे। एकमा सीओ राहुल शंकर, बीडीओ डॉ. अरुण कुमार, पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार, रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार समेत अन्य अधिकारी दल-बल के साथ क्षेत्र का भ्रमण करते रहे। चिन्हित स्थलों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। बकरीद की नमाज के बाद परंपरागत तरीके से बकरों की कुबार्नी दी गई और गोश्त का वितरण कर खाने-खिलाने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। एकमा, हंसराजपुर, गोपाली, गंजपर, चनचौरा, परसागढ़, रसूलपुर, नचाप, कटोखर, कलान, चकमीरा, आमडाढ़ी कर्णपुरा, मुकुंदपुर, योगियां, रामपुर, मुकुंदपुर, रामपुर विंदालाल, सफरी, बढ़ेंया टोला खोजी, कोहड़गढ़ आदि गांवों में मुस्लिम समाज के लोगों ने पूरी अकीदत के साथ बकरीद की नमाज अदा की। सभी स्थानों पर बकरीद पर्व पारंपरिक शांतिपूर्ण व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## 'बिहार बदलाव यात्रा' के दौरान मढ़ौरा पहुंचे प्रशांत किशोर, डॉ. नूतन कुमारी ने किया भव्य स्वागत

**महिला कार्यकताओं की जोरदार भागीदारी, नारी शक्ति का दिखा प्रभाव**







**छपरा/मढ़ौरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन सुराज के नेतृत्व में निकाली जा रही "बिहार बदलाव यात्रा" के दौरान प्रशांत किशोर मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे। जहां भावी प्रत्याशी डॉ. नूतन कुमारी ने कटेसर में उनका भव्य स्वागत किया। यात्रा की शुरूआत प्रशांत किशोर ने स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सूर्य सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद मिजार्पुर में आयोजित जनसभा में डॉ. नूतन कुमारी व उनके सैकड़ों कार्यकताओं ने प्रशांत किशोर का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस सभा में महिला कार्यकताओं की बड़ी भागीदारी रही। डॉ. नूतन कुमारी की लगभग 80 प्रतिशत महिला कार्यकर्ता अपने समूह के बैच व युवा समर्थक टी-शर्ट पहनकर सभा में शामिल हुए। जिससे नारी शक्ति की एकजुटता साफ देखने को मिली। मंच पर डॉ. नूतन कुमारी ने प्रशांत किशोर को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और अपनी महिला कार्यकताओं द्वारा बनाई गई चित्रकला उन्हें भेंट स्वरूप दी। जनसभा में भारी उत्साह व समर्थन देखकर प्रशांत किशोर भी भावुक व उत्साहित नजर आए। डॉ. नूतन कुमारी ने जिस तरह अपने कार्यकर्ता समूह के साथ संगठित व सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई, वह न केवल मढ़ौरा क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता को दशार्ता है, बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव में जन सुराज के लिए एक सकारात्मक संकेत भी है। मढ़ौरा में वह एक मजबूत महिला नेत्री के रूप में उभरती दिख रही हैं।

## किसान कल्याण को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिला हिंदू महासभा युवा मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा (युवा मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रवक्ता ई. आदित्य सिंह ने हाल ही में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर से कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली में भेंट की। भेंट के दौरान ई. सिंह ने देशभर के किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने मांग की कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से हर किसान तक पहुंचे। उन्होंने बीज, खाद, सिंचाई, फसल बीमा और एमएसपी जैसी योजनाओं में सुधार व निगरानी बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। युवा किसानों के लिए डिजिटल साक्षरता व तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम की मांग करते हुए ई. सिंह ने कहा कि योजनाओं की स्थानीय स्तर पर मॉनिटरिंग व जागरूकता अभियान बेहद जरूरी हैं। इस दौरान दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जतीन मग्गन भी उपस्थित रहे, जिन्होंने एनसीआर क्षेत्र में शहरीकरण से प्रभावित किसानों की समस्याएं उठाईं। मंत्री रामनाथ ठाकुर ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार किसानों की भलाई के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

## लकड़ी नवीगंज में मारपीट के बाद घायल युवक की मौत, हत्या की प्राथमिकी

**मौत के बाद गांव में मातम, जगतपुर चौमुखा गांव की है घटना, सात लोगों पर लगाया हत्या का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच**





**सीवान ( लकड़ीनबीगंज) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लकड़ी नवीगंज थाना क्षेत्र के जगतपुर चौमुखा गांव में शुक्रवार की रात एक 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान श्यामबहादुर सिंह के अविवाहित पुत्र चंद्रशेखर कुमार सिंह उर्फ सीतेश सिंह के रूप में हुई है। वह बीती रात करीब 11 बजे गंभीर चोट के दर्द से कराहते हुए घर पहुंचा और अपने परिजनों को बताया कि गांव के ही कुछ पड़ोसियों ने उसके साथ मारपीट कर दी है। परिजनों को घटना की जानकारी देने के बाद युवक अपने बेड पर सो गया। कुछ देर बाद वह अचानक बेड से नीचे गिर पड़ा और वहीं उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार पांडे मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर सीवान सदर अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**पिता ने सात लोगों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर**

मृतक के पिता श्यामबहादुर सिंह ने थाने में लिखित आवेदन देकर गांव के ही सात लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके बेटे की हत्या की गई है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की छानबीन में जुट गई है। शनिवार को घटनास्थल पर महाराजगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार रंजन और थानाध्यक्ष कुंदन कुमार पांडे ने पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।

**शनिवार शाम तक नहीं हुआ शव का अंतिम संस्कार, न्याय की मांग पर अड़े परिजन**

मृतक के पिता श्यामबहादुर सिंह, बड़े भाई शशि शेखर सिंह, रबिशेखर सिंह सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। शनिवार देर शाम तक मृतक के शव का अंतिम संस्कार नहीं किया गया था। परिजन न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं और दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी चाहते हैं। पुलिस का कहना है कि सभी नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है और बहुत जल्द उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## प्राकृतिक खेती से कम होगी लागत, बढ़ेगी उर्वरता: डॉ. चंदोला

**विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत मांझी प्रखंड के तीन पंचायतों में चला जागरूकता कार्यक्रम**






**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि विज्ञान केंद्र मांझी द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मांझी प्रखंड के चेफूल, मुबारकपुर एवं मटिहार पंचायतों में किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान पुरुष व महिलाएं शामिल हुए। कृषि विज्ञान केंद्र मांझी के विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान विज्ञान) एवं अभियान के नोडल पदाधिकारी डॉ. जितेन्द्र चन्द्र चंदोला ने प्राकृतिक खेती को समय की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि रासायनिक खाद व कीटनाशकों की महंगाई और समय पर उपलब्धता की चुनौती के चलते अब किसानों को खेती के जैविक विकल्पों की ओर बढ़ना जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से न केवल कृषि लागत में भारी कमी लाई जा सकती है, बल्कि इससे मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है। डॉ. चंदोला ने किसानों को जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, वर्मीकम्पोस्ट जैसी तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही खेती में सूक्ष्मजीवों और केंचुओं की भूमिका, पोषण वाटिका का महत्व, ड्रोन का कृषि में उपयोग, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, शून्य जुताई विधि, पॉलीहाउस में सब्जी उत्पादन आदि विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती ने न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति को प्रभावित किया है, बल्कि मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी इसका प्रतिकूल असर हुआ है। प्राकृतिक खेती इस समस्या का स्थायी समाधान है। मृदा विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मिट्टी जांच एवं हरी खाद के महत्व पर चर्चा की। बीटीएम मांझी सुश्री प्रतिभा कुमारी ने बिहार सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी, जबकि इफको से संदीप कुमार ने नैनो यूरिया व डीएपी की विशेषताओं को समझाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आत्मा मांझी के एटीएम हितेश सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, किसान सलाहकार गजेन्द्र सिंह, संजीव कुमार दुबे, सरोज प्रसाद तथा कृषि विज्ञान केंद्र से राकेश कुमार ने सहयोग किया।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### अनुमंडल अस्पताल में मरीज की हुई मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में गंभीर हालत में पहुंची सिकंदरा गांव निवास महिला पानो देवी 70 वर्ष की मौत हो गई है। परिजन ने बताया कि महिला की तबीयत खराब होने के बाद उसे अनुमंडल अस्पताल लाया गया । इलाज शुरू होने के बाद उसने दम तोड़ दिया।

### साइकिल पर टंगे झोले से उचक्कों ने गायब किए एक लाख

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाढ़ के रेलवे गुमटी के पास रेकी कर रहे उचक्को के द्वारा ग्रामीण के साइकिल में टंगे झोले को दिनदहाड़े ब्लेड से काटकर 1 लाख रुपए गायब कर दिया। इस संबंध में पीड़ित नदमा गांव निवासी उमाशंकर ने बताया कि वह स्टेट बैंक से रुपए निकाल कर अपने गांव जा रहा था। इसके बाद स्टेशन बाजार होते हुए खरीदारी कर जब वह रेलवे गुमती के पास साइकिल खड़ा कर आम खरीद रहा था ।इसी दौरान साइकिल पर टंगे उसके झोले को ब्लेड से कटकर बदमाशों ने रुपए निकाल लिये। इस संबंध में थाने में केस दर्ज किया गया है ।पुलिस जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बैंक में घुसकर बदमाश ग्रामीण परिवेश के लोगों की रेकी करते हैं ।इसके बाद पीछा कर रुपए गायब कर देते हैं ।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संपत्ति हड़पने को लेकर दो पर केस

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाढ़ थाने के जलगोविंद गांव निवासी रीता देवी ने जमीन हड़पने के प्रयास के दौरान मारपीट करने एवं धमकी देने के आरोप में दो लोगों पर केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 8 बोतल शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना गया फोरलेन पर नदौल चेक पोस्ट के पास एक युवक को 8 बोतल विदेशी शराब के साथ रंगे हाथ एक्साईज पुलिस ने पकड़ा है। जिसमें विभिन्न कंपनियों के आठ बोतल विदेशी शराब है, गिरफ्तार युवक नाम रविरंजन कुमार पिता सुनील यादव गोरक्षणी जहानाबाद



का रहने वाला है। दरअसल बताया जाता है यह युवक जहानाबाद से मसौढ़ी किसी समारोह में जश्न मनाने की तैयारी में जुटे थे और उसी में शराब को डिलीवरी करने जा रहा था, एक्साईज निरीक्षक टुनटुन पासवान ने बताया कि नदौल के पास एक्साइज पुलिस की बनी चेक पोस्ट पर से इसे गिरफ्तार किया गया है इस युवक के बारे में और भी जानकारी ली जा रही है यह शराब धंधे की डिलीवरी करता है।

### सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नूरा पंचायत के मोउद्दीनपूर गांव में बीते शुक्रवार की रात को एक व्यक्ति को सर्पदंश से इलाज के दौरान मौत हो गई है ।मृतक का नाम रामबाबू चौहान बताया जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि व्यक्ति घर में सोया हुआ था उसी दरमियान उसके घर में गेहूंमन सांप निकला और काटकर वह भाग गया। आनन फानन में लोग इधर-उधर झाड़ फूंक करने के लिए चले गए लेकिन मौके पर ही उसकी मौत हो गई है। ऐसे में अब गांव में इन दिनों सांप निकलने से परेशान हैं।

### 60 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के नौतन थाना क्षेत्र के शिवराजपुर सनकहिया माई स्थान के पास से पुलिस ने 59.5, लीटर विदेशी शराब के साथ दो बाइक को जब्त किया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर कुणाल कुमार व सोनू कुमार मझौलिया थाना क्षेत्र के जौकटिया गांव निवासी बताये गये है। नौतन थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दो तस्कर दियारा के गंडक नदी पार कर बाईक से शराब की खेप लेकर पुर्वी चंपारण जाने के फिराक में है। सुचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सनकहिया माई स्थान के पास घेराबंदी किया।तस्कर जैसे ही शराब की खेप लेकर आये कि पुलिस ने रंगे हाथ दबोच लिया। पुलिस ने जब्त शराब व बाईक को थाने लाई तथा पकड़े गए तस्करों से पुछताछ के बाद कांड अंकित कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### अर्थव्यवस्था में ऋण मांग को मिलेगा समर्थन : साक्षी गुप्ता

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने कहा कि सीआरआर में 100 बीपीएस की कटौती के साथ.साथ 50 बीपीएस की दर में कटौती, वैश्विक प्रतिकूलताओं के मद्देनजर समग्र मांग को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय बैंक के प्रयासों को दशार्ती है। आरबीआई ने वर्ष के लिए अपने विकास पूवार्नुमान को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा जबकि मुद्रास्फीति पूवार्नुमान को घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया। आज के निर्णय से परिवारों के लिए उधार लेने की लागत में कमी लाने में मदद मिलेगी तथा अर्थव्यवस्था में ऋण मांग को समर्थन मिलेगा। जैसा कि कहा गया है, भविष्य की ओर देखें तो उदार से तटस्थ की ओर रुख में बदलाव शायद यह संकेत देता है कि आरबीआई अब निकट भविष्य में कुछ समय के लिए विराम ले सकता है। केंद्रीय बैंक संभवतः आंकड़ों पर निर्भर हो जाएगा तथा आगे कोई भी ब्याज दर कटौती तभी की जाएगी जब वृद्धि दर में गिरावट से कोई आश्चर्य हो। अब यह संभावना है कि 2025 तक हमें रेपो दर में कोई और कटौती देखने को नहीं मिलेगी।

### मानव जीवन को दीघार्यु रखने के लिए पर्यावरण को सुरक्षित रखना जरूरी

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने आज यहां कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण आवश्यक है ताकि जलवायु परिवर्तन के खतरों को कम किया जा सके। उन्होंने शनिवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि मानव जीवन को दीघार्यु रखने के लिए पर्यावरण को सुरक्षित रखना जरूरी है। राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु जल-जीवन-हरियाली अभियान चलाया जा रहा है। सभी लोग अपने-अपने परिसर एवं आसपास पौधारोपण कर स्वच्छ पर्यावरण हेतु अपना योगदान दें। श्री कुमार ने कहा कि सभी लोग हर रविवार एक घंटे पर्यावरण के नाम कर-के एक पौधा जरूर लगाएं। अगर हर नागरिक प्रतिदिन एक घंटा पर्यावरण को दे, तो बिहार फिर से गौरवशाली बन सकता है। जलवायु परिवर्तन मंत्री ने बिहार सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि 2004 में राज्य का वन क्षेत्र मात्र 7.62% था, जो अब बढ़कर 15.05% हो गया है, और 2028 तक इसे 17% तक ले जाने का लक्ष्य है।आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए काफी सराहनीय प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं जिसको दशार्ने के लिए हाल ही में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विभागीय थीम आधारित ह्लपर्यावरण गीतः हरित बिहार बनाएंगे नया बिहार बनाएंगे लॉन्च किया गया जिसमें बिहार के सारे पर्यटन स्थल जैसे माँझर कुंड, गुप्ताधाम, मुंडेश्वरीधाम, ताराचण्डीधाम, नागी-नकटी, मंदार पर्वत, राजगीर, वाल्मीकि टाइगर रिजर्व, बोध गया, बक्सर आदि स्थलों के विकास का उल्लेख किया।

# मंत्री व विधायक श्याम रजक ने लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी







# बकरीद: कड़ी सुरक्षा के बीच अदा हुई नमाज, गले मिलकर दी गई मुबारकबाद







## खानकाह ए मुजिबिया समेत मस्जिदों व ईदगाहों में दिखा अकीदत का जज्बा

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजधानी पटना सहित फुलवारी शरीफ और आसपास के इलाकों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. सुबह अलग-अलग निर्धारित समय पर मस्जिदों, ईदगाहों और खानकाहों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज अदा की गई. नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी. राजधानी पटना शहर के सब्जीबाग, दरियापुर फकीर बाड़ा, राजा बाजार, समनपुरा, मैनपुरा, राजापुल, कुर्जी, चित कोहरा दमड़िया सहित फुलवारी शरीफ के खानकाह ए मुजिबिया, नया टोला, ईसापुर, कर्बला, हारून नगर, अलवा कॉलोनी, सब्जपूरा, फेडरल कॉलोनी, अली नगर, आर के नगर, मिल्लत कॉलोनी, दरभंगा कॉलोनी, ईसा नगर, ग्यास नगर समेत मुस्लिम बहुल इलाकों में हजारों लोगों ने नमाज के बाद जानवर की कुबार्नी पेश की और सलामती की दुआ मांगी. इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर रैपिड एक्शन फोर्स के जवान, पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी लगातार इलाके का जायजा लेते रहे. मस्जिदों और ईदगाहों के आस-पास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे.खानकाह ए मुजिबिया में नमाज के बाद पूर्व मंत्री व विधायक श्याम रजक ने लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और समाज में प्रेम, भाईचारा व सद्भाव कायम रहने की दुआ की. उनके साथ नगर परिषद चेयरमैन आफ़्ताब आलम समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे.

**बकरीद का पैगामः कुबार्नी से अल्लाह की रजामंदी और गरीबों की मदद का संदेश**

बकरीद की नमाज के बाद खुतबे में पेश इमामों ने अपने संदेश में कहा कि कुबार्नी का मकसद अपने अंदर अल्लाह की मोहब्बत को माल, दौलत और औलाद से ऊपर रखना है. इंसान का हर कर्म अल्लाह के हुक्म के मुताबिक होना चाहिए.इमामों ने कहा कि अल्लाह को न तो कुबार्नी का गोश्त पहुंचता है और न ही खून, बल्कि बंदे का दिल का तकवा और उसका डर अल्लाह तक पहुंचता है. इस मौके पर गरीबों और जरूरतमंदों का खास ख्याल रखने, और कुबार्नी का गोश्त पड़ोसियों, रिश्तेदारों और ऐसे घरों तक पहुंचाने की अपील की गई जहां कुबार्नी नहीं हो सकी है.

# घरवाले सोते रहे, चोर समेट ले गए सात लाख की जेवरात

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार की देर रात को थाने के द्वारिकापुरी निवासी व रेलवे कर्मी के घर में परिवार के सदस्य अलग-अलग कमरे में सोते रहे और चोर कमरों में रखे अलमारी के ताले तोड़ते रहे. चोर कमरे में रखे आलमीरा के लॉक तोड़कर करीब सात लाख के जेवरात समेत कीमती सामान पर हाथ साफ करने का मामला सामने आया है.इस संबंध में द्वारिकापुरी निवासी व रेलवे कर्मी स्व मनमोहन प्रसाद की पत्नी शारदा कुंअर ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराया है. लिखित आवेदन में शारदा कुंअर ने बताया कि शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गए थे और पुत्र राज कुमार प्रथम मंजिल वाले कमरे में सोने चले गये. इसी दौरान पीछे से चोरों ने दीवार फांद कर घर में घुस गए और प्रथम मंजिल में सो रहे पुत्र के बगल वाले कमरे से चोरों ने आलमीरा तोड़कर कीमती जेवरात सहित सामान पर हाथ साफ कर दिया है. जो करीब सात लाख के जेवरात समेत कीमती सामान चोरी कर ले गए हैं. उन्होंने बताया कि जब पुत्र शनिवार को सुबह अपने मोबाइल फोन खोजने लगा तो देखा कि बगल वाले कमरे में सारा सामान बिखरे पड़े हुए थे और आलमीरा खुला हुआ है. पुत्र ने मुझे बुलाया और कमरे में गए तो देखकर होश उड गए. उन्होंने बताया कि कमरे में कोई नही था. आलमीरा खोल करीब 7 लाख के सोने चांदी के जेवर व मोबाइल फोन की चोरी पर हाथ साफ कर दिया. जेवरात बहू की बहन की पुत्री की हो रही शादी के लिए रखे हुए थे.उन्होंने बताया कि इसकी सूचना डायल 112 पुलिस गश्ती टीम को किया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दिया गया है. थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है और आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज खंगाला जा रहा है, ताकि चोरों को पहचान किया जा सके.

### चाकू मारकर वृद्ध की हत्या, दो हिरासत में

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के पश्चिमी चंपारण के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरवत निवासी एक वृद्ध की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। सदर एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि शुक्रवार की देर रात मुफ्फसिल थाना के बरवत निवासी रामदेव राम अपर थानाध्यक्ष को सूचना रामदेव राम बेतिया अरेराज पथ में कही से साइकिल से अपने घर वापस हो रहे थे । बागीचा रेस्टोरेंट से करीब 200 मीटर की दूरी पर कतिपय तत्वों ने उनहे घेरकर चाकू मार दिया । वे वही सड़क किनारे गिर गए। आसपास के लोगो ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जख्मी रामदेव महतो को जीएमसीएच पहुचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर विवेक दीप , डीआईयू टीम एवं एफएसएल टीम के द्वारा भी किया गया ।

# पटना-गया रोड पर हादसा : बारात में शामिल होने जा रहे जीजा की मौत, साला गंभीर रूप से घायल



**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना-गया मुख्य मार्ग पर स्थित गौरीचक के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में ग्राम पंचायत मानसिंगपुर के विकास कुमार की मौके पर ही मौत हो गई. उनका साला बुरी तरह जख्मी हो गया है.मृतक विकास कुमार, उम्र लगभग 35 वर्ष, पिता जगदीश राम, ग्राम मानसिंगपुर, सैदनपुर के निवासी थे. वे शादीशुदा थे और उनके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं. विकास पटना सिटी कोर्ट में टाइपिंग का कार्य करते थे.इस घटना से गांवमानसिंह पुर में शोक की लहर दौड़ गई है. मृतक के घर में कोहराम मच गया है. परिवारजन गहरे सदमे में हैं. पत्नी,छोटे-छोटे बच्चों संग पूरे परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था. मिली जानकारी के अनुसार, विकास कुमार अपने साले के साथ मोटरसाइकिल से बारात में शामिल होने के लिए पटना-गया रोड होते हुए संपतचक की ओर जा रहे थे. जैसे ही वे गौरीचक के पास पावर ग्रिड के नजदीक पहुंचे, एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी. इस हादसे में विकास की मौके पर ही मौत हो गई. उनका साला, जो लोहानी पुर का निवासी है, गंभीर रूप से घायल हो गया.घायल युवक को तत्काल संपतचक के नारायण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया. जहां उसका इलाज चल रहा है. इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया. गुस्साए लोगों ने शव के साथ करीब डेढ़ घंटे तक पटना-गया मुख्य सड़क रल्ल-1 को जाम कर दिया. धक्का मारने वाले ट्रक को पुलिस ने जप्त कर लिया है. वही बाद में जब मृतक कसाब उसके गांव मानसींगपुर पहुंचा तो सैदनपुर के पास लोगों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया था. सूचना मिलते ही गौरीचक थानाध्यक्ष अरुण कुमार, पचरुखिया थानाध्यक्ष शशि कुमार तथा फतुहा के प्रखंड विकास पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया.प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मृतक के परिवार को तत्काल 20,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई. प्रशासन के समझाने पर लोग शांत हुए. जाम हटाकर आवागमन सामान्य किया गया.

# मसौढी में मुल्क की सलामती, शांति भाईचारे की लिए पढ़ी नमाजियों ने बकरीद की नमाज



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शांतिपूर्ण तरीके से कड़ी सुरक्षा इंतजाम के साथे बकरीद की नमाजे पढ़ी गई है। गांधी मैदान और पुरानी बाजार ईदगाह में सामूहिक नमाज पढ़ी गई, जहां पर हजारों की संख्या में नमाजी मौजूद रहे। इस मौके पर अनुमंडल प्रशासन अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद दिखे। एसडीएम अभिषेक कुमार, डीएसपी नभ वैभव, थानाध्यक्ष अनिल कुमार,बीडीओ प्रभाकर कुमार,एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिती रही। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक धूमधाम से बकरीद त्यौहार मनाया जा रहा है। मस्जिदों में नमाज पढ़ने के बाद गांधी मैदान में नमाज पढी गई, सभी लोगों ने नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे को गले मिलकर बधाइयां दी। रहमतगंज जामा मस्जिद के मौलाना जहूर इमाम ने कहा कि मुल्क की खुशहाली, तरक्की, शांति और भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई है. कुबार्नी कबूल करने के लिए अल्लाह ताला से दुआ मांगी गई है। इसके बाद सभी इबादतगाहो पर नमाज अदा की जायेगी।नमाज के बाद लोग कब्रिस्तान में फातिहा भी पढ़ने जाते है। उन्होंने कहा कि कुबार्नी अल्लाह को बहुत प्यारी है।मौके पर सिटी मैनेजर शशांक शेखर, अमीन रामाधार प्रसाद ,वार्ड पार्षद शंभू सिंह, राहुल चंद्रा, सुनील गावस्कर, महेंद्र सिंह अशोक, कृष्णा सिंह, दीपक शर्मा, अनिल कुमार मिठू, नवल भारती,डॉ मंगल, लालमोहन सिंह,पालटन सिंह,विनेश चौधरीआदि शामिल रहे।

### एक्सपायरी डेट की सलाइन चढ़ाने पर अस्पताल में हंगामा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में पंडारक की महिला मरीज को एक्सपायरी डेट की सलाईन चढ़ाने की बात उजागर होने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। बीच बचाव करने पहुंचे कर्मचारियों के साथ हाथापाई की। कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। इसके अलावा भी सलाइन और मरीज को कभी दिया गया था। इस संबंध में पंडारक निवासी आदित्य, निशांत ,रंजन आदि का कहना था कि कंचन शर्मा पति भास्कर शर्मा निवासी पश्चिमी पंडारक को करंट लगने के बाद पंडारक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बाढ़ अनुमंडल अस्पताल रेफर किया गया था ।इलाज के दौरान नर्स और अन्य कर्मचारी ने मरीज को एक्सपायरी डेट की सलाइन चढ़ा दी। हालांकि मरीज को कोई दिक्कत नहीं हुई थी ।इस बात की जानकारी मिलने पर परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची।

# पुलिस ने अवैध बालू से भरे हाइवा को किया जप्त, अवैध बालू के साथ चलते हैं बाउंसर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तारेगना रेलवे गुमटी से गंगाचक मलकाना जाने वाले मार्ग में अवैध बालू लदे हाइवा को पकड़कर जप्त कर अपने साथ लाने में पुलिस को काफी मशक्कत करना पड़ा और तीन घंटे के जद्दोजेहाद के बाद आखिरकार हाइवा को पुलिस जप्त कर सीआरपीएफ कैंप में लगा पायी. बाद में पुलिस अवर निरीक्षक आर्यन कुमार के बयान पर हाइवा के चालक व मालिक के बिरूध प्राथमिकी दर्ज की गयी है. गौरतलब है कि आये दिन सुबह व शाम इसी मार्ग से दर्जनों हाइवा अवैध बालू को लेकर बिभिन्न जगहों पर या तो संग्रह कर रहे है या उसे जरूरतमंद लोगों से बेच देते है.बताया जाता है कि इस दौरान किसी के द्वारा बालू के परिवहन में अगर बाधा डाली जाती है तो उस वक्त हाइवा के साथ दूसरे गाड़ी ( स्कार्पियो या बाइक) पर सवार दर्जनों बाउंसर वहां पहुंचकर बाधा डालने वालों को पिटाई कर खदेड़ देते है. बीते शुक्रवार की रात भी ऐसा ही हुआ.जब पुलिस हिम्मत कर हाइवा को रोक ली तो वहां दर्जन बाउंसर पहुंच पुलिस से उलझ गये.बाद में सूचना पाकर थानाध्यक्ष अनिल कुमार अतिरिक्त पुलिस बल के साथ वहां पहुंच.थानाध्यक्ष को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी जप्त हाइवा को लेकर आने में.बताया जाता है कि थानाध्यक्ष बाद में अपना कड़ा रूख अख्तियार किये उसके बाद ही हाइवा को लेकर जाने मे सफल हो पाये बताया कि पुलिस इनके उपर अपनी निगाह रख रही है.भविष्य में इन्हे कानून का पाठ पढ़ाया जायेगा.

# नाली का पानी मोहल्ले वासियों के लिए बना नासूर, सडकें बनी झील, चलना हुआ मुश्किल, कौन है जिम्मेवार...?



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर परिषद मसौढ़ी के वार्ड नंबर 15, रेलवे लाइन किनारे गंगाचक मालिकाना मोहल्ले वासियों के लिए नाली का पानी नासूर बन गया है। अब नाली का पानी और बरसात का पानी मिलाकर पूरी सड़क झील में तब्दील हो गए हैं ऐसे न केवल राहगीरों को पैदल चलने में मुश्किल हो रहा है वही इस रास्ते से गुजरने वाली सैकड़ो वाहन रोज फंस जा रहे हैं मोहल्लेवासी परेशान दिख रहे हैं।दरअसल पिछले 1 साल से तकरीबन 50 घर से अधिक लोगों के घरों से निकलने वाले नाले का पानी निकासी की समुचित ब्यवस्था नही होने से परेशानी बढ गई। हालांकि स्थानीय विधायक के प्रयास से नाली का पाइप भी लगाया गया था, लेकिन चैंबर नहीं होने से और नाली के साफ सफाई नहीं होने की वजह से एक बार फिर से वह नाली का पानी सड़कों पर आ गया है और तो और अब बरसात के पानी आने से पूरी सड़क झील में तब्दील हो गई है अभी पूरी बरसात बाकी है मोहल्लेवासियों की चिंताएं बढ़ गई है लेकिन हर एक जेहन में बस एक ही सवाल उठ रहा है कि आखिर नगर परिषद के वार्ड नंबर 15 की यह तस्वीर के जिम्मेवार कौन है...? मोहल्लेवासियों में सोनू सहारा, अरविंद कुमार, आनंद कुमार केसरी, अमरनाथ केसरी, विश्वनाथ केशरी आदि ने बताया कि पिछले 1 साल से हमारे पूरे मोहल्ले में नाली का पानी का जाम से मुक्ति नहीं हो पाया है। ऐसे में मेंन रोड में चल रहे पुल निर्माण के दौरान सभी बड़े वाहनों का आवागमन भी इसी रास्ते से होकर जा रहा है जिसको लेकर लगातार गंगाचक मालिकाना मोड़ के पास बने हुए स्लैब टूट जा रहे हैं, जिस वजह से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, नगर परिषद द्वारा स्थाई तौर पर नाले के पानी का निकासी नही है। मोहल्लेवासियों में रामजीवन प्रसाद, रेणु देवी, आशा देवी, गीत देवी, शांति देवी, समेत अन्य के लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

### फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष बने आलमगीर अशरफ

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला फुटबॉल संघ के संपन्न चुनाव में डिलक्स टेंट हाउस उज्जैन टोला केप्रोपराईटर आलमगीर अशरफ को निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उनके निर्वाचन के बाद उज्जैन टोला निवास पर एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें आलमगीर अशरफ को जिला फुटबॉल संघ के निर्विरोध उपाध्यक्ष बनने पर अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर बधाई और उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। मौके पर मौजूद सदस्यों ने कहा कि आलमगीर अशरफ खेल की दुनिया में एक अलग पहचान है। अपने व्यस्तता के बावजूद जिला में आयोजित होने वाले सभी खेल प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। आलमगीर अशरफ कई अन्य खेल संगठनों के सदस्य एवं समाजसेवी है। जिला फुटबॉल संघ के सचिव डॉ.आई हक ने कहा कि आलमगीर अशरफ की उपाध्यक्ष बनने से संगठन को मजबूती और उनके अनुभव का फायदा मिलेगा ।

# अब डाक्टर नब्ज नहीं मल्टीपारा मानीटर से करेंगे जांच

## अनुमंडल अस्पताल में लगी मशीन,मरीजों को होगी सहूलियत

**शशि तुलस्यान**




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्राइवेट अस्पतालों की तरह मसौढ़ी अनुमंडलीय अस्पताल में भी मल्टीपारा मानीटर की व्यवस्था कर दी गई है। डाक्टर अब मरीजों का नब्ज पकड़कर नहीं बल्कि मल्टीपारा मानीटर के जरिए मरीजों की जांच कर इलाज कर सकेंगे। यही नहीं एक साथ पांच-पांच मरीजों की स्ट्रेचर पर जांच होगी। इसमें मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर, हार्ट, आक्सीजन और पल्स रेट मुख्य हैं। अस्पताल में इस व्यवस्था से मरीजों को सुविधा मिलेगी।अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष में दो-मल्टीपारा मानीटर, ओटी रूम में एक, जनरल वार्ड में एक और लेबर वार्ड में एक सेट कर दिया गया है। इसके पहले डाक्टर मैनुअल जांच कर मरीजों का इलाज करते थे। इससे मरीजों का मर्ज मिलने में समय लगता था। लेकिन मल्टीपारा मानीटर बताएगा मरीज की स्थिति क्या है। दीवार पर लगे इस मानीटर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा कि पल्सरेट की स्थिति क्या है। बीपी कितनी है। हार्ट कितना काम कर रहा है। आक्सीजन का लेबल कितना है। यह सब मल्टीपारा मानीटर के जरिए पता चलता रहेगा। डाक्टर को भी मरीज का इलाज करने में आसानी होगी। ऐसे में उनकी जांच कर इलाज करने में सहूलियत मिलेगी। पांच मशीनें लगी हैं। इससे एक साथ पांच मरीज की जांच होगी। उन्होंने बताया कि मल्टीपारा में और भी जांचें हैं। धीरे-धीरे अपडेट होती रहेंगी। इसके अलावा मल्टीपारा मानीटर से जांच करने के लिए स्टाफ को प्रशिक्षित कर दिया गया है।

# कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव-कोषाध्यक्ष का इस्तीफा

### बेंगलुरु भगदड़ मामले की नैतिक जिम्मेदारी ली, हादसे में 11 लोगों की मौत हुई थी

**बैंगलूर (एजेंसी)।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने इस्तीफा दे दिया है। दोनों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली है।

शंकर और जयराम ने संयुक्त बयान में कहा- पिछले दो दिनों में हुई अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की वजह से हम यह बताना चाहते हैं कि हमने चस्ष्ट के



सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, हमारी भूमिका बहुत सीमित थी।

### आरसीबी के मार्केटिंग हेड को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

एक दिन पहले शुक्रवार को आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के चार अधिकारियों को गिरफ्तार भी किया गया। कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### केएससीए बोला- भीड़ संभालने की जिम्मेदारी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की थी

कर्नाटक सरकार ने केएससीए,आरसीबी और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बाद गुरुवार को अधिकारियों की गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुराम भट, सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने भगदड़ मामले में अपने खिलाफ एफआईआर रद्द करने की मांग की थी। इस पर कर्नाटक हाईकोर्ट ने केएससीए के अफसरों को 16 जून को अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी से राहत दे दी थी। केएससीए ने इससे पहले हाईकोर्ट में अपनी याचिका में कहा था कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर गेट पर भीड़ को मैनेज करने की जिम्मेदारी आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की थी।

## आईपीएल में इतिहास रचने वाला खिलाड़ी अब टीम इंडिया को इंग्लैंड में जिताएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया को अब इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैच की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इसकी शुरुआत 20 जून से होने वाली है. इन दोनों टीमों के खिलाड़ियों को इस टेस्ट सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देखा जा सकता है, लेकिन इससे पहले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क ने टीम इंडिया के एक युवा बल्लेबाज को लेकर बड़ा बयान दिया है. इस बल्लेबाज ने हाल ही



में खत्म हुए आईपीएल 2025 में धमाकेदार बल्लेबाजी की थी और इसी वजह से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में उन्हें शामिल किया गया है. इस भारतीय टीम में एक और खिलाड़ी को शामिल किया गया है, जिनका नाम है करुण नायर. करुण नायर ने हाल ही में इंडिया-ए की ओर से खेलते हुए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले टेस्ट में दोहरा शतक लगाया था. माइकल क्लार्क का मानना है कि साई सुदर्शन को इंग्लैंड दौरे पर नंबर तीन पर बल्लेबाजी करनी चाहिए, क्योंकि इस समय उनका आत्मविश्वास काफी ऊपर है. क्लार्क ने कहा कि मेरे लिए ये युवा खिलाड़ी सुपरस्टार है. मेरा मानना है कि साई सुदर्शन को टेस्ट क्रिकेट में नंबर तीन पर बल्लेबाजी करनी चाहिए. मुझे ऐसा लगता है कि वो सही समय आने पर इंडिया की टी20 और वनडे टीम में बल्लेबाजी की ओपनिंग करते हुए नजर आएंगे. फिलहाल वो उनकी टेस्ट टीम में है. इंग्लैंड में उन्हें पहला मौका मिला है.'

पूर्व खिलाड़ी ने आगे कहा कि मेरे हिसाब से उन्हें सीधा नंबर तीन पर बल्लेबाजी के लिए भेज देना चाहिए. उनकी बल्लेबाजी की तकनीक कमाल की है और मानसिक रूप से भी वो पूरी तरह से तैयार है. उन्होंने मुझे काफी प्रभावित किया है और एक खिलाड़ी के रूप में भी वो बेहतरीन लय में नजर आ रहे हैं. आईपीएल में उन्होंने 700 से ज्यादा रन बनाए थे और वो इस समय शानदार फॉर्म में है.

## मॉन्टी पनेसर का दावा- हैरी ब्रुक से बेहतर है शुभमन गिल, कोहली रूट से आगे!

**लंदन (एजेंसी)।** पूर्व इंग्लिश स्पिनर मॉन्टी पनेसर ने भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली 5 टेस्ट मैचों की बहुप्रतीक्षित सीरीज से पहले अपने बयानों से सुर्खियां बटोरी हैं। शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के लिए रवाना हो चुकी है, जिसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा शामिल नहीं हैं, क्योंकि दोनों ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। पनेसर ने युवा भारतीय ओपनर शुभमन गिल को इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल कप्तान हैरी ब्रूक से बेहतर बताते हुए कहा कि गिल का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य उज्ज्वल है।



पनेसर ने कहा कि शुभमन गिल। मुझे लगता है कि गिल का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य बेहतर है और मुझे उम्मीद है कि कप्तानी मिलने के बाद उनके आंकड़े और बेहतर होंगे। गिल का टेस्ट रिकॉर्ड भले ही प्रभावशाली न हो, लेकिन पनेसर ने उनकी कप्तानी और जिम्मेदारी को लेकर भरोसा जताया। वहीं, आधुनिक युग के 2 महान बल्लेबाजों की तुलना में पनेसर ने विराट कोहली को जो रूट से बेहतर बल्लेबाज़ बताया। उन्होंने कोहली की मौजूदगी, प्रभाव और व्यक्तित्व को इसका कारण बताया।

पनेसर ने कहा कि मैं विराट कोहली को चुनूंगा। वह बेहतर बल्लेबाज़ हैं। उनके व्यक्तित्व और आभा के कारण। दूसरी ओर, पनेसर ने जेम्स एंडरसन को जसप्रीत बुमराह से बेहतर टेस्ट गेंदबाज़ करार दिया। उन्होंने कहा कि एंडरसन मेरी राय में बेहतर हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में शानदार प्रदर्शन किया है। एंडरसन ने 188 टेस्ट में 704 विकेट लिए, जबकि बुमराह की चोटों ने उनके करियर को प्रभावित किया है।

पनेसर ने सचिन तेंदुलकर को भारत का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ बताया। उन्होंने कहा कि यह सभी जानते हैं। सचिन ने सुनील गावस्कर के स्तर को और ऊंचा किया। वह भारत के महानतम बल्लेबाज हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या कोई सचिन की विरासत को आगे ले गया, तो पनेसर ने कहा कि कोई भी पूरी तरह से उनकी बराबरी नहीं कर सका, लेकिन एमएस धोनी और विराट कोहली सबसे करीब पहुंचे। उन्होंने कहा कि शायद दो क्रिकेटर- धोनी और कोहली। दोनों ने लोकप्रियता, शांत स्वभाव और मैदान पर प्रतिभा के मामले में सचिन के स्तर को छुआ।

# अनऑफिशियल टेस्ट- इंडिया-ए 348 रन पर ऑलआउट

### केएल राहुल का शतक, जुरेल की फिफ्टी, इंग्लैंड लायंस से क्रिस वोक्स को 3 विकेट

**नॉर्थम्प्टन (एजेंसी)।** इंडिया-ए की टीम इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट की पहली पारी में 348 रन पर ऑलआउट हो गई है। नॉर्थम्प्टन में चल रहे मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को इंडिया ए ने 319/7 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 29 रन बनाने में आखिरी 3 विकेट गंवा दिए। किस वोक्स ने 3 विकेट झटके। जोश टंग और ग्रेस हिल को 2-2 विकेट मिले।

पहले दिन केएल राहुल ने 116 रनों की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 168 बॉल की पारी में 15 चौके और एक छक्का लगाया। राहुल के अलावा, ध्रुव जुरेल (52 रन) ने अर्धशतक जमाया। करुण नायर ने 40 और नीतीश कुमार रेड्?डी ने 34 रन बनाए। पहले दिन बारिश की वजह से दो बार खेल रोकना पड़ा, इस वजह से 83 ओवर का ही खेल हो पाया।

**यशस्वी-राहुल के बीच 86 रन की साझेदारी-** इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। राहुल और यशस्वी जायसवाल ने ओपनिंग की। लेकिन



जल्द ही जायसावल (17) और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (11) को क्रिस वोक्स ने एलबीडब्ल्यू कर दिया। इंडिया-ए ने 40 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद करुण नायर (40) और राहुल ने पारी संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिए 139 बॉल पर 86 रन की साझेदारी हुई।

**ध्रुव जुरेल ने 52 रन बनाए-** इसके बाद ध्रुव जुरेल और राहुल के बीच साझेदारी हुई। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 121 रन जोड़े। वहीं जुरेल ने भी अर्धशतकीय पारी खेली। हालांकि इसके बाद कम अंतराल पर पहले जुरेल (52) और फिर राहुल (116) दोनों ही जॉर्ज हिल की बॉल पर आउट हो गए।

### पहला अनऑफिशियल टेस्ट ड्रॉ रहा था

इंडिया-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनऑफिशियल टेस्ट ड्रॉ हो गया था। मुकाबले के चौथे दिन भारत की ओर से 4 अर्धशतक लगे। पहले दिन इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया। इंडिया-ए ने पहले पारी में 557 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड टीम 587 रन पर ऑलआउट हुई। चौथे और आखिरी दिन भारत दूसरी पारी में दो विकेट खोकर 241 रन बनाया।

### यह रही दोनों टीमों की प्लेइंग 11

इंडिया ए- यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), करुण नायर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, तनुष कोटियन, अंशुल कंबोज, तुषार देशपांडे, खलील अहमद।

इंग्लैंड लायंस- टॉम हेन्स, बेन मैककिनी, एमिलियो गे, जॉर्डन कॉक्स, जेम्स र्यू (कप्तान/विकेटकीपर), मैक्स होल्डन, जॉर्ज हिल, क्रिस वोक्स, फरहान अहमद, जोश टंग, एडी जैक।

### यहां हो रही मैच की लाइव स्ट्रीमिंग

यह मैच इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की वेबसाइट और ऐप पर लाइव स्ट्रीम किया जा रहा है। भारत में इसे जियोहॉटस्टार और यूट्यूब पर भी देखा जा सकता है।

## इंग्लैंड ने पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया

### सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई; बटलर ने 96 रन बनाए, डॉसन को 4 विकेट

**चेस्टर ले स्ट्रीट (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज के पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 21 रन से हरा दिया। टीम सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर ने 96 रन बनाए। ऑलराउंडर लियाम डॉसन ने 4 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

चेस्टर ले स्ट्रीट के रिवरसाइड ग्राउंड में शुक्रवार को खेले गए मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 188 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रन ही बना सकी।

**बटलर ने 96 रनों की पारी खेली-** इंग्लैंड की ओर से जोस बटलर ने 59 गेंदों पर 96 रनों की शानदार पारी खेली। बटलर के अलावा जेमी स्मिथ ने 38 और जैकब बेथेल ने नाबाद 23 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से रोमारियो शेफर्ड ने 2 विकेट झटके। अल्जारी जोसेफ, रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल को 1-1 विकेट मिला।

## जोकोविच फ्रेंच ओपन का सेमीफाइनल हारे

### कहा- शायद यह मेरा आखिरी मैच था; 24 ग्रैंड स्लैम जीत चुके दिग्गज को 23 साल के सिनर ने हराया

**यूएस (एजेंसी)।** 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन 2025 का सेमीफाइनल मैच हार गए हैं। इसी के साथ उनका 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने का सपना भी टूट गया है। 38 साल के सर्बिया के स्टार को 23 साल के इटली के जैनिक सिनर ने 6-4, 7-5, 7-6 (3) से हराया। यह मैच 3 घंटा और 16 मिनट में चला।

सिनर से सीधे सेटों में हारने के बाद जोकोविच ने अपना बैग नीचे रखा। दर्शकों को आभार जताते हुए कहा- 'शायद यह मेरा आखिरी मैच था। मुझे नहीं पता, इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक हूं। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था।' जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे।

इससे पहले जोकोविच ने ब्रिटेन के कैमरून नोरी को हराकर फ्रेंच ओपन में अपनी 100वीं



जीत दर्ज की थी, जिससे वह राफेल नडाल के बाद ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए।

मैच हारने के बाद जोकोविच ने अपना हाथ चूमा, फिर उसे मिट्टी पर रख दिया, मानो फ्रेंच ओपन को अलविदा कह रहे हों। यहां वे तीन बार चैंपियन रहे थे।

जोकोविच ने कहा-क्या मैं आगे खेलना चाहता हूं, हां, मैं चाहता हूं। लेकिन क्या मैं 12 महीने बाद यहां खेल पाऊंगा, मुझे नहीं पता। मैंने कहा था कि यह यहां मेरा आखिरी मैच हो सकता है। मैंने ऐसा नहीं कहा था कि यह मेरा यहां आखिरी मैच होगा।

**वर्ल्ड नंबर-1 सिनर और अल्काराज के बीच फाइनल-** वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर का फाइनल में सामना रविवार (8 जून) को वर्ल्ड नंबर-2 खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज से होगा। पहले सेमीफाइनल में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी ने कार्लोस अल्काराज के खिलाफ मुकाबला बीच में ही छोड़ दिया था।

**नॉर्वे शतरंजः**

## चीन के वे यी पर गुकेश की जीत, याद आई ओलंपियाड की जीत

**स्टावेंगर, एजेंसी।** भारत के विश्व शतरंज चैम्पियन डी गुकेश नें नॉर्वे शतरंज के आखिरी राउंड के ठीक पहले नौवे राउंड में चीन के वे यी को मात देते हुए खुद को एक बार फिर ख़िताबी दौड़ में शामिल कर लिया है ।

गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए चीन के वे यी पर एक और यादगार जीत दर्ज की , गुकेश नें कुछ इसी अंदाज में पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में वे यी के खिलाफ मुक़ाबला जीता था और देश का स्वर्ण पदक पक्का कर दिया था । इस मुक़ाबले में भी गुकेश नें एंडगेम में जाकर अपनी महारत साबित करते हुए जीत दर्ज की । इसी टूर्नामेंट की पिछली भिड़ंत में वे यी ने गुकेश को अर्मागेडोन में मात दी थी, लेकिन इस बार गुकेश ने पेत्रोफ डिफेंस के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और 40 चालों में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ गुकेश अब 14.5 अंको के साथ कार्लसन




के ठीक पीछे है और अगर 15 अंको पर खेल रहे कार्लसन अंतिम क्लासिकल मुकाबले में भारत के अर्जुन एरिगैसी को हराते हैं तो वह सीधे विजेता बन जाएंगे। लेकिन अगर ऐसा नहीं होता, और गुकेश या अन्य खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो समीकरण बदल सकते हैं। इस टूर्नामेंट का फिनाले बेहद रोमांचक होने वाला है क्योंकि दुनिया के शीर्ष 5 में से चार खिलाड़ी खिताब की दौड़ में हैं।



## गौतम गंभीर को पुराने साथी ने दिया इंग्लैंड में जीत का मंत्र, इस गेंदबाज को खिलाकर मिलेगी सफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल की अगुवाई में टीम इंडिया 2007 के इतिहास को दोहराने के लिए बेताब है. राहुल द्रविड़ की कप्तानी में टीम इंडिया ने इंग्लैंड में आखिरी बार 2007 में सीरीज जीती थी. इसके बाद वो अब तक कोई सीरीज नहीं जीत पाई है. इस बार टीम इंडिया विराट कोहली और रोहित शर्मा के बिना मैदान में उतरेगी. ऐसे में युवा भारतीय टीम की इंग्लैंड में कड़ी अग्निपरीक्षा होगी. इस दौरान टीम इंडिया के पूर्व बॉलिंग कोच और गौतम गंभीर के पुराने साथी ने इंग्लैंड में जीत के लिए कुछ टिप्स दिए हैं. उन्होंने एक गेंदबाज को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की बात कही है, जो इंग्लिश बल्लेबाजों को काफी परेशान कर सकता है. एक इंटरव्यू के दौरान टीम इंडिया के पूर्व बॉलिंग कोच भरत अरुण ने टेस्ट मैच में 5 गेंदबाजों को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की वकालत

मुझे लगता है कि यह सही कदम है

## रिकी पोंटिंग ने गिल को टेस्ट कप्तान बनाने का समर्थन किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पुरुष क्रिकेट टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने इंग्लैंड पहुंच चुकी है। 20 जून से शुरू होने जा रही इस टेस्ट सीरीज की कमान शुभमन गिल के हाथों में है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारत के नए टेस्ट कप्तान के रूप में शुभमन गिल का समर्थन किया है। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। 25 साल के शुभमन गिल को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। यह एक ऐसा कदम रहा, जिसने कुछ दिग्गजों को चौंकाया, लेकिन पोंटिंग को नहीं।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर गिल की नियुक्ति को लेकर कहा, मुझे सच में लगता है कि यह सही कदम है। मुझे पता है कि बहुत से लोग हैं, जो समझ नहीं पा रहे कि जसप्रीत बुमराह के बजाय शुभमन को क्यों चुना गया, लेकिन मुझे लगता है कि यह बेहद आसान है। पिछले कुछ सालों में बुमराह की चोटों ने उन्हें थोड़ा पीछे धकेल दिया है। आप ऐसा कप्तान नहीं रख सकते, जो मैच मिस करे। इसलिए मुझे लगता है कि यह सही फैसला है। आईपीएल में गिल के साथ काम कर चुके रिकी पोंटिंग ने युवा बल्लेबाज के स्वभाव और नेतृत्व कौशल को सराहा की।

गिल आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के कप्तान हैं। पोंटिंग ने कहा इस आईपीएल जिस तरह से उन्होंने मौजूदा जीटी टीम को संभाला, उसे देखते हुए लगता है कि उनके पास बेहतरीन नेतृत्व क्षमता है। मेरे लिए नेतृत्व के मामले में सबसे जरूरी बात यह है कि अगर आप बल्लेबाज हैं और कप्तान हैं, तो आपको रन बनाने होंगे।

शुभमन गिल आईपीएल में ऐसा कर रहे हैं। मुझे लगता है कि आपके पास एक अच्छा कप्तान होगा, जो आगे चलकर टेस्ट में काफी रन बनाएगा। भले ही रिकी पोंटिंग गिल की नेतृत्व क्षमता पर कोई सवाल नहीं उठाते, हालांकि उन्होंने सुझाव दिया है कि गिल को निचले क्रम में बल्लेबाजी करने से फायदा हो सकता है।

# हाथों में मेहंदी का रंग उतरने से पहले उजड़ा सुहाग

## सोन पुल पर अज्ञात वाहन की टक्कर से संदीप की मौत, 15 दिन पूर्व हुई थी शादी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर बारुन थाना क्षेत्र के सोन नदी पुल के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ही धमनी गोला गांव निवासी लोहड़ी चौधरी के पुत्र संदीप कुमार के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि संदीप का 15 दिन पहले ही शादी हुआ था, अभी हाथों के मेहंदी के रंग भी नहीं छूटे थे कि उससे पहले ही दुर्घटना में उसकी जान चली गई। जानकारी के अनुसार संदीप गोवा में रहकर निजी कंपनी में जॉब करता था। वह अपने घर का सबसे छोटा बेटा था। शुक्रवार की देर शाम किसी काम से वह अपने घर से बाइक पर सवार होकर रोहतास जिले के डिहरी ऑन सोन गया था। वहां से अपना काम निपटाकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान सोन पुल के समीप एक तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन उसे रौंदती हुई निकल गई। घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। इधर घटना की सूचना पर एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची और घायल संदीप को उठाकर आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुन पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने नब्ज टटोलत ही उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे और संदीप को अस्पताल में मृत पड़ा देख शव से लिपटकर चीत्कार उठे। परिजनों की चीत्कार से अस्पताल का कोना-कोना दहल उठा। परिजनों ने बताया कि 15 दिन पूर्व जहानाबाद के कन्हैया बिगहा गांव में संदीप की धूमधाम से शादी हुई थी। पत्नी के हाथों का मेहंदी का रंग भी नहीं उतरा था और अचानक दुर्घटना में उसके पति की जान जाने के बाद उसका सुहाग उजड़ गया। इधर, घटना की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा कर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद दाह संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया है। टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन का पता लगाया जा रहा है। परिजनों द्वारा आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर घटना के बाद से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है तो वही गांव से लेकर ससुराल तक मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

## बकरीद पर अमन-चैन और भाईचारे की दिखी मिसाल

**ओबरा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** ओबरा प्रखंड सहित फेसर, जम्होर और बभनडीहा इलाके में बकरीद का त्योहार उल्लासपूर्वक और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। पर्व के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह मस्जिदों में जाकर तय समय पर नमाज अदा की और एक-दूसरे से गले मिलकर अमन-चैन की दुआ मांगी। त्योहार को लेकर दोनों संप्रदायों के बीच भाईचारे की गहरी मिसाल देखने को मिली। मोहम्मद इरफानुल हक, गोविंद अग्रवाल, शंभू प्रसाद, सफी अहमद, औरंगजेब आलम वारसी, मास्टर अंजुम, मोहम्मद नजीबुल्लाह, मोहम्मद फरमानुल्लाह समेत अनेक लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी और शांति व सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। फेसर, पोखराहा, करसावा, सिमरा और खुदवा में भी मस्जिदों में नमाज अता की गई। जम्होर में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने दोनों संप्रदायों के साथ मिलकर त्योहार की खुशियां साझा की। ओबरा में थानाध्यक्ष नीतीश कुमार, फेसर में वर्षा कुमारी और जम्होर में सुशील कुमार ने क्षेत्र में गश्त कर लोगों से मुलाकात की और पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# पत्नी से झगड़े के बाद पति ने की आत्महत्या

## जहर खाने की जानकारी राकेश ने परिवार के व्हाट्सएप ग्रुप पर दी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

- भतीजी की शादी में आया था घर
- दिल्ली के निजी कंपनी में करता था नौकरी

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के अंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंहपुर गांव में शनिवार को एक 45 साल के व्यक्ति ने विषैला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गांव के राजेश सिंह के बेटे राकेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह दिल्ली में एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। एक सप्ताह पहले ही चचेरी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए घर पहुंचा था। एक जून को उसके चचेरे भाई धर्मेंद्र की बेटी की शादी हुई थी। शादी समारोह खत्म होने के बाद वह दिल्ली लौटने की तैयारी में था। लेकिन इसके पहले ही किसी बात को लेकर पत्नी के साथ उसकी कहा-सुनी हो गई। इसके बाद उसने आत्महत्या कर लिया। हालांकि परिजन इस संबंध में कुछ भी बताने से परहेज करते रहे।

**शव का नहीं कराया पोस्टमार्टम**

शनिवार की दोपहर लगभग तीन बजे उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अंबा के एक निजी क्लिनिक ले गए। वहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजन शव से लिपटकर रोने लगे। इसके बाद वे बिना पोस्टमार्टम कराए ही अंतिम संस्कार के लिए शव को घर ले गए। परिजनों ने बताया कि राकेश ने जहर खाने की जानकारी परिवार के व्हाट्सएप ग्रुप में दी थी। इसके बाद ही उसे अस्पताल ले जाया गया। राकेश और उसकी पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। छोटी-छोटी बातों पर दोनों में झगड़ा होता था। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। मृतक अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है। उसकी दो बेटियां व एक बेटा है। घटना के बाद उसकी पत्नी व बच्चों समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## युवक लापता, सनहा दर्ज



**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** जिले के रफीगंज प्रखंड के नीमा चतुर्भुज निवासी रंजय सिंह के 20 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार का घर पर किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और इसी बात को लेकर बीते 4 जून को वह घर से बिना बताये कहीं निकल गया। इस संबंध में पिता रंजय सिंह, चाचा ललन सिंह, अजय सिंह एवं प्रांशु सिंह ने कहा कि हम लोगों ने अपने सगे- संबंधी एवं आस पास काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं कुछ भी नहीं पता चला तो थाना में आवेदन देकर खोजबीन करने के लिए गुहार लगाई है। वहीं थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि सनहा दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

# जलजमाव से स्थिति नारकीय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सिहाड़ी बाजार के चौधरी टोला होते हुए चौराही जाने वाला सड़क पर जल-जमाव से नारकीय स्थिति बनी हुई है। हल्की बारिश होते ही सड़क पर पानी जमा हो जाती है जिससे इस रास्ते से गुजरने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। जबकि सड़क के दोनों किनारे नाली बना हुआ है लेकिन नाली सड़क से ऊपर बना हुआ है इसलिए पानी सड़क पर ही जमा रह जाता है। जल-जमाव होने के कारण बराबर संक्रमण की बीमारी फैलने की सम्भावना रहती है। इसकी सूचना संबंधित विभाग सहित जनप्रतिनिधियो को भी दी मगर किसी ने भी समस्या के निराकरण पर अभी तक कोई पहल नहीं की है। ग्रामीणों ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत गावो में स्वच्छताकर्मी की नियुक्ति की गई है, फिर भी लोग नारकीय स्थिति से उबर नही पा रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के मनरेगा व अन्य विकास योजनाओं में सिर्फ लूट मची हुई है, विकास कही भी दिखाई नही दे रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने आपसी तालमेल बना कर श्रमदान से नाली सफाई करने का फैसला लिया है। बैठक में डॉ देवलाल पासवान, रामजीत राम, ललन चौधरी, सुजीत चौधरी, सतेंद्र चौधरी, सुदामा चौधरी, अनुज चौधरी, सुधीर चौधरी, राजेंद्र चौधरी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** विकसित भारत के अमृतकाल के रूप में बीते 11 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा औरंगाबाद जिला कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। '11 साल बेमिसाल- सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण' की थीम पर आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने की। कार्यक्रम में प्रदेश स्तर के कई प्रमुख नेता शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह धीरेंद्र शर्मा, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, पूर्व विधान पार्षद राजन कुमार सिंह, जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह, विशाल कुमार उर्फ टैगोर, अमन कुशवाहा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम सिंह समेत अनेक नेता मौजूद रहे। कार्यशाला में वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों के दौरान हुए जनकल्याणकारी योजनाओं, प्रशासनिक पारदर्शिता और सेवा भाव पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया है। इस मौके पर सभी वक्ताओं ने संकल्प लिया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा के साथ निभाता रहेगा। कार्यक्रम में जिले के सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छात्र पर जानलेवा हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नबीनगर थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ गांव के समीप लाइब्रेरी से पढ़ाई कर घर वापस लौट रहे छात्र को रास्ते में रोक कर बदमाशों ने लाठी डंडे व लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी छात्र की पहचान थाना क्षेत्र के ही शंकरपुर गांव निवासी अरविंद सिंह चंद्रवंशी के 19 वर्षीय पुत्र रितिक कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी रितिक ने बताया कि वह ग्रेजुएशन के प्रथम वर्ष का छात्र है। प्रतिदिन की तरह वह शुक्रवार को भी नबीनगर स्थित लाइब्रेरी में पढ़ाई करने गया था, जहां से घर लौटने के क्रम में चंद्रगढ़ गांव के समीप बदमाशों में उसे घेर लिया और मारपीट करना शुरू कर दिया। बदमाशों ने लोहे की रॉड से उसकी पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चर्चा यह भी है कि घटना के बाद फायरिंग करते हुए बदमाश मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल नबीनगर पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी दी गई है। नबीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है। आवेदन मिलने पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम के साथ मनायी बकरीद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद-उल-अजहा, जिसे आमतौर पर बकरीद के नाम से जाना जाता है, बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शहर के मोहल्ला महाराजगंज, इमादपुर, राजा बागीचा, हाजीपुर गोला, सदर बाजार, रजा नगर, ईदगाह एवं ग्रामीण क्षेत्र के केराप, फिदा बिगहा, हाजीपुर, काजीचक, शेरा बिगहा, चरकावां, अहमदपुर, सुल्तानपुर सहित अन्य जगहों की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की गई। त्योहार को देखते हुए पुलिस और प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। इस मौके पर डॉ जनजमुल इस्लाम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ गुलाम शाहिद, पूर्व मुखिया नेशात अहमद, खाजा अतीक रजा, मौलाना मोहम्मद, मौलाना अफसर रजा, मौलाना मातिउर्रहमान, अब्दुल्लाह सिद्दीकी, वार्ड पार्षद नुरुल होदा खां, सुहैल आरजू, मुखिया सराज अंसारी, लक्खू खां, शम्भु खां, मुखिया जैनुल अंसारी, पूर्व मुखिया नकी इमाम सहित अन्य लोगों ने इस अवसर पर एक-दूसरे को बधाई दी।

## सीएसपी लूटकांड मामले में प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज के भदवा में एसबीआई सीएसपी लूट कांड मामले में सीएसपी संचालक रफीगंज थाना क्षेत्र के टिकरी निवासी महेंद्र सिंह के पुत्र रवि रंजन कुमार के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में उल्लेख किया गया है कि बीते 5 मई को दो व्यक्ति सीएसपी में घुस गया और पिस्टल के बल पर कैश काउंटर से लगभग 10 से 12 हजार रूपये निकालकर भाग निकले। इस मामले में रफीगंज थाना अध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

# पैसों को लेकर मारपीट में एक जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बारून (औरंगाबाद)।** बारुन थाना क्षेत्र के धनौती गांव में मकान निर्माण के लिए सेटरिंग का सामान मांगने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी की पहचान रामजी कुमार सिंह के रूप में हुई है। मारपीट के दौरान पड़ोसी द्वारा रामजी सिंह के पास रहे कुछ रुपये छिनतई का भी मामला प्रकाश में आया है। गंभीर रूप से घायल रामजी सिंह को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुन ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान रामजी सिंह ने पड़ोसी पर मारपीट के दौरान बीस हजार रूपये छिनतई का भी आरोप लगाया है, उसने बताया कि सेटरिंग मालिक को पैसा देने के लिए रखा था, फिलहाल घटना की सूचना बारुन थाना की पुलिस को दी गई है।




# नहरों में पानी नहीं, किसान बेहाल, धान की बुआई पर संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड के चंदा रजवाहा, मनोरा रजवाहा सहित विभिन्न माइनरों में समय से पानी नहीं पहुंचने के कारण किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। नहरों पर सिंचाई के लिए पूरी तरह आश्रित किसानों के सामने धान की नर्सरी तैयार करना चुनौती बन गई है। खेत सूखे पड़े हैं और नहरों में पानी की जगह धूल उड़ रही है। किसानों का कहना है कि एक ओर सरकार किसानों की आमदनी दोगुनी करने की बात करती है तो दूसरी ओर सिंचाई विभाग की लापरवाही और उदासीनता खेतों को सूखा बना रही है। चंदा, कझवा, मुख्तियारपुर सहित कई गांवों के किसान अशोक यादव, राजेश्वर पासवान, रामेश्वर सिंह, उदय सिंह, प्रवीण सिंह, बीरेंद्र सिंह और गजेंद्र सिंह ने बताया कि समय पर नहरों में पानी नहीं छोड़े जाने से धान की बुआई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। जिन्होंने किसी तरह बीज डाल भी दिया था, उनकी फसलें या तो सूख चुकी हैं या सूखने के कगार पर हैं। किसानों का आरोप है कि उन्होंने महंगे दाम पर बीज, खाद और दवा खरीदकर खेत में मेहनत की थी, लेकिन नहरों में पानी नहीं आने से सारी मेहनत पर पानी फिरता दिख रहा है। सिंचाई के विकल्प के रूप में अब केवल मानसून का ही सहारा बचा है, जिस पर भी अनिश्चितता बनी हुई है। लोक जनशक्ति पार्टी से जुड़े सुरेश पासवान ने बताया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों से मिलकर नहरों में पानी छोड़ने की मांग की गई थी। अधिकारियों ने 15 जून तक पानी पहुंचाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मृगशिरा नक्षत्र भी समाप्ति की ओर है और खेत सूखे पड़े हैं। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया, तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। साथ ही खेती पूरी तरह बारिश पर निर्भर हो जाएगी, जिससे उत्पादन पर गहरा असर पड़ सकता है। विभागीय लापरवाही के खिलाफ किसानों में गहरा आक्रोश है और वे शीघ्र समाधान की मांग कर रहे हैं।

## शांतिपूर्ण मनायी गयी बकरीद

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के गोह, उपहरा, देवकुंड तथा बंदेया थाना क्षेत्रों में बलिदान का प्रतीक बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस दौरान गोह, उपहारा, हथियारा, बनतारा, सलेमपुर, डड़वा, महदीपुर, मीरपुर, जैतियां, देवहरा, बाजार बर्मा, प्राणपुर सहित सभी ईदगाहों में नवाज अदा किया गया। पर्व को लेकर चारों थाना के थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में दल-बल के साथ मुस्तैद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक 13 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

- किसानों को सहजता से खाद और बीज उपलब्ध कराने पर की जाएगी व्यापक चर्चा

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय के ई किसान भवन में प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आगामी 13 जून को प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में सांसद, विधायक, सभी क्षेत्रीय जिला परिषद् सदस्य, सभी पंचायतों के मुखिया, सभी सरपंच, पंच सदस्य, सभी पंचायत समिति सदस्य, सभी वार्ड सदस्य, किसान सलाहकार, सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरेन्द्र राम ने दी है। उन्होंने बताया कि उर्वरक निगरानी समिति का बैठक कर किसानों को खाद और बीज उपलब्ध कराने पर चर्चा की जाएगी। खाद का वितरण पारदर्शिता से और इमानदारी से किसानों को उपलब्ध हो इसके लिए प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति सक्रिय रहेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रखंड उप प्रमुख, सहकारिता पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ और अन्य पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

# समर्पण व बलिदान का प्रतीक है बकरीद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** बकरीद के त्योहार को लेकर प्रखंड के सभी जगहों पर ईदगाह व मस्जिदों में धर्मावलंबियों ने नमाज पढ़ा। सभी जगहों पर पुलिस की गश्ती दल घुम-घुम कर निगरानी में लगे हुए थे। अमझरशरीफ के पुरानी जामा मस्जिद में आबिद कादरी व दारूल उलूम सैयदना मस्जिद मे नमाज अदा करा रहे मौलाना युनूस, मौलाना अख्तर, हाफिज पैगाम ने कहा कि बकरीद का त्योहार समर्पण और बलिदान का प्रतीक है। इस्लाम धर्म में बलिदान का बहुत अधिक महत्व है। बकरीद पर्व हमें सच्चाई की राह पर चलते हुए हर तरह की कुर्बानी देने की प्रेरणा देता है। नमाज में शामिल भोला कुरैशी, ताहिर कुरैशी, शाहबाज अंसारी, मो.तसउअर सहित तमाम लोगों ने अमन चैन व सुख समृद्धि की अल्लाह से दुआ मांगी।

